ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 20 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-244 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अपने मुश्किल फैसलों के बारे में खुलकर ... पेज 10 पर



**NEWS इन ब्रीफ**

### नक्सली प्रशांत बोस की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट में सोमवार को शीर्ष नक्सली नेता प्रशांत बोस की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रशांत बोस से जुड़े अन्य मामलों को एक साथ सूचीबद्ध कर 27 जून को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सतीश प्रसाद ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। वहीं प्रशांत बोस की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने अपना पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस ने वर्ष 2021 में भाकपा माओवादी के शीर्ष पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस उर्फ किशन दा, उसकी पत्नी शीला मरांडी और चार माओवादियों को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है।

### प्रेम प्रकाश की याचिका पर ईडी को काउंटर एफिडेविट दायर करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सोमवार को अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित प्रेम प्रकाश की क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर सुनवाई हुई। प्रेम प्रकाश ने रांची ईडी की स्पेशल कोर्ट द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग केस में खुद पर गठित आरोप के आदेश को चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी को जवाब (काउंटर एफिडेविट) दायर करने का निर्देश दिया है। प्रेम प्रकाश की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और स्नेह सिंह ने पक्ष रखा।

### जमीन घोटाला मामला: आरोप पत्र पर ईडी कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य जमीन घोटाले मामले में ईडी की ओर से रांची के पूर्व डीसी सहित 10 के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर ईडी कोर्ट ने सोमवार को संज्ञान लिया है। अब मामले में आरोपितों के खिलाफ ईडी कोर्ट में मुकदमा चलेगा। अगली सुनवाई एक जुलाई को होगी। उस दिन सभी आरोपितों के खिलाफ पुलिस पेपर सौंपा जायेगा। ईडी ने 12 जून को मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। अब तक की जांच में ईडी ने अमित अग्रवाल और दिलीप घोष से पहले रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है।

## मुख्यमंत्री ने किया पंचायत स्तर दवा दुकान योजना का शुभारंभ

# गांव-गांव में सरकार खोलेगी दवा दुकान

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परिसर में आयोजित योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, परिसंपत्ति व नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में राज्य सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट-पंचायत स्तर दवा दुकान योजना का शुभारंभ ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को लाइसेंस सौंप कर किया। कार्यक्रम के दौरान 11 युवाओं को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र भी दिया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गांव-गांव में भी दवा दुकान खोली जाएगी, जहां जरूरी और अनिवार्य दवाएं उपलब्ध होंगी। इससे रिमोट और दूरदराज रहने वाले ग्रामीणों को दवाओं के लिए प्रखंड और जिले की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को एक बेहतर और जिम्मेदार व्यवस्था देने का प्रयास जारी है, ताकि सरकार की नजरें और योजनाएं सुदूर ग्रामीण इलाकों तक पहुंच सके। इस सिलसिले में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आपकी समस्याओं का निष्पादन किया गया। इस तरह की योजना फिर से शुरू की जाएगी, ताकि जनता के साथ सरकार का जुड़ाव बना रहे। हमारी सरकार एयर कंडीशनर कमरे में बैठकर नहीं, बल्कि जाड़ा, गर्मी और बरसात, कोई भी मौसम हो, फील्ड में काम कर रही है, ताकि लोगों की परेशानियां और समस्याओं को हम समझ सकें। इतना ही नहीं, योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है। सभी वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी लें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि देश तभी मजबूत होगा जब राज्य मजबूत होगा और राज्य तभी मजबूत होगा जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मुख्य केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही हैं। ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने, बेहतर शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के मौके देने समेत कई सेक्टर में विशेष तौर पर काम कर रही है, ताकि, राज्य और राज्य वासियों को खुशहाल बना सकें। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री को चतरा अगमन पर जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद सीएम ने पुलिस लाइन परिसर स्थित शहीद स्मारक में माल्यार्पण कर अमर वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।




# भीषण गर्मी से बढ़ रही उल्टी व दस्त के मरीजों की संख्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी के कारण सदर अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने लगी है।अस्पताल में पेट दर्द, डायरिया और बुखार के मरीज ओपीडी में अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। गंभीर मरीजों को चिकित्सक वार्ड में भर्ती करने के साथ गर्मी से बचने व खानपान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं। सदर अस्पताल में उल्टी दस्त से पीड़ित दर्जनों मरीजों को डाक्टर वार्ड में भर्ती कर इलाज कर रहे हैं। 43 डिग्री तापमान रहने से लोग ज्यादा बीमार हो रहे हैं। धूप में काम करने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। उल्टी-दस्त शुरू होने से लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। अस्पताल के फिजीशियन डॉक्टर का कहना है कि गर्मी में डायरिया फैलने की संभावना अधिक रहती है। इससे बचाव के लिए सावधानी जरूरी है। प्रदूषित पानी पीने व बाजार में खुले में बिक रहे फलों के जूस व अन्य खाद्य सामग्री डायरिया की मुख्य वजह हैं।जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी डायरिया के मरीज भर्ती हो रहे हैं। अधिकांश मरीज तो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## 1 आईएफएस व 24 आईपीएस अफसरों की प्रोन्नति पर मुहर

**रांची।** राज्य में प्रोन्नति से भरे जाने वाले आईपीएस अधिकारियों के पूरे पद भर जाएंगे। सोमवार को यूपीएसएसी के धौलपुर दिल्ली स्थित कार्यालय में प्रोन्नति को लेकर सलेक्शन कमेटी की बैठक में डीएसपी से एसपी रैंक में 24 अधिकारियों को प्रोन्नति देने पर सहमति बनी। वहीं, वन सेवा के एक पदाधिकारी को भारतीय वन सेवा में प्रोन्नति देने पर मुहर लगी। यूपीएससी की सेलेक्शन कमेटी की मिनट्स जारी होने के बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। बैठक में राज्य सरकार की तरफ से मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, कार्मिक विभाग की सचिव वंदना दादेल उपस्थित थीं। झारखंड पुलिस में 2017, 2018, 2019 व 2020 बैच की 24 रिक्तियों को लेकर वरीयता के आधार पर चर्चा हुई। खेल कोटा से बहाल हुए सरोजनी लकड़ा और अमेल्डा एक्का को भी आईपीएस में प्रोन्नति दी गई है। वहीं, द्वितीय बैच के डीएसपी रहे सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर को भी आईपीएस का 2017 बैच आवंटित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मछली मारने गये युवक की डैम में डूबने से मौत

**बालूमाथ।** थानाक्षेत्र के भगिया पंचायत स्थित पंडरिया डैम में रविवार को घर से मछली मारने गये एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान मरंगलोइया निवासी रोबिन उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक युवक अपने दोस्तों के साथ डैम में मछली मारने गया था। इसी दौरान वह डैम में डूब गया। स्थानीय ग्रामीणों ने देर शाम से शव निकलने का प्रयास कर रहे थे, परंतु शव को सोमवार तकरीबन 8 बजे सुबह निकाला गया। स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है और मामले की जांच मे जुट गई है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बनवाया और हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## सीएम ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की, कहा

# कूप योजना में धरातल में दिखे कुआं

### राज्य भर में एक लाख कुआं निर्माण का लक्ष्य

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बिरसा सिंचाई कूप योजना में धरातल में कुआं दिखे, कागजी खेल नहीं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा इसमें लापरवाही ठीक नहीं। मालूम हो कि राज्य सरकार एवं मनरेगा के अभिसरण से बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कुल एक लाख कूपों का निर्माण विभिन्न चरणों में किया जाना है लेकिन मुख्यमंत्री इसके कार्य प्रगति को लेकर खुश नजर नहीं आए और जल्द से जल्द योजना का लाभ ग्रामीणों को देने का आदेश दिया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना का शुभारंभ किया गया है, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दो चरण में कुआं निर्माण का लक्ष्य

योजना के तहत प्रथम चरण में 30 एवं द्वितीय चरण में 70 हजार कूप का निर्माण किया जाना है। सरकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार एवं 15 नवंबर 2024 तक शेष 50 हजार कूप का निर्माण कार्य पूर्ण करेगी। योजना में बिरसा हरित ग्राम, कृषि कार्य से संबंधित लाभुक, बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना के लाभार्थी को प्राथमिकता देने की योजना है। साथ ही, निर्मित कुओं की स्थिरता एवं उपयोगिता बनाए रखने के लिए कुआं के आसपास जल संचयन और जल एवं मृदा संरक्षण के कार्य बड़े पैमाने पर करने का निर्देश है।

# घाघरा में वज्रपात से तीन की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

घाघरा में वज्रपात की चपेट में आकर तीन व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रखंड क्षेत्र के कुहीपाठ जामटोली निवासी में सविता कुमारी (16) पिता दुखवा साहू, दीपक साहू (10) पिता सूरज साहू एवं चेगरी निवासी सोमा उरांव (46) के रूप में की गई है। वहीं कुहीपाठ जामटोली निवासी सिमा कुमारी (13) पिता सन्जु साहू गंभीर रूप से घायल हो गयी है। जानकारी के अनुसार कुहीपाठ जामटोली निवासी में सविता कुमारी सीमा कुमारी व फिपक साहू गांव के समीप में पाती अम्बा बगीचा में आम चुनने गए थे। इसी बीच वज्रपात में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि सीमा कुमारी गंभीर रूप से वज्रपात में झुलस गई है। घायल सीमा को परिजनों के द्वारा उपचार के लिए गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया है, जबकि चेगरी निवासी सोमा उरांव की मौत खेत में बैल चराने के क्रम में वज्रपात की चपेट में आने से हो गयी। इस संबंध में मृतक की पुत्री सुचिता कुमारी ने बताया कि पिता सोमा उरांव खेत में बैल चराने गए थे। इसी बीच वज्रपात की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। शव को परिजनों द्वारा घाघरा थाना पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है। वहीं वज्रपात ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**आस्था** रथ यात्रा को लेकर एक हजार से अधिक जवान रहेंगे तैनात

# जगन्नाथपुर रथ यात्रा आज, तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर में मंगलवार को रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा को लेकर पर्याप्त व्यवस्था की गई है। रथ यात्रा के दौरान मंदिर परिसर में मेले में एक हजार से अधिक महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा 12 से अधिक दंडाधिकारी को भी तैनात किया गया। सुरक्षा के लिहाज से 14 जगहों पर बैरिकेडिंग की गई है। जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही मेले परिसर की निगरानी रखने के लिए वॉच टावर भी बनाए गए है। अस्थाई कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि रथ यात्रा और मेला को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। उल्लेखनीय है कि पंद्रह दिनों तक अज्ञातवास में रहने के बाद सोमवार शाम को भगवान जगन्नाथ दर्शन देंगे। चार जून को भगवान अज्ञातवास में चले गए थे। सोमवार को उनका नेत्रदान होगा। शाम के 4:30 बजे भगवान बाहर निकलेंगे और भक्तों को दर्शन देंगे। 20 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। भक्त उन्हें मौसीबाड़ी लेकर जाएंगे। मौसीबाड़ी में रहने के दस दिनों बाद 29 जून को वे अपने धाम वापस लौट जाएंगे। जिसे घुरती रथ कहा जाता है। आज भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा भक्तों को दर्शन देंगे।




उपराष्ट्रपति
जगदीप धनखड़

वसुधैव कुटुम्बकम
के लिए योग
वैश्विक कल्याण के लिए भारत की देन
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023


उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नेतृत्व में योग प्रदर्शन
गैरिसन ग्राउंड, जबलपुर, 21 जून 2023 को सुबह 6 बजे से

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सामूहिक योग प्रदर्शन
संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयार्क में 21 जून 2023 को प्रातः 8 बजे (स्थानीय समय) | शाम 5.30 बजे (भारतीय समय)

- **आर्कटिक से अंटार्कटिका तक योग**- भारतीय आर्कटिक स्टेशन **हिमाद्री** तथा अंटार्कटिका में **भारती** के साथ-साथ **प्रमुख मेरीडियन रेखा** और आसपास के देशों में योग प्रदर्शन
- **ओशन रिंग** - भारतीय नौसेना बेस, तट रक्षक स्टेशनों के साथ-साथ मित्र देशों के बंदरगाहों/समुद्री जहाजों पर योग
- **हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, आयुष ग्रामों, अमृत सरोवरों, पंचायतों** और **सामान्य सेवा केंद्रों** पर योग
- भारतीय उपमहाद्वीप के तटीय क्षेत्रों में **योग भारतमाला और योग सागरमाला**
- **संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों** में योग

योग के माध्यम से स्वास्थ्य और कल्याण के वैश्विक आंदोलन का हिस्सा बनें

"योग मन एवं शरीर, विचार एवं कर्म, संयम एवं उपलब्धि की एकात्मता का और मानव एवं प्रकृति के बीच के सामंजस्य का प्रतीक है। यह स्वास्थ्य एवं कल्याण का समग्र दृष्टिकोण है।"
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



cbc 17201/13/0002/2324

दोनों कार्यक्रमों को डीडी न्यूज पर लाइव देखें

G20
LiFE Lifestyle for Environment

इन ऐप्स से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और सामान्य योग प्रोटोकॉल (CYP) के बारे में अधिक जानकारी के लिए https://yoga.ayush.gov.in लिंक पर जाएं

NEWS इन ब्रीफ

## बिजली आपूर्ति को लेकर धरना-प्रदर्शन

**हरिहरगंज।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने युवा समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में सोमवार को सामूहिक रूप से शांति पूर्वक प्रखंड परिसर स्थित विद्युत कार्यालय के सामने बिजली विभाग के प्रति आक्रोश प्रकट करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गई। सभी आक्रोशित लोगों के हाथ में तख्ती पर लिखे नारे थे। बिजली नहीं तो बिल नहीं, बिजली विभाग होश में आओ, बिजली विभाग हाय-हाय, मुर्दाबाद। वहीं समाजसेवी राजीव रंजन ने बिजली विभाग को चेतावनी देते हुए कहा 15 दिनों के अंदर बिजली आपूर्ति का संचालन सुचारु रुप से नहीं हुआ तो व्यापक रूप से आगे भी आंदोलन होगा। कार्यक्रम के दौरान धरना स्थल पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मी अनिल कुमार सिंह को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में 22 घंटे बिजली आपूर्ति करने, जर्जर तार व पोल को बदलने, जेई को हरिहरगंज में रहकर ड्यूटी करने, एनएच 98 पर लगे पोल व तार को सड़क से किनारे लगाने आदि मांगे हैं।

# अल्पबचत अभिकर्ता संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में दो सदस्य मनोनीत

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय अल्पबचत अभिकर्ता संघ भारत के दो दिवसीय अधिवेशन में हुए चुनाव में झारखंड के गढ़वा निवासी विनोद कुमार एवं धनबाद जिला के विजय कुमार सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। उक्त बातें झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने कही। उन्होंने बताया की विगत 16 व 17 जून को भोपाल के मानस भवन में अयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड से 39 अभिकर्ताओं ने भाग लिया जिसमें सर्वाधिक पलामू से 13,गढ़वा 14,धनबाद 5,देवघर 4 एवं हजारीबाग से 6 अभिकर्ताओं ने भाग लिया, जिसका प्रतिनिधित्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव सत्यनारायण कुमार दुबे ने किया। उन्होंने बताया कि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वीश भटाचार्य एवं राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार मिश्रा ने अधिवेशन में घोषणा किया कि पूरे देश में झारखंड प्रदेश की कार्यकारिणी अनुशाषित होकर कार्य करती है। यह हम सभी झारखंड के अभिकर्ताओं के लिये गौरव की बात है। इस अधिवेशन में संघ को मजबूत बनाने एवं अभिकर्ताओं के हित मे मजबूती के साथ अपनी बात की केंद्रीय वित्त मंत्रालय व पीएमओ तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

## विधायक प्रतिनिधि ने मृतक रविंद्र दुबे के परिजनों से की मुलाकात

**पाटन।** दिन रविवार को पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने ग्राम पकरी के मृतक रविंद्र दुबे के परिजनों से मुलाकात किया। इनकी मृत्यु आपसी विवाद में चोट लगने के कारण हो गई थी। इनकी मृत्यु पर उमेश सिंह ने दुख व्यक्त किया तथा उनके परिजनों को सांत्वना प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हर संभव आपके साथ सदैव तत्पर खड़ा है।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दल सहयोग करें: एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के सभागार में निर्वाचक पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने सोमवार को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण 2024 से संबंधित जानकारी दी और इस कार्य में सहयोग करने की अपील की। एसडीओ ने बताया की राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 20 जुलाई तक सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी व बीएएलओ का प्रशिक्षण आयोजित की जायेगी। वहीं 21 जुलाई से 21अगस्त तक घर घर जाकर मतदाताओं का विरीफिकेशन किया जाएगा। 17अक्टूबर को मतदाता सूची प्रकाशन किया जाएगा। 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक दावा प्राप्त किया जायेगा। पांच जनवरी 2024 को मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन किया जाएगा। एएसडीओ ने सभी राजनीतिक दल के लोगों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता वशिष्ट कुमार सिंह, रामेश्वर राम, सुनील गुप्ता, राजद के सुदेश्वर राम, कांग्रेस के अवधेश सिंह, एनसीपी के राजकुमार ठाकुर के अलावा कई राजनीतिक दलों के लोग मौजूद थे।

### तीन दिवसीय होगा पूजन कार्यक्रम

# नवनिर्मित शिव-पार्वती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली जल यात्रा

### वैदिक पूजन व मंत्रोच्चारण के साथ कलश जल यात्रा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के वार्ड 17 स्थित अजित नगर में भव्य नवनिर्मित शिव-पार्वती मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके पहले दिन सोमवार को मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा व पूजन को ले कर बजे-गाजे के साथ भव्य जल यात्रा निकाली गई। जो नवनिर्मित शिव-पार्वती मंदिर से शुरू होकर विश्रामपुर भेलवा नदी स्थित शिव घाट पहुंची। जहां वैदिक पूजन व मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर वापस पहुंची। साथ हीं पूजन कार्यक्रम के साथ मंदिर परिसर में कलश की स्थापना की गई। आयोजन समिति के शिव चर्चा परिवार के सदस्यों ने बताया कि शिव पार्वती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम के दुसरे दिन आज मंगलवार 20 जून को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्य क्रम को लेकर प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया जाएगा। साथ हीं अगले दिन बुधवार 21 जून को आयोजन समिति की ओर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। विदित हो कि मंदिर का निर्माण कार्य सहित प्राण प्रतिष्ठा व धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम विश्रामपुर शिव चर्चा परिवार की ओर से किया गया है। जल यात्रा में नप के अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सत्यम सोनी, शिव चर्चा परिवार के कुशवंती देवी, शशि देवी, मनोरमा देवी, श्याम सुंदर साव, लक्ष्मण साव, राज कुमार मेहता, नितेश गुप्ता, विकास कुमार, रौशन सोनी सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।

## नीट में सफल दीपू को विद्यालय निदेशक ने किया सम्मानित

**हरिहरगंज।** नीट की परीक्षा में सफल छात्र दीपू कुमार को हरिहरगंज/महाराजगंज स्थित ल्यूमिनस मेंटर्स अकेडमी में सोमवार को विद्यालय के निदेशक डॉ. सत्येंद्र कुमार शर्मा ने दीपू व उनके दादा बुधन मेहता तथा माता सहायक शिक्षिका प्रभा कुमारी को शॉल व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। ल्यूमिनस मेंटर्स अकेडमी के पूर्ववर्ती छात्र रहे दीपू प्रखंड के कटकोमा गांव के रहने वाले हैं। उसने नीट की परीक्षा में 720 में 630 अंक प्राप्त की है। इनकी ऑल इंडिया रैंकिंग( जेनरल ) में 14022 तथा ओबीसी में 5688 स्थान प्राप्त किया है। मौके पर निदेशक ने कहा कि दीपू काफी मेधावी छात्र है। पढ़ाई के प्रति लग्न एवं समर्पण देखकर विद्यालय परिवार को विश्वास था कि दीपू विद्यालय का नाम रोशन करेगा। वही दीपू कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय लुमिनस मेंटर्स एकेडमी के शिक्षकों एवं अपने माता तथा परिवारजनों को दिया है।

# पलामू पुलिस ने हत्या के दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने हत्या के दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि दिनांक-12.06.2023 को समय 13.30 बजे वादी दीपक कुमार उम्र 26 वर्ष पिता संजय कुमार चंद्रवंशी, ग्राम+थाना-लेस्लीगंज जिला पलामू के छोटे भाई छोटू कुमार उर्फ नन्कू को गोली मार कर हत्या कर देने के आरोप में वादी के फर्दबयान के आधार पर लेस्लीगंज थाना कांड सं0-54/2023, दिनांक-12.06.2023, धारा-302/120-इ/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी महोदय, लेस्लीगंज (पांकी) के नेतृत्व में छापामारी हेतू एक टीम गठित हुई। उसने गहन अनुसंधान एवं कुशल छापामारी कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का उदभेदन कर कांड के प्राथमिकी अभियुक्त रोहित सिंह पे० विष्णु सिंह सा० -कोर्ट,थाना लेस्लीगंज जिला पलामू को गिरफ्तार कर दिनांक- 13:06.2023 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शेष कांड में संलिप्त अपराधी को तकनिकी शाखा एवं गुप्तचर के मदद से दिनांक 18.06.2023 को उक्त कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त- (1) सन्नी कुमार सोनी उर्फ गोलू सोनी उम्र करीब 23 वर्ष पे0 राजकरण प्रसाद सोनी एवं (2) सुजित कुमार उर्फ बितन उम्र करीब 24 वर्ष पे० स्व० विजली राम दोनो सा० +थाना लेस्लीगंज, जिला पलामू को विधिवत गिरफ्तार किया गया। जिनके निशानदेही पर कांड में प्रयोग किये गये पल्सर बाईक को जप्त किया गया।

## नौडीहा पंचायत मुखिया के पिता का आकस्मिक निधन

**मनातू।** सोमवार को मनातू नौडीहा पंचायत मुखिया बंधु भुइयां के पिता बुटन भुइयां ग्राम खेखसावातरी बुजुर्ग का निधन करीब 9:30 बजे हो गया। नौडीहा पंचायत के मुखिया बंधु भुइयां ने अपने पंचायत वासियों एवं ग्रामीणों को बताया कि मेरे पिता के निधन होने से पूरे परिवार में दुख की लहर उमड़ पड़ी है। मेरा घर में सभी परिवार गरीबी से संघर्ष कर आज हम यहां तक आए हैं मेरे पिता के नहीं रहने से मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि मेरे पिताजी को भगवान अपने चरणों में स्थान दे ताकि हम सभी परिवार उनके सपनों को साकार कर सकें।

# बीजेपी का लाभार्थी सम्मेलन आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** केंद्र में बीजेपी के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में बीजेपी कार्यालय कुड़वा मोड में भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए गए प्रमुख जन कल्याण योजनाओं को लेकर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिस का संचालन जिला महामंत्री श्याम सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय प्रवक्ता वर्तमान में ( उत्तर प्रदेश ) इलाहाबाद पश्चिमी के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्र, उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक पुष्पा देवी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की। पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। लाभार्थी सम्मेलन में पाटन छतरपुर विधानसभा के सभी मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित हुए थे। सरकार के नव वर्ष की जन कल्याण योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। विधायक पुष्पा देवी ने वर्तमान राज्य सरकार के कामकाज के तरीकों की आलोचना की। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाएं आम जनता के लिए चलाई जा रही है। पाटन छतरपुर विधानसभा मे बीजेपी एक मजबूत पार्टी उभर कर आई है । इस कार्यक्रम के उपलक्ष में पूर्व मंत्री सह विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कार्यकताओं को संबोधन में कहा कि 9 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर केंद्र सरकार ने पलामू में 160000 आवास दिए। केंद्र सरकार पूरे देश में घर-घर पानी की व्यवस्था करा रही है।

### जीडीएक्स कंपनी पर प्राथमिकी दर्ज

# छवि को धूमिल करने का है प्रयास : संचालक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जीडीएक्स कंपनी पर प्राथमिकी दर्ज कर धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही झूठे मुकदमे किया गया है। इस संबंध में जीडीएक्स के संचालक अमित सिंह ने बताया कि हैदरनगर थाना क्षेत्र के पचम्बा गांव निवासी रामपरिखा सिंह का पुत्र रामानुज सिंह मार्च 2023 को हमारे जपला स्थित कार्यालय में सेल्समैन की नौकरी के लिया आए थे। कंपनी के नियमनुसार उनसे सेल्समैन की नौकरी के संबंधित कुछ जानकारी ली गई। और सिक्यूरिटी के तौर पर 50 हजार रुपए का बैंक डीडी कम्पनी के नाम से लिया गया। उन्हें अप्रैल 2023 से बुधवा केशवाही स्थित देशी शराब दुकान पर सहायक विक्रेत्रा के रूप में रख लिया गया। कंपनी द्वारा उनके पीएनबी बैंक खाता में 26/5/2023 को अप्रैल माह का वेतन भेज दिया गया। लेकिन अप्रैल माह के बाद दुकान से बिना सुचना के लगातार अनुपस्थित रहने लगे, जिसके चलते दुकान संचालन करने में परेशानी होने लगी । इसलिए उनका सेवा समाप्त कर हिसाब किया गया। उनके उपर किसी भी तरह कोई बकाया प्रतिवेदित नहीं हुआ, उन्हें कंपनी द्वारा नोटिस भेज कर अपना जमा सिक्योरिटी राशि कार्यालय में आकर प्राप्त कर लें, नोटिस के बाद उनके द्वार झूठा केस दर्ज करा कर कंपनी की छवि को धूमिल किया गया है।

## भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

**हुसैनाबाद।** केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा महा- जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सोमवार को शहर के होटल रिद्धि सिद्धि जपला में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं संचालन महामंत्री श्रवण अग्रवाल ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सिद्धार्थ नाथ सिंह उपास्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर महा जनसंपर्क अभियान के प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा, जिला प्रभारी विनय जयसवाल, सांसद पलामू विष्णु दयाल राम, महा जनसंपर्क आभियान के जिला संयोजक विभाकर नारायण पांडेय, कार्यक्रम के प्रभारी विनोद सिंह समेत भाजपा के अन्य गणमान्य नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की।कार्यक्रम के दौरान करीब साढ़े छः सौ से ज्यादा लाभार्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा की केंद्र के मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर पूरे देश में महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही मोदी सरकार में सभी लोग लाभान्वित हुए है।

## अनियंत्रित होकर पलटी ट्रक

**विश्रामपुर।** इटको मुख्य पथ स्थित छिपादोहर गांव के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसमें ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने ड्राइवर को बाहर निकालते हुए तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां प्राथमिक इलाज के बाद मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेड़िकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नही हुआ है। घटना रविवार की देर रात 11:00 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार इटको की ओर से ट्रक काफी तेज रफ्तार में विश्रामपुर की ओर आ रही थी। छिपादोहर गांव के पास तिखा मोड़ होने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसमें ड्राइवर घायल हो गया। ड्राइवर कांडी थाना क्षेत्र के सुदर्शन सिंह का पुत्र उज्जवल कुमार सिंह बताया जा रहा है। इलाज कर रहे चिकित्सक धीरज कुमार व ड्रेसर गौतम कुमार ने बताया कि वह खतरे से बाहर है। वहीं घटना की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई है।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Retender Very Short Tender Notice (4th Call)**

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/AMR UT2/06/2023-24 | Detailed Project Report for Rejuvenation of Water Bodies in Palamau Division in Ward no. 18 (Jharna Talab) | 11804299 | 236100 | 10000 | 12 माह |

| S.l. | Part – B | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender On Website | 19/06/2023 AT 01:00 PM |
| 2 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 3 | Date Start Of Submission Of Bids | 19/06/2023 AT 01:00 PM |
| 4 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 03/07/2023AT 02:00 PM |
| 5 | Date Of Bid Opening | 04/07/2023 AT 02:00 PM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 04/07/2023 12.00 PM to 01:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9431105183 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9304883244 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त, –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 300423 (District) 23-24 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।**
**SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521**
**Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com**

**मत्स्य कृषकों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा गुमला जिले के सभी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कृशि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड सरकार के राज्यादेश सं0– 11/रा0(वि0), दिनांक 16.06.2023 द्वारा प्राप्त राज्य योजनान्तर्गत मत्स्य विपणन योजना के द्वारा गुमला जिला को शीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना अन्तर्गत 01 एवं शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेश घटक योजना अन्तर्गत 01 कुल 02 मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन के लिए लक्ष्य प्राप्त है । इस योजना के लाभ हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है ।

नियम एवं शर्तें :–

1. लाभुकों का चयन जिला स्तर पर इस प्रयोजनार्थ गठित समिति के द्वारा किया जाएगा।
2. लाभुक द्वारा कम से कम मो0 06.00 (छः लाख) रू0 का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया गया हो ।
3. आवेदक/आवेदक समिति मछली विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो ।
4. आवेदक/आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो ।
5. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र हो ।
6. वैस लाभुक जिन्हें चारपहिया भार वाहक वैन अनुदान पर दिया जायेगा, उन्हें अन्य उपकरणों के कय पर कोई अनुदान देय नहीं होगा ।
7. योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुकों का escrow account संबंधित जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि escrow account में ही हस्तातंरित की जाएगी । अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान escrow account में 01(एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा । लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को वाहन/उपकरण के कय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी । लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त ही लाभुकों को वाहन/उपकरण के कय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी । आवेदक/आवेदक समिति के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित escrow account में जमा कराना सुनिश्चित् किया जाएगा । वाहन/उपकरण इत्यादि के आपूर्ति के उपरान्त लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एकमुश्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
8. अनुदान की राशि नियमानुसार चयनित लाभुकों के बैंक खाते में DBT के माध्यम् से हस्तांतरित किया जाएगा ।

आवेदन प्रपत्र प्राप्ति (निःशुल्क) का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला ।
आवेदन प्रपत्र जमा करने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला (कार्यालय अवधि में)
आवेदन प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि – 30.06.2023

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गुमला

PR 300417 Fish(23-24)D



**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।**
**SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521**
**Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com**

**आम सूचना**
**मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर**

एतद् द्वारा गुमला जिले के सभी केज मत्स्य पालकों/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों/बॉयोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बॉयोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु राज्यादेश सं0– 07 दिनांक 07.06.2023 के द्वारा लक्ष्य प्राप्त है । इच्छुक मत्स्य पालक इस योजना का लाभ लेने हेतु कार्यालय में 15.07.2023 तक आवेदन जमा करें । आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला में कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है । नियम एवं शर्ते निम्न है :–

1. विस्तृत शीर्ष–03–प्रशासनिक व्यय–23–आपूर्ति एवं सामग्री मद में स्वीकृत राशि से मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत् अथवा मो 22.00 (बाईस रू0) मात्र प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम् अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत् प्रोटीन गुणवत्तायुक्त 2mm से बड़े 4mm तक का फिश फीड उपलब्ध कराया जाएगा । विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रूप में ही दिया जाएगा ।
2. कंडिका 01 के अतिरिक्त विगत् वित्तीय वर्ष 2022–23 की भाँति ही मत्स्य पालकों को 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोंटिंग फीड (खुले बाजार से) के कय पर 50 प्रतिशत् अथवा अधिकतम् मो0 18.00 (अठारह) रू0 मात्र प्रति किलोग्राम फीड की दर से ही अनुदान देय होगा । एक लाभुक को अधिकतम् कुल 700 किलोग्राम 2mm अथवा इससे इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के कय पर मो0 18.00 (अठारह) रू0 मात्र प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अधिकतम् मो0 12,600.00 (बारह हजार छः सौ) रू0 अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी ।
3. कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त केज मत्स्य पालकों को दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए 2mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के कय पर 50 प्रतिशत् अथवा अधिकतम् मो 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम फीड की दर से अनुदान देया होगा। एक लाभुक को अधिकतम् कुल 1200 किलोग्राम 2mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के कय पर मो0 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अधिकतम् मो0 21,600.00 (एक्कीस हजार छः सौ) रू0 अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी । इसके अतिरिक्त रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, बॉयोफ्लॉक टैंक तथा बॉयोफ्लॉक तालाब के लिए भी अनुदान पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा जो निम्न है :–

(क) रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS) :– रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 90 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिकतम् 08 टैंक) के लिए अधिकतम् 650 किलोग्राम प्रति टैंक की दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोंटिंग फीड के कय पर मो 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी ।

(ख) बॉयोफ्लॉक टैंक (Biofloc Tank) :– इसी प्रकार बॉयोफ्लॉक टैंक में दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 10 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिकतम् 50 टैंक) के लिए अधिकतम् 100 किलोग्राम प्रति टैंक की दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोंटिंग फीड के कय पर मो 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी ।

(ग) बॉयोफ्लॉक तालाब (Biofloc Pond):– बॉयोफ्लॉक तालाब (0.1ha) में दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को अधिकतम् 2000 किलोग्राम प्रति तालाब (0.1ha) की दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोंटिंग फीड के कय पर मो 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी ।

4. केज मत्स्य पालकों/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों/बॉयोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बॉयोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु इनके चयन में यह ध्यान रखा जाएगा कि लाभुक सकिय केज मत्स्य पालक/सकिय रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम संचालक/सकिय बॉयोफ्लॉक टैंक संचालक/सकिय बॉयोफ्लॉक तालाब संचालक हो तथा उसके द्वारा केज में /रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में/बॉयोफ्लॉक टैंक में/बॉयोफ्लॉक तालाबों में वर्त्तमान में मछली पालन किया जा रहा हो । उसके पास कम से कम पिछले एक crop का रिकॉर्ड हो । मात्स्यिकी गतिविधियों (मत्स्य बीज संचयन की विवरणी, संचित मत्स्य बीज की संख्या तथा उपलब्ध मछली, मछलियों के ग्रोथ, उत्तरजीविता तथा बिकी की गई मछलियों का data) से नियमित रूप से जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला का अवगत कराने के लिए सहमत हो ।
5. लाभुक द्वारा 2mm अथवा इससे छोटे साईज/2mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) का वास्तविक रूप में कय किया गया है एवं इसकी GST Billing हुई है । GST Billing के बिना लाभुक के खाते में राशि डी0बी0टी0 नहीं की जाएगी । लाभुक को देय अनुदान की राशि उसके द्वारा व्यय की गई राशि से 50 प्रतिशत् अथवा मो0 18.00 (अठारह) रू0 मात्र प्रति किलोग्राम अधिकतम् अनुदान से ज्यादा नहीं हो ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गुमला ।

PR.NO.300418 Fish(23024):D

**NEWS इन ब्रीफ**

## जल संकट पर उच्च स्तरीय प्रयास करने की जरुरत :पूर्व पार्षद

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 31 की प्रथम पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी ने अपनी निगरानी में जल वितरण कराते हुए कहा कि अपने जीवन काल में मैंने इस प्रकार से कभी भी जल संकट के लिए इतनी बड़ा हाहाकार नहीं देखा। हम सभी जल संकट की समस्या से उबरने के लिए घर घर पनसोखा बनाकर जल को व्यर्थ बर्बाद होने से बचाएं तथा पेड़ पौधे ज्यादा से ज्यादा लगाएं जिस से आने वाले हम सभी के पीढ़ी को इस समस्या से झेलना ना पड़े। उच्च स्तरीय अधिकारी एवं उच्च स्तरीय जनप्रतिनिधि से मैं मांग करती हूं कि कोयल नदी को बांधकर पलामू जिले एवं मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र की जनता को जल संकट के हाहाकार से मुक्ति दिलाने का कृपा करें तथा मैं मांग करती हूं नगर निगम के नगर आयुक्त रवि आनंद सर से की शाहपुर की जनता इस वर्ष लगभग सभी चापाकल का लेयर चले जाने से जनता पानी के लिए दर-दर भटक रही है तथा हमें मात्र चार टैंकर पानी नगर निगम से उपलब्ध कराई जा रही है, जो पर्याप्त नहीं है मैं मांग करती हूं कम से कम 10 टैंकर पानी प्रतिदिन उपलब्ध करवाने का कृपा करें। मौके पर धीरज जायसवाल पंकज जायसवाल लाला पासवान हादी अंसारी रसीद खलीफा मेजर पासवान वर्षा चंद्रवंशी सईदा बेगम नंदू जयसवाल राजू लादेन जमीर अंसारी कमो खान राकेश रवि उपेंद्र मोची लवलेश प्रजापति दल्लू गुप्ता इको अंसारी विकास जायसवाल एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# राहुल ने जूडो प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मधुपुर में झारखंड जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में राहुल कुमार गुप्ता ने पलामू का प्रतिनिधि करते हुए अंडर 18 में वर्ग 55 केजी से खेलते हुए पलामू को गोल्ड मेडल दिलवाया। राहुल द कराटे एकेडमी का छात्र है और वो प्रति दिन एकेडमी में जूडो का अभ्यास करता है ताकि वो प्रतियोगिता में बेहतर परिणाम ला सकें। इस जीत से राहुल के माता पिता और बड़ा भाई बेहद प्रसन्न है। मौके पर पलामू जिला जूडो संघ के सचिव सुमित बर्मन ने कहा की 17 जून को मेदिनीनगर शहर से जूडो के तीन खिलाड़ी अश्विन कुमार, राहुल कुमार गुप्ता और काजल कुमारी अपने अभिभावक ममता देवी के साथ मधुपुर के लिए रवाना हुए थे काजल और अश्विन ने अपना बेहतर प्रयास किया।

# गांधी मैदान स्थित पार्क में प्रातः प्रवेश निःशुल्क करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू के जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के निदेर्शानुसार, आज झामुमो युवा मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने युवा मोर्चा पलामू के अध्यक्ष श्री सन्नी शुक्ला के नेतृत्व में उप विकास आयुक्त को मांग पत्र सौंप गांधी मैदान स्थित पार्क में मॉर्निंग में प्रवेश निशुल्क करने की मांग की। गांधी मैदान में आम जन सुबह सुबह योग, मॉर्निंग वॉक और व्यायाम के लिए जाना पसंद करते हैं, परंतु शुल्क लगने के वजह लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सन्नी शुक्ला ने बताया नगर निगम के गांधी मैदान में स्थित पार्क, जहां स्थानीय नागरिक खास कर



वृद्धजन सुकून से टहलने जाते हैं। लेकिन रोजाना प्रवेश शुल्क के भुगतान की वजह से बहुत से नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्वस्थ नागरिक जीवन को प्रोत्साहित करने हेतु देश के बहुत से पार्कों में सुबह एक तय समय सीमा तक पार्क में मॉर्निंग वॉक, योग और ध्यान लगाने वालों के लिए प्रवेश निशुल्क होता है। कोरोना काल के बाद चिकित्सकों ने भी लोगों से सुबह के समय वॉक, योग और व्यायाम करने की सलाह दी है। ऐसे में पैसे के वजह से लोग स्वास्थ्य लाभ से वंचित रहें, ये एक सोचनीय विषय है।ः उप विकास आयुक्त ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही इस विषय पर विचार किया जाएगा और छूट दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, मुकेश चौधरी शामिल थे।

### क्विज, रंगोली, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ

# योग दिवस पर जीएलए कॉलेज,में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



### योग दिवस की पहचान भारत की पुरातन परंपरा से है : आई.जे खलखो

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, डालटनगंज के द्वारा योग दिवस से पूर्व जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर में योग दिवस का महत्व समझाने के लिए एक प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में क्विज, रंगोली, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिताओं से पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आई.जे खलखो ने कहा कि योग दिवस की पहचान भारत की पुरातन परंपरा से है। हम सभी को जीवन की दिनचर्या में योग जरूर शामिल करना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील करते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने प्रतिभागियों को इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग के कारण दुनिया भारत से प्रभावित हो रही है। इस वर्ष की थीम योगा फॉर वसुधैव कुटुंबकम एवं घरेलू थीम हर आंगन योग है। महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन में शिक्षक संतोष मिश्रा एवं संजय बाड़ा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि अन्य शिक्षकों ने मूल्यांकन में योगदान दिया। क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने कार्यक्रम के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**21 जून को प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार**

जीएलए कॉलेज में आयोजित विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 21 जून को प्रातः 6:00 बजे 134 वी वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंपस में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिये जायेगे।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो की दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

आज होगा चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंपस में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगाई जा रही है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा सायं 5:00 बजे किया जाएगा। प्रदर्शनी देखने के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम निमशी टोला निवासी हाजिर अंसारी की पत्नी तबस्सुम बीबी उम्र करीब 22 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम कुछ बात को लेकर तबस्सुम की अपने पति हाजिर अंसारी से झगड़ा हो गया इस बात से गुस्से में आकर तबस्सुम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना को देखने के लिए उसके घर पर स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी रामगढ़ थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को



कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वहीं इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों का कहना है कि हाजिर अंसारी के द्वारा तबस्सुम की हत्या कर उसे फांसी के फंदे से लटकाया गया है और उसे आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है।वही इस घटना के बाद से पुलिस आत्महत्या या हत्या से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## बाइक दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम सेलारे गांव निवासी प्रभु साहब उम्र 50 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार प्रभु साव सोमवार की सुबह बाइक पर सवार होकर अपने गांव से पांकी बाजार जा रहे थे तभी रास्ते में उनका बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिसमें प्रभु साव गंभीर रूप से घायल हो गए इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पाकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी वहां के चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। जहा इलाज के बाद भी प्रभु साव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## पूर्व उपमहापौर ने लोगों को पेड़ लगाने के प्रति किया जागरूक

**मेदिनीनगर।** भीष्ण गर्मी और जल संकट को देखते हुए पूर्व उपमहापौर राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह) ने वृक्षारोपण एवं जल संचयन हेतु संकल्प अभियान का मोर्चा संभाला है। चुकि पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने में हमारे पेड़ पौधे बहुत उपयोगी है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण, वर्षा के जल का उचित उपयोग, घर घर पेड़ लगाने का अभियान, जल स्तर बढ़ाने के उपाय सहित कई उपयोगी अभियान का संकल्प प्रथम उपमहापौर ने ठाना है। साथ ही सम्मानित जनता से भी अपील की है कि उनके इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले। उन्होंने कहा कि इस अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ कर अपने शहर ही नही बल्कि अपने समाज व देश मे भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

# पलामू का गौरव बना लेफ्टिनेंट जिले का नाम किया रोशन

**नवीन मेल संवाददाता**


**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के मंझिगावा बलियारी निवासी सुनील कुमार पांडेय के पुत्र गौरव कुमार ने लेफ्टिनेंट बन कर अपने परिवार का न रौशन किया है। गौरव कुमार ने महज 21 वर्ष और 6 महीने में इस पदवी को हासिल किया है। गौरव एक सामान्य परिवार से आते है। गौरव के पिता सुनील पांडे लेस्लीगंज के दारूडीह मध्य विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। गौरव के घर में माता पिता के अलावा दो छोटी बहने है। जो इस सफलता को लेकर बेहद खुश है।गौरव कुमार ने बताया की आठवीं क्लास में उनका नामांकन मिलिट्री स्कूल देहरादून में हो चुका था। इसके लिए वो झारखंड से 1 मात्र विद्यार्थी थे जो इस परीक्षा में सफल हुए थे। उन्होंने बताया की इसके लिए साल में दो बार परीक्षा आयोजित की जाती है। इसके बारे में उनके पिता के दोस्त ने अखबार



में विज्ञापन देकर गौरव को परीक्षा में शामिल होने के लिए कहा था। जिसमे परीक्षा देकर गौरव सफल हुए। और गृह विभाग से उनके पिता सुनील पांडे को कॉल आया जिसके साक्षात्कार के आधार पर उनका नामांकन हुआ।यहां से एन डी ए का भी तैयारी कराया जाता है।वर्ष 2018 में एनडीए की परीक्षा में बैठे और पहले बार में सफल हुए। 2019 रिजल्ट आया जिसमे ऑल इंडिया रैंक 92 रहा। जहां इंटरव्यू में सफल होने के पश्चात एनडीए खड़कवासला पुणे में एडमिशन हुआ था। 3 वर्षों के कठिन प्रशिक्षण के बाद मई 2022 को इंडिया से पास आउट होकर इंडियन मिलट्री अकैडमी देहरादून में 1 वर्ष विभिन्न अस्त्र-शस्त्र संचालन का प्रशिक्षण लिया।उन्होंने बताया कि रात के 9 बजे से सुबह 2:30 तक प्रतिदिन पढ़ाई करते थे। सुबह 8 बजे से परेड क्लास होता था तो 7 बजे उठना पढ़ता था। मिलिट्री स्कूल में जाने से पहले उनकी पढ़ाई एक सरकारी स्कूल से ही होती थी जहां पिता पढ़ाते थे। साथ ही मैथ साइंस की पढ़ाई भी पिता पढ़ाते थे।

## शराब की दुकानों पर अवैध रूप से वसूली का खेल चालू

**मेदिनीनगर।** पलामू में इस समय शराब दुकानों में मदिरा प्रेमियों की जेब हर रोज काटी जा रही है और यह सब आबकारी विभाग की सुस्ती और लापरवाही के कारण हो रहा है।शासकीय शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक दामों पर शराब की बिक्री की जा रही है। इससे मदिरा प्रेमियों में नाराजगी है पलामू शहर में अंग्रेजी शराब दुकान से ग्राहकों की जेबों पर भी डाका डाले जा रहे हैं। शहर में शराब की लाइसेंसी दुकानों धड़े से ब्लैक में शराब व बीयर बेचा जा रहा है ऐसा कोई दुकान आपको नहीं मिलेगी जहां 20 से 30 रुपए मूल्य से ज्यादा रुपया ना लिया जा रहा हो। जब की दुकानों पर भी शराब का अधिकतम खुदरा मूल्य एमआरपी जारी होने के बाद भी दुकानदार ग्राहकों से सभी ब्रांड की बोतल पर अधिक दामों पर शराब व बीयर की बोतल बिक्री किया जा रहे हैं। अगर आबकारी विभाग व प्रशासन सिविल ड्रेस मे जांच करने पहुंचे तो दूध का दूध और पानी का पानी हो।




**आस्था** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर भक्ति का महौल

# छप्पन भोग संपन्न, रथयात्रा निकलेगी आज

### पूर्व की परम्पराओं के अनुसार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मंगलवार को निर्धारित शुभ मुहूर्त पर निकलेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर ।** चैनपुर में प्रत्येक वर्ष भगवान जगन्नाथ की निकलने वाली रथयात्रा को लेकर भक्ति व उल्लास का माहौल है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रथयात्रा के पूर्व आज यहां राजगढ़ स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ के विशेष स्नान एवं पूजा अर्चना के साथ ठाकुर जी को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय राज परिवार के सदस्यों के साथ साथ बड़ी संख्या में स्थानीय व बाहर से आये आम व खास लोग शामिल हुए और भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व की परम्पराओ के अनुसार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मंगलवार को निर्धारित



शुभ मुहूर्त पर राजगढ़ परिसर से निकलेगी। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अलग अलग रथों पर सवार होकर नगर भ्रमण करते करीब तीन किलोमीटर दूर कृष्णादहा मंदिर अपनी मौसी बाड़ी जायेंगे। यहां कुछ दिन विश्राम के बाद पुनः राजगढ़ अपने मंदिर में लौट आयेंगे। गौरतलब हो कि चैनपुर में आजादी के पूर्व से ही रथयात्रा निकलती रही है। इसकी शुरूआत चैनपुर राज के तत्कालीन राजा जगन्नाथ दयाल सिंह ने की थी। बाद में उन्होंने चैनपुर गढ़ परिसर में ही भगवान जगन्नाथ का भव्य मंदिर बनवाया। इस मंदिर में उड़ीसा के जगन्नाथ पूरी की तरह ही भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के विग्रह स्थापित है। इतना ही नहीं पुरी की तरह ही यहां मंदिर में भी ठाकुर जी का राग भोग होता है और जेठ पूर्णिमा को स्नान के बाद दस दिनों के लिए ठाकुर जी विश्राम में चले जाते हैं। इस दौरान मंदिर का पट बंद रहता है।दस दिनों के बाद असआढ़ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को भगवान विश्राम से निकलकर भक्तों को दर्शन देते हैं। इसी दिन विशेष स्नान व अन्य विधानो के साथ भगवान को राजपरिवार की ओर से छप्पन प्रकार का व्यंजन पकवाकर इसका भोग ठाकुर जी को लगाया जाता है और प्रसाद वितरण किया जाता है। इसके एक दिन बाद द्वितीया को भगवान की रथयात्रा निकलती है। जिसमें रथ खींचने के लिए बाहर से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचते हैं। इस दिन चैनपुर के हर घर में उत्सव का माहौल होता है, जबकि रथयात्रा के दौरान गाँव में मेला लगा रहता है। बहरहाल रथयात्रा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। पारम्परिक सभी चार रथ दुरुस्त व सजधज कर तैयार हैं। रथयात्रा कल मंगलवार को अपराह्न तीन बजे राजा गढ़ मंदिर से शुरू होगी।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इंफोसिस इंटरनेशनल चैलेंज प्रतियोगिता के लिए नीरज केसरी का किया गया चयन

# भारतीय टीम में शामिल किए गए नीरज को जिला बैडमिंटन संघ ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में 10 वां एवं अंडर-19 में 39 वां स्थान लाने पर गढ़वा के नीरज केसरी को जिला बैडमिंटन संघ की ओर से सम्मानित किया गया। गढ़वा इंडोर स्टेडियम के प्रांगन में आयोजित समारोह में जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने नीरज केसरी को सम्मानित किया।



**हम सभी गढ़वावासी व खेल प्रेमी गौरवान्वित :** इस मौके पर डॉ. पतंजलि केसरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इंफोसिस इंटरनेशनल चैलेंज प्रतियोगिता में नीरज का चयन किया गया है। इससे हम सभी गढ़वावासी एवं खेल प्रेमी गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ओर से अंडर-17 वर्ग के लिए नीरज का चयन किया गया है, जो आगामी 20 जून से 27 जून तक लखनऊ में आयोजित की जानी है। इसके लिए हम सभी इनके सुखद भविष्य की कामना करते हैं । साथ ही उम्मीद करते हैं कि नीरज इस बार भी जीत हासिल कर देश का नाम रौशन करेंगे।

**सीमित संसाधन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं यहां के खिलाड़ी :** ओंकारनाथ केसरी ने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ी का चयन भारतीय टीम में हुआ है। यह गर्व की बात है। यहां के खिलाड़ी सीमित संसाधन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। सुभाष केसरी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। बच्चे का जिस क्षेत्र में रुचि हो अभिभावक उसे जाने दें। अपनी रुचि के अनुसार कार्य क्षेत्र का चयन करने पर हमारे लड़के या लड़कियां बेहतर कैरियर बना सकेंगी।

**खेल के क्षेत्र में झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं बच्चे :** हंसानंद स्वामी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में झारखंड का नाम पहले से ही रोशन रहा है। झारखंड के महेंद्र सिंह धोनी ने हमारे प्रदेश का नाम पहले से ही रौशन कर दिया है। यहां के खिलाड़ी प्रेरणा लेकर मेहनत और सही मार्गदर्शन प्राप्त कर अपना और अपने क्षेत्र का नाम रौशन करें। इस मौके पर सरजू प्रसाद केसरी, नीरज श्रीधर स्वर्गीय, श्याम नारायण पांडेय, चंदन कुमार, विशाल कुमार, मनोज कुमार, दिनेश कुमार एवं संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

### भाजपा नेता ने उपायुक्त से की बीडीओ पर कार्रवाई की मांग

# ‘भ्रष्टाचारियों को कब तक बचाते रहेंगे कुछ अधिकारी’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र केसरी ने जिला उपायुक्त को आवेदन देकर नगर उंटारी व सगमा प्रखंड के बीडीओ द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जांच नहीं होने से भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ रहा है। मनरेगा में जिला व राज्य स्तर से आवंटित राशि के विरुद्ध प्रखंडों द्वारा अत्यधिक सामग्री की राशि का भुगतान किया गया है। कहा कि दोनों प्रखंडों में 60 अनुपात 40 से अधिक का एफटीओ बनाकर चहेते आपूर्तिकर्ताओं के खाते में अधिक राशि डाली गई है।




आवेदन में कहा गया है कि उपायुक्त की ओर से तीन जांच टीम बनाई गई थी, लेकिन दो जांच टीम ने आज तक जांच नहीं की, जबकि एक टीम ने विधिवत जांच तो की है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट जिला को समर्पित नहीं की है। उन्होंने कहा कि हमें जिला प्रशासन पर पूरा विश्वास है कि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर मामले की जांच कराकर दोषी अधिकारियों को दंडित करने तथा दोनों प्रखंड की जनता को न्याय दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा है कि उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में पुनः जांच टीम गठित की जाय तथा जांच के पूर्व आवेदनकर्ताओं को जांच की तिथि व जांच स्थल की सूचना पत्र के माध्यम से दिलाई जाय। उन्होंने कहा कि पशु शेड व अन्य योजनाओं की राशि हड़पने वाले नगर उंटारी व सगमा बीडीओ को कुछ अधिकारी कब तक बचाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी व सगमा बीडीओ द्वारा मनरेगा योजना में की गई गड़बड़ी की जांच के लिये उप विकास आयुक्त द्वारा छह सदस्यीय जांच टीम गठित की गई थी, जिसे 25 अप्रैल तक स्थल जांच करना था। वहीं सगमा प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की जांच यथा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, 15वें वित्त की जांच के लिये 14 व 15 जून की तिथि निर्धारित की गई थी। साथ ही पांच सदस्यीय जांच टीम बनाई गई थी, लेकिन जांच आजतक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जांच नहीं होने पर वे 14 जून को एसडीओ से मिले तो उन्हें जानकारी मिली कि अभी तक निदेशक डीआरडीए गढ़वा से जांच के लिये कोई सूचना प्राप्त नहीं है। जब वे अपने आवास पर लौटे तो उन्हें जानकारी दी गई कि डीआरडीए निदेशक आये हैं। तब मैंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों व आवेदकों को सूचना देकर जांच की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बाद में हमें पता चला कि जांच टीम सगमा प्रखंड कार्यालय गई और बीडीओ से मिलकर वापस आ गई। कहा कि उक्त दोनों बीडीओ के कारनामे दैनिक अखबारों में छपते रहते हैं।


### लू लगने से 82 वर्षीय महिला की मौत

**डंडई।** थाना क्षेत्र के डंडई गांव में सोमवार को लू लगने से एक 82 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम मानमती कुंवर है। बताया जाता है कि मृतका सोमवार को दोपहर में विधवा पेंशन की राशि निकासी को लेकर बैंक गई थी। वहीं बैंक में भारी भीड़ होने के कारण वह अन्य महिलाओं के साथ बाजार समिति परिसर में बने शेड में बैठ गई। वह औरतों के साथ आपस में बात कर ही रही थी कि एकाएक पानी की मांग करने लगी। पानी लाने को लेकर मोहल्ले में लोगों के घर गई महिलाओं को आने तक उसकी मौत हो गई। उसके बाद घटना की जानकारी महिलाओं के द्वारा उनके परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही आनन-फानन में स्थल पर पहुंचे। तत्पश्चात चारपाई के सहारे मृतिका के परिजनों के द्वारा उन्हें अपने घर ले जाया गया। मृतिका के पुत्र जद्दू राम ने बताया कि मेरी मां बिल्कुल स्वस्थ थी। उन्हें किसी भी तरह की कोई बीमारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सुबह का नाश्ता कर वह पेंशन की राशि लेने को लेकर बैंक गई थी। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से 42 डिग्री से लेकर 46 डिग्री तापमान चल रहा है। प्रचंड गर्मी से प्रखंड का पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

# ग्रामीणों ने तरस्करी के लिए ले जा रहे 16 पशुओं को पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

थाना अंतर्गत सुंडी पंचायत के चन्दना जमुतिया आहार के समीप रविवार की देर रात ग्रामीणों ने पशु तस्करी के लिए ले जा रहे 16 गाय बैल को पकड़ा। सुबह मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार सिंह उर्फ राजा सिंह तथा बीडीसी पति सीताराम यादव की उपस्थिति में उक्त सभी पशुओं को ग्रामीणों में वितरण कर दिया गया।



ग्रामीणों ने बताया पिछले दो तीन माह से प्रखंड में बिहार के पशु तस्कर काफी सक्रिय थे। यूपी से गाय बैल खरीदकर करिवाडीह पंचायत के हुसरू होते हुए जंगल पार कर चंदना के जमुतिया आहार के पास सभी पशुओं को इकठ्ठा करते थे। एक दो दिन के अंतराल में रात में सोननदी पार कर बिहार ले जाते थे। इसकी जानकारी धीरे-धीरे गांव वालों को हो गई। पशु तस्कर को पकड़ने के लिए चंदना तथा पिपरा के ग्रामीण एक हो गए। इसी रास्ते से रविवार की रात्रि में व्यापारी लगभग 30 गाय-बैल लेकर बिहार की ओर जा रहे थे। चंदना तथा पिपरा के दर्जनों ग्रामीणों ने जमुतिया आहार के समीप के जंगल में पशुओं को पकड़ लिया। वहीं रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पशु तस्कर भाग गए। इसके अलावा 14 गाय-बैल भी जंगल में भाग गए।

ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राजेश कुमार सिंह उर्फ राजा सिंह, बीडीसी पति सीताराम यादव तथा लोगों को दी। सुबह सभी की उपस्थिति में छठु चौधरी, आलोक कुमार यादव, अशोक यादव, नरेंद्र सिंह, मनीष चंद्रवंशी, अगस्त यादव, उदय चौधरी, विनय यादव, रामेश्वर चौधरी के बीच सभी 16 पशुओं को वितरण कर दिया गया।

---

### डीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के कार्यान्वयन एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई एवं विभागवार बारी-बारी सभी विभागों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गढ़वा पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, रंका एवं नगर उंटारी के क्रमशः राज महेश्वरम, राम नारायण सिंह एवं आलोक कुमार, सिविल सर्जन, डॉ. अनिल कुमार, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थें। बैठक के दौरान मनरेगा, आपूर्ति, कृषि, पशुपालन, पेयजल, स्वास्थ्य, राजस्व आदि उपस्थित रहे।

# जैनुल्ला अंसारी झामुमो के रंका अनुमंडल अध्यक्ष बने

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झामुमो के वरिष्ठ नेता रंका प्रखंड के कंचनपुर ग्राम निवासी जैनुल्ला अंसारी को झामुमो का रंका अनुमंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सोमवार को उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जैनुल्ला को माला पहना कर बधाई दी।



मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि जैनुल्ला के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि जैनुल्ला कुशल नेतृत्वकर्ता हैं। इनके कुशल नेतृत्व का लाभ संगठन को मिलेगा। बधाई देने वालों में उक्त सहित जिला सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, विनोद चंद्रवंशी, संजय सिंह छोटू शरीफ अंसारी रेखा चौबे आशीष गुप्ता दशरथ प्रसाद दिनेश गुप्ता कार्तिक पांडे फैजुल्ला अंसारी करीब अंसारी अजय उपाध्याय शंभू राम विनोद चंद्रवंशी राजेश बैठा, राजकिशोर यादव शामिल है।

# मानदेय में वृद्धि में हो रही देरी से पारा शिक्षकों में रोष

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

प्राथमिक सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षकों के मानदेय में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी को लेकर कांडी प्रखंड में प्रखंड स्तरीय व पंचायत स्तरीय प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार के गठन में हो रही देरी से पारा शिक्षकों रोष व्याप्त है। सोमवार को कांडी बीआरसी व प्रखंड कार्यालय पहुंचे पारा शिक्षकों ने बीईईओ, प्रखंड प्रमुख व प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर बात करनी चाही किंतु दोनों पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रखंड प्रमुख अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। चिलचिलाती धूप में 10 बजे से दोपहर के एक बजे तक इंतजार करने के बाद सभी शिक्षक अपने अपने घर वापस लौट गए।



कांडी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष रहे रामरंजन, वरिष्ठ शिक्षक अरुण पांडेय व राजेश कुमार दुबे ने कहा कि गढ़वा जिले के अधिकतर प्रखंड में प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार का गठन कर जिला के साथ साथ राज्य को भेजा जा चुका है किंतु कांडी में इस संबध में अधिकारीयों द्वारा सिर्फ एक कदम आगे बढ़ा जाना दुखद है। कहा कि विभाग द्वारा 7 माह पूर्व पत्र निर्गत किए जाने के बाद भी कांडी के पारा शिक्षकों के सेवा सम्पुष्टि कार्य अधर में लटका हुआ है। पांच जून को प्राधिकार की गठन के लिए बैठक बुलाई गई थी लेकिन उक्त बैठक में भी आधा अधूरा ही कार्य हो सका।

शिक्षकों ने एक जुटता दिखाते हुए एक बार पुनः प्रखंड प्रमुख,प्रखंड विकास पदाधिकारी व बीईईओ से मिलकर शिक्षकों के सेवा सम्पुष्टि के कार्य को अविलंब पूरा कराने का निर्णय लिया। इधर इस सम्बन्ध में बीपीओ बीरेंद्र प्रसाद व लेखपाल प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि गर्मी की छुट्टी की वजह से देरी हुई है। प्राथमिकता के आधार पर जल्द उक्त कार्य को पूरा किया जाएगा। जून माह के मानदेय के साथ 4 प्रतिशत भी जोड़ कर मानदेय मिलेगा।

इस अवसर पर पारा शिक्षक अमरेंद्र कुमार पंडित, अनिल कुमार सिंह, उदय कुमार गुप्ता, करंजु पाल, नरेंद्र मिश्रा, दुर्गेश कुमार सिंह, अवधेश मेहता, देवेंद्र चौबे, रामनरेश मेहता, जयप्रकाश सिंह, राकेश कुमार सिंह, उज्जवल पांडेय, रामेश्वर पाल, कृष्णा पांडेय, रामकिशुन राम, विनोद मिस्त्री, उदय राम, रामजी यादव, राकेश मेहता, सतेंद्र कुमार मेहता, सतेंद्र कुमार, नरेश प्रजापति, उपेंद्र राम, महेंद्र मेहता, जगदीश विश्वकर्मा, रामलखन राम व संजय कुमार, संतोष पाल, दिता राम, प्रमोद कुमार, सुदेश्वर मिस्त्री, अरुण कुमार, उज्ज्वल पांडेय, सतेंद्र कुमार, रामेश्वर पाल सहित कई अन्य सहायक अध्यापक मौजूद थे।

---

# कूपा में आपसी रजामंदी से प्रेमी जोड़े की कराई शादी

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

थाना क्षेत्र के कुपा पंचयात के टोला दामर में रविवार को प्रेमी- प्रेमिका को आपसी रजामंदी के साथ पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराई गई। इसमें उपस्थित महिलाओं ने मांगलिक गीत गाकर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार दोनों की शादी कराई। वहीं स्वजनों तथा जनप्रतिनिधियों ने बताया दोनों कई वर्षों से एक दूसरे से छिप-छिप कर मिला करते थे। प्रेमी ब्रजेश कुमार भुईया और प्रेमिका रिता कुमारी गांव के ही हैं। प्रेमी ब्रजेश कुमार भुईयां तथा प्रेमिका रीता कुमारी ने बताया हम दोनों के बीच एक साल से प्रेम -प्रसंग चल रहा है। हम लोग शादी करके बेहद खुश हैं। लड़की के पिता ने बताया पिछले कई साल से ये लोग चुपके से मिला करते थे। इसकी जानकारी धीरे-धीरे गांव वालों के साथ हम लोगों को भी हुई। मैंने कई बार लड़की को समझाने का प्रयास किया लेकिन उसने बात नहीं मानी। अंत में दोनों की शादी करनी पड़ी।



गांव वालों ने बताया कि लड़का और लड़की आपसे में चचेरे भाई बहन हैं। इसे लेकर गांव में दो बार पंचायत के माध्यम से दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन लड़का-लड़की मानने के लिए तैयार नहीं हुए। आज भी दोनों को मिलते हुए गांव के लोग देख लिये। दोनों के स्वजनों तथा जनप्रतिनिधियों ने बैठक की। इसमें दोनों की शादी की सहमति बनी और आज ही शादी करा दी है।

### विचार | जो धर्म की रक्षा करता है, उसकी रक्षा धर्म करता है

# इंद्रियों के दमन से बन सकते हैं यशस्वी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

इंद्रियों के दमन से व्यक्ति यशस्वी बनता है। धर्म की रक्षा करने वालों की रक्षा धर्म करता है कहीं भी जायें, वहां से दुर्गुण और अपयश लेकर नहीं लौटें। उत्पन्न परिस्थितियों में अपने विवेक से निर्णय लें, जिससे भविष्य कलंकित न हो पाए। प्रयास हो कि वहां अपने संस्कार संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप कुछ विशिष्ट छाप छोड़कर आयें, ताकि तत्कालिक परिस्थितियों के इतिहास में आप का आंकलन विवेकशील व संस्कार संस्कृति संरक्षक के रूप मे हो सके।



जीयर स्वामी ने भागवत कथा के प्रसंग में इंद्रियों के निग्रह की चर्चा की। इंद्रियों को स्वतंत्र छोड़ देने से पतन निश्चित समझें। एक बार अर्जुन इंद्रलोक में गये हुए थे। वहां उर्वशी नामक अप्सरा का नृत्य हो रहा था। नृत्य के पश्चात अर्जुन शयन कक्ष में चले गये। उर्वशी उनके पास चली गयी। अर्जुन ने आने का कारण पूछा। उर्वशी ने वैवाहिक गृहस्थ धर्म स्वीकार करने का आग्रह किया। अर्जुन ने कहा कि मृत्यु लोक की मयार्दा को कलंकित नहीं करूंगा। इस पर उर्वशी ने अर्जुन को एक वर्ष तक नपुंसक बनने का शाप दे दिया। अर्जुन दुर्गुण और अपयश लेकर नहीं लौटे। उर्वशी का शाप उनके लिए अज्ञातवाश में वरदान सिद्ध हुआ। स्वामी ने कहा कि ‘धर्मो रक्षति रक्षितः।’ यानी जो धर्म की रक्षा करता है, उसकी रक्षा धर्म करता है। जो धर्म की हत्या करता है, धर्म उसकी हत्या कर देता है। ‘धर्म एव हतो हन्ति।’ इसलिए धर्म का परित्याग नहीं करना चाहिए। स्वामी ने कहा कि जो हमारे पाप, अज्ञानता और दुःख का हरण करे, वो हरि है। वेदांत दर्शन की बात की जाए तो संसार में आने का मतलब ही होता है, कि इसमें रहना नहीं है। परिवर्तन का नाम संसार है। आश्चर्य है कि ऐसा जानकर भी जीव स्थायी ईश्वर को भूल नश्वर संसार में आसक्त है। जैसे घूमते चाक पर बैठी चीटी वर ट्रेन के यात्री कहें कि हम तो केवल बैठे हैं। यह उचित नहीं, शरीर से श्रम भले न लगे लेकिन यात्रा तो तय हो रही है। मन से ईश्वर के प्रति समर्पण से वे रक्षा करते हैं।

# रिटायर्ड टीचर के देहांत पर शोक सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

बालिका उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ल के निधन पर सोमवार को बालिका उच्च विद्यालय में शोक सभा कर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।



शुक्ल 1997 में अंग्रेजी विषय के शिक्षक पद पर नियुक्त होकर करीब 25 वर्षों तक बालिका उच्च विद्यालय रमना में सेवा के बाद 31 जनवरी 2023 को सेवा निवृत्त हुए थे। गत वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। परिवार के सदस्यों ने कई जगह इलाज कराया, लेकिन रविवार रात करीब 11 बजे वे ईश्वर के प्यारे हो गए। वे विशुनपुरा प्रखंड के दर्जिया गांव के निवासी थे और वर्तमान में अपने पुत्र के साथ गढ़वा में किराए के मकान में रहते थे। वे पाठ्यकर्ता एवं पुजारी के रूप में मशहूर थे और श्री सीताराम मानस मंदिर रमना में विगत 20 वर्षों से साल में दो बार नवरात्र में मुख्य पाठ्यकर्ता एवं पुजारी की भूमिका का निर्वहन कर रहे थे। विद्यालय कर्मी एवं विद्यालय के सचिव आवास पर जाकर उनका अंतिम दर्शन किए। दोपहर बाद अमहर मुक्ति धाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

शोक सभा में मुख्य रूप से सचिव सह पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, संस्थापक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रभारी चतुरगुन महतो, शिक्षक प्रतिनिधि धर्मदेव उरांव, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, ममता कुमारी गुप्ता व लक्ष्मी साहु, विनोद कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## 3.78 अरब रुपये की 219 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास, लाभुकों के बीच 2.81 करोड़ की परिसंपत्ति का किया वितरण

# मुख्यमंत्री सोरेन ने चतरा जिले को दी कई सौगातें

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को चतरा जिले को कई सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परिसर में आयोजित योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, परिसंपत्ति व नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट-पंचायत स्तर दवा दुकान योजना का शुभारंभ ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को लाइसेंस सौंप कर किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 3 अरब 64 करोड़ 34 लाख 68 हजार 925 रुपये की लागत वाली 177 योजनाओं की नींव रखी। वहीं 14 करोड़ 6 लाख 741 रुपये की 42 योजनाओं का उद्घाटन किया, जबकि दर्जनों लाभुकों के बीच 2 करोड़ 81 लाख 15 हजार 446 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया। साथ ही इस कार्यक्रम में 11 नवनियुक्तों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र भी दिया। इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष



ममता कुमारी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### जिलों के डीसी व एसपी से लंबी बैठक हुईः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी महीने की 15 और 16 तारीख को राज्य के वरीय अधिकारियों और सभी जिलों के डीसी और एसपी के साथ विकास और विधि व्यवस्था को लेकर मैंने लंबी चर्चा की। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और विधि व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी समुचित कदम उठाएं। जनता का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि अधिग्रहण को लेकर सरकार सवेंदनशील है, कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस सिलसिले में मुझे ग्रामीणों से कुछ शिकायतें मिल रही है। मैं भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होने वालों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनके साथ कोई अन्याय नहीं होगा। उनको उनका हक और अधिकार हर हाल में मिलेगा। इसे लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है।

## आजसू के कद्दावर नेता मनोज चंद्रा जेएमएम में शामिल

### सीएम ने कहा, भाजपा-आजसू की सरकार ने गरीबों के हित के लिए कोई कार्य नहीं किया

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**
सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित हर्षनाथपुर मैदान में सोमवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष आजसू के निवर्तमान विधानसभा प्रभारी व पूर्व विधायक स्वर्गीय रामचंद्र राम के पुत्र मनोज कुमार चंद्रा अपने समर्थकों के साथ विधिवत झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने माला पहनाकर चंद्रा एवं उनके समर्थकों को झामुमो में शामिल किया। समारोह में चंद्रा के अलावे संदीप कुमार साहू, आलोक रंजन, सलीम अख्तर, देवनंदन साहू, प्रिया कुमारी, रोहन साव सहित भारी संख्या में लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर चंद्रा ने कहा कि सिमरिया विधानसभा में विस्थापन का मुद्दा काफी गंभीर है। ऐसे में मुख्यमंत्री से आग्रह होगा कि इस समस्या का समाधान करने का प्रयास करें। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की मौजूदा सरकार गरीबों के हित में कार्यरत है। हमारी सरकार से पूर्व वृद्धा पेंशन



हेतु लोगों को काफी दौड़-धूप करना पड़ता था, फिर भी उनका पेंशन शुरू नहीं हो पाता था। आज झारखंड देश में पहला राज्य है जो 60 वर्ष पूरा करने वाले सभी लोगों को पेंशन दे रहा है। इसके अलावा 18 वर्ष से अधिक की विधवा महिलाओं को विधवा पेंशन देने का नियम बना दिया, दिव्यांग पेंशन दिया जा रहा है। यहां तक कि वैसी महिलाएं जिनको पति छोड़ चुके हैं उन्हें भी पेंशन दिया जा रहा है। झारखंड बनने के बाद लगभग 20 साल तक भाजपा एवं आजसू की सरकार थी। लेकिन इन लोगों ने गरीबों के हित के लिए कोई भी कार्य नहीं किए। जैसे ही हमारी सरकार बनी करोना जैसी महामारी आ गई। उसमें भी पूरे देश में झारखंड हि एक राज था जो अपने मजदूरों को हवाई जहाज से लाने का कार्य किया। यहां तक की जब पूरे देश में ऑक्सीजन की कमी थी तो झारखंड ने दूसरों राज्यों को ऑक्सीजन देने का कार्य किया। हमने केंद्र सरकार से राशन कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही, लेकिन सरकार ने हमारी बात को नहीं माना तो हमने 30 लाख लोगों का ग्रीन राशन कार्ड बनवाया। जेपीसी के माध्यम से बीपीएल धारी के बच्चे भी अब कंपटीशन कंप्लीट कर ऑफिसर बन रहे हैं। हमारी सरकार जब केंद्र से अपने हिस्से का एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपैया मांगा तो सीबीआई और ईडी को पीछे लगाकर परेशान करने का कार्य किया। साथ ही गरीबों की टैक्स के पैसे को अपने साथियों के बीच बांट दिया। समारोह में भारी संख्या में लोग पहुंचे थे।

# जंगली हाथियों ने पालही में तीन घरों को किया ध्वस्त

### बाल-बाल बचे ग्रामीण, घर से भागकर बचाई अपनी जान; घर टूट जाने के बाद पेड़ के नीचे रहने को विवश पीड़ित

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
वन क्षेत्र के बालू पंचायत के पालही ग्राम में रविवार की रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने तीन घरों को तोड़ कर घर में रखे अनाज को चटकर बाकी सामान को तहस-नहस करदिया। घ्जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि बालू पंचायत समिति सदस्य ब्रह्मदेव उरांव सपरिवार घर में सो रहे थे कि इसी दौरान जंगली हाथियों के झुंड ने घर को दो तरफ से घेरकर तोड़ दिया। इस दौरान मौका पाकर ब्रह्मदेव परिवार जनों के साथ भाग कर अपनी जान बचाई। इसके बाद हाथियों के झुंड ने पास में सुधीर उरांव का घर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और अनाज को चट कर अन्य सामान को तहस-नहस कर तोड़ डाला। सुधीर अपने परिवार जनों के साथ भागकर जान बचाई। इसके बाद जंगली हाथियों के झुंड ने सुरेंद्र उरांव के घर को तोड़कर घर में रखा अनाज खा लिया और सामान तोड़-फोड़ दिया। इन घटनाओं से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। गरीब किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।





**जनप्रतिनिधियों ने हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन :** घटना की जानकारी आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव को मिलते ही पीड़ित परिजनों के घर पहुंच कर दुख व्यक्त किया एवं अविलंब अपने निजी खर्च से सभी घर स्वामित्व को अनाज उपलब्ध कराया एवं हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर डीएफओ लातेहार को फोन कर घटना की पूरी जानकारी दी। इस दौरान पंचायत की मुखिया संध्या देवी एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर उरांव, समाजसेवी माधव सिंह, संतोष यादव सहित कई ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बता दें कि जंगली हाथियों के हमले में घर टूट जाने के बाद गरीब परिवार इस चिलचिलाती धूप में पेड़ के नीचे रह रहे हैं और खाना बनाकर खा रहे हैं। देखा जाए तो इस कड़ी धूप में घर से बाहर रहना इनके लिए खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में जिला प्रशासन को यथाशीघ्र पीड़ित परिवार को घर और खाने के लिए अनाज उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है।

### दहशत में जीने को विवश हैं ग्रामीण

बता दें कि पिछले दो वर्षों से बालूमाथ वन क्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों ने इस तरह की कई घटनाओं को अंजाम दिया है, जिनमें कई लोगों की जान चली गई है। कई घर ध्वस्त हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों के आतंक के साये में रात भर पहरा देते हैं तब कहीं जाकर गांव के कुछ लोग चैन का नींद सोते हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में वन विभाग को लेकर आक्रोश देखा जा सकता है। हालांकि वन विभाग द्वारा जंगली हाथियों को भगाने के लिए बीते वर्ष प्रयास किए गए तो कुछ दिनों तक जंगली हाथी घने जंगल में रह रहे थे, लेकिन पुनः जंगली हाथी इस क्षेत्र में आकर लोगों के जानमाल को नुकसान कर रहे हैं।

# बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने रांची-चतरा मुख्य मार्ग किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
बीते एक माह से बिजली की आंख मिचौली व लो वोल्टेज से तंग आकर बालूमाथ के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार सुबह 10 बजे से मुरपा मोड़ चौक पर रांची-चतरा मुख्य मार्ग जाम कर दिया। इससे सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना पाकर अंचलाधिकारी आफताब आलम, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद जाम स्थल पहुंचकर जाम खोलने को कहा तो ग्रामीणों ने कहा कि हमें 24 घंटे बिजली चाहिए फिर जाम खुलेगा। जाम स्थल से अंचलाधिकारी ने बिजली विभाग के एसडीओ से फोन पर बात की और ग्रामीणों की मांग के बारे में बताया। एसडीओ ने कहा कि हटिया ग्रिड में कुछ कार्य चल रहा है जिसके कारण परेशानी है। बहुत जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा फोन पर ही लातेहार ग्रिड से बिजली जोड़वाने की बात कर जाम खोला गया। इस दौरान बंदी में समाजसेवी, छात्र, मजदूर समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



### 200 केवीए का ट्रांसफर्मर लगाने की मांग

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव ने सोमवार को बिजली विभाग के एक्सक्यूटिव इंजीनियर से मिलकर कुम्हार टोली मे लगे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर को बदलकर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने जिप सदस्य से मिलकर उन्हे बताया कि यहां 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिसपर ओवरलोड है इस कारण यहां प्रतिदिन बिजली कि समस्या से जुझना पड़ता है। इस भीषण गर्मी मे लोग परेशान हैं। बताते चले कि ग्रामीणों कि शिकायत पर रोहित यादव विभाग के एक्सक्यूटिव इंजीनियर से मिलकर उन्हे समस्या से अवगत कराया और सप्ताह दिनों के अंदर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने कि मांग कि है जिसपर विभाग द्वारा इस समस्या के समाधान हेतु आश्वासन दिया कि जल्द हि उक्त ट्रांसफार्मर बदल दिया जायेगा।

# रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर हुई बैठक विफल, ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**
टंडवा थाना अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर अंचलाधिकारी द्वारा सोमवार को मध्य विद्यालय सेरनदाग में आयोजित वनाधिकार समिति की बैठक पूरी तरह से विफल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित समयानुसार राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक व सीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने तीखा विरोध करते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों की मानें तो पिछले 15 वर्ष पूर्व से अबतक कई बार समिति गठित हुई, बावजूद वन विभाग व अंचल कार्यालय की ओर से ना तो सूची और ना ही विभागीय पत्र उपलब्ध कराया जाता है। सीआइ सर्वेश सिंह व राजस्व कर्मचारी शिवकुमार मंडल ने बैठक को विफल बताया। वहीं राजस्व कर्मियों ने वनाधिकार समिति की जानकारी व समिति के सदस्यों को पहचानने से इंकार कर दिया। रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना से समिति की सूची मांग की गई तो बताया कि उपलब्ध नहीं है। जबकि सीओ विजय दास ने बताया कि वे ग्रामीणों को वनाधिकार समिति की सूची शीघ्र उपलब्ध करा देंगे। ज्ञात हो कि आम्रपाली कोल परियोजना में रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर सेरनदाग में 49, बिंगलात में 46, पोकला में 50, कोयद में 115, होन्हें में 84, नौडीहा में 68 व सोपारम में 117 खाते की भूमि अपयोजित किया जाना है।

# जल नल पर उप प्रमुख ने दी नसीहत

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड अंतर्गत फुलसु में पेयजल विभाग की ओर से चल रही जल नल योजना का उप प्रमुख निशा शहादेव ने सोमवार को निरीक्षण कर अनियमितता एवं धीमी गति से चल रहे कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग के संवेदक को गुणवत्तापूर्ण एवं नियम संगत काम करने की नसीहत दी। उप प्रमुख ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी कि गांव में जल नल योजना का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है। कार्य धीमी गति से हो रहा है। इस भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या काफी जटिल हो गई है। पिपराटोला में एक जलमीनार से 31 घरों को जोड दिया गया है, जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। इससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसी टोला में दूसरे जलमीनार से मात्र आठ घरों को जोड़ा



गया है, जो नियम के खिलाफ है। विभाग के कनीय अभियंता से दूरभाष पर बात कर संवेदक को नियम संगत व गुणवत्तापूर्ण एवं तेज गति से कार्य करने की नसीहत दी गई है। ऐसा नहीं करने पर उच्च अधिकारियों से शिकायत की जांच कराई जाएगी।

## संक्षिप्त

### लू से लोग परेशान, पारा पहुंचा 43 डिग्री के पार

**चतरा/हंटरगंज/प्रतापपुर।** बीते एक सप्ताह से जिले के चतरा सदर, हंटरगंज, प्रतापपुर, कुंदा सहीत विभिन्न प्रखंड़ों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। दो-तीन दिन से तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच जा रहा है। एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान 29-30 डिग्री सेल्सियस पर चल रहा है। गर्मी का हाल यह है कि सुबह 10 बजे के बाद घर से निकलने की लोग हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। लू का असर दिनभर रहता है। दिन और रात के तापमान में विशेष अंतर नहीं है। सुबह 10 बजते ही दोपहर जैसा एहसास होने लगता है। प्रचंड गर्मी से न दिन में राहत है और न रात में। कूलर और पंखे बेअसर हो गए हैं। रविवार एवं सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लू की मार से जनजीवन बेहाल होने लगा है। दोपहर तक बाजार पूरी तरह सन्नाटा रह रहा है। गर्मी के बीच हंटरगंज प्रखंड के पांडेयपुरा व आसपास के कई इलाकों में पानी और बिजली के संकट से लोग बेहाल हैं। बिजली कटने के साथ बिजली कटौती भी बढ़ गई है।

### फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**चंदवा।** लोहा चोरी मामले में फरार चल रहे आरोपी चकला निवासी अख्तर खान पिता सत्तार खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार ने बताया कि अख्तर खान पर स्क्रैप चोरी को लेकर चंदवा थाना में मामला दर्ज है। सोमवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर की चर्चा

**लातेहार।** भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल में चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी दिल्ली के पब्लिक स्कूल्स-1 के निदेशक आर्य रत्न डॉ जेपी शूर ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। डॉ जेपी शूर के साथ झारखंड राज्य डीएवी पब्लिक स्कूल्स के जोन बी के सहायक क्षेत्रीय निदेशक एमके सिन्हा, जोन सी और जी के सहायक क्षेत्रीय निदेशक अरुण कुमार और जोन ए के सहायक क्षेत्रीय निदेशक ओपी मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पहले बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर, रांची के प्राचार्य एसके सिन्हा, डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू रांची के प्राचार्य विनय कुमार पांडेय, एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज के प्राचार्य जीएन खान और डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची के प्राचार्य एसके मिश्रा व स्थानीय लाल आशीष नाथ शाहदेव आदि उपस्थित रहे।



**पहल** — उपायुक्त ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर की अपील

# ‘मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में करें सहयोग’

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2024 को लेकर बैठक हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी है। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन




करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य किया जाएगा। इस दौरान वैसे वोटर जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाया जाएगा। साथ हीं 18 वर्ष के नए वोटर्स का नाम जोड़ा जाएगा एवं अन्य मतदाता सूची से संबंधित कार्य किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे लोगों को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। लोगों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने या सुधार हेतु सहयोग एवं जागरूक करें। साथ हीं सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सूची उपलब्ध कराने को कहा, जो बूथ पर बीएलओ को कार्य में सहयोग करेंगे। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसमें 17 अक्तूबर से 30 नवम्बर 2023 तक यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो उसे दर्ज कराया जा सकेगा। जिस-जिस घर का सर्वे होगा, उसकी पहचान के लिए घर के बाहर इस आशय का एक स्टीकर भी चिपकाया जाएगा। साथ ही सर्वे करने वाले इससे जुड़ा ब्योरा एक रजिस्टर में भी दर्ज करेंगे। इसका सत्यापन भी कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, उप निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोहरदगा में 269 वर्ष पुराना है रथयात्रा का इतिहास, 1754 ई में रथ यात्रा शुरू हुई; 1795 ई में राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना की गई

# रथारूढ़ भगवान के दर्शन मात्र से मिलती है पापों से मुक्ति

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीय को भगवान जगन्नाथ, बलराम व बहन सुभद्रा की रथ यात्रा मंगलवार को निकाली जाएगी। ऐतिहासिक रथ यात्रा की शुरूआत गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से होगी। तिवारी दूरा ठाकुरबाड़ी मंदिर से निकला रथ यात्रा तेतरतर, चंद्रशेखर आजाद चौक स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुचेगा। चंदशेखर आजाद चौक से गुदरी बाजार, तिवारी दुरा ठाकुरबाड़ी मंदिरो के रथ एकसाथ निकलेगे। दस दिन मौसी बाड़ी में रहने के बाद भगवान की लौटती रथ यात्रा आषाढ़ षुक्ल पक्ष एकादशी को होगी। लोहरदगा में रथ यात्रा लगभग 269 साल से चली आ रही है। उस वक्त लोहरदगा न केवल नॉर्थ इस्ट फंट्रियर पोस्ट का मुख्यालय हुआ करता था, बल्कि यह कमिश्नरी शहर भी था। लोहरदगा में व्यापारियों का उड़ीसा के राज घरानों से संबंध था। देव परिवार के लोगों ने ही लोहरदगा में जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर के लिए पहल की। 1754 ई में रथ यात्रा शुरू हो गई। इसके लगभग 40 साल बाद मगध के राजा गोपालशरण ने 1795 ई में गया से आए पुरोहितो के सहयोग से राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना की। उन्होंने ही भगवान के विग्रहों के साथ इसी वर्ष रथ यात्रा का शुभारंभ करवाया। अब इस रथयात्रा का 228 साल पूरे हो गये हैं। इसके दो दशक बाद 1815 में तिवारी दूरा में जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर का निर्माण हुआ। यहां से भी 208 साल से निरंतर रथयात्रा निकल रही है। यह साधारण यात्रा नहीं है। भगवान की यात्रा है, जो निरंतर हमें विकास, प्रेम, सद्भाव के लिए मंगलगीत गाने, जय-जयकार करने की प्रेरणा देता है। प्रभु के पवित्र यशगाण से वातावरण शुद्ध होता है। हम नये फसल के लिए अपने को प्रेरित करते हैं। ऐसी मान्यता है कि महाराज इंद्रद्युम्न ने ही सबसे पहले भगवान विश्वकर्मा के सहयोग से विग्रहों को प्रतिष्ठित किया था। तब से पूरे हिन्दुस्तान में रथयात्रा महोत्सव के रूप में आयोजित हो रहा है। जगन्नाथ जी का जो लोग भक्तिपूर्वक दर्शन करते हैं, उनका भगवान के धाम में निवास होता है। इनके नाम के संकीर्तन करने मात्र से सौ जन्मों का पाप नष्ट हो जाता है। भगवान जगन्नाथ के दर्शन मात्र से ही समस्त पापों का नाष हो जाता है। रथ यात्रा के मार्ग में जो भी भक्त भगवान को प्रणाम करता है। वह अनादि काल से अपने उपर चढ़े हुए पापों से मुक्त हो जाता है। यही वजह है कि रथारूढ़ भगवान जगन्नाथ के दर्शन मात्र से मनुष्य को जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्ति मिल जाती है।

## भगवान का नेत्रदान अनुष्ठान हुआ



**लोहरदगा।** लोहरदगा में ऐतिहासिक रथयात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। ठाकुरबाड़ी मंदिर सहित विभिन्न जगन्नाथ स्वामी के मंदिरों में सोमवार को नेत्रदान उत्सव के साथ धार्मिक अनुष्ठान परंपरानुसार संपन्न हुआ। 20 जून को रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। आषाढ शुक्ल प्रतिपदा के दिन नेत्रदान उत्सव मनाने की परंपरा के तहत नेत्रदान अनुष्ठान शुरू हुआ। साथ ही भगवान जगन्नाथ स्वामी को स्नान कराकर भोग लगाया गया। इस विधि के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भगवान जगन्नाथ मंगलवार को रथ में सवार होकर अपने मौसी के घर घूमने जाएंगे और नौ दिनों के बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर घर वापस लौटेंगे। महंत ओमप्रकाश शरण ने बताया कि मंदिर में पूजा सुबह 6:00 बजे से ही शुरू होगी लेकिन अपराह्न साढ़े 3 बजे भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन शुभद्रा रथ पर सवार होकर ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रागंण से निकलकर तेतरतर, थाना रोड, थाना चौक, शास्त्री चौक, रघुनंदन लेन व गुदरी बाजार से होकर महावीर चौक होते हुए महाराजा अग्रसेन पथ स्थित मौसीबाड़ी पहुंचेंगे। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराने में जगरनाथ महाप्रभु ठाकुरबाड़ी मंदिर लोहरदगा के महंत रामनरेश शरण, ठाकुरबाड़ी मंदिर पुजारी मोहन दास, पुरोहितों व सहयोगियों मे अयोध्या दास, मनोज दास, जितेंद्र दास, विष्णु दास, सर्वेश पाठक, आदित्य दास, शैलेश दास, समेत अन्य शामिल थे।

## जिले में रथयात्रा को लेकर तैयारियां पूरी

**लोहरदगा।** जिले में रथ यात्रा मेला को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा को मौसी बाड़ी ले जाने के लिए स्थानीय कारीगरों द्वारा रथों को तैयार किया गया है। शहर के ठाकुरबाड़ी मंदिर, तेतरतर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, तिवारी दुरा स्थित जग्रन्नाथ महाप्रभु मंदिर के अलावा विभिन्न प्रखंडों में रथयात्रा का आयोजन किया जाता है। भंडरा प्रखंड में लगने वाले ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला की भी तैयारी पूरी हो गई है। विभिन्न राज्यों के दुकानदार भंडरा पहुंचकर दुकानों के लिए जगह तलाश रहे हैं। वहीं लोहरदगा शहरी क्षेत्र में ठाकुरबाड़ी, तेतरतर और तिवारी दुरा से निकलने वाले रथ यात्रा की तैयारी भी जोर-शोर से चल रही है। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर के रंग-रोगन का कार्य पूरा किया जा चुका है।

## भव्य भंडारा का आयोजन



**लोहरदगा।** ठाकुरबाड़ी मंदिर में नेत्रदान अनुष्ठान के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान जगन्नाथ का दर्शन किया. सभी श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में भगवान का प्रसाद खिलाया गया। भगवान को लगाए गए भोग की सभी वस्तुओं को प्रसाद के रूप में लोगो को दिया गया। भगवान का प्रसाद खाने के लिए शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। सभी श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में ही चटाई बिछाकर बैठाया गया। पत्तल में भगवान को लगाए गए भूख भोग पूड़ी, सब्जी, बुंदिया, सेव, आम समेत अन्य प्रसाद लोगो को खिलाया गया। प्रसाद खाकर लोग आनंदित महसूस कर रहे थे। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी। प्रसाद बांटने में युवतियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। यहाँ भगवान जगन्नाथ को भोग में चावल, दाल, सब्जी, चटनी आदि का भोग लगाया गया था।

# ससुराल वालों ने बहु को खिलाया जहर

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम में ससुराल वालों ने षड़यंत्र के तहत अपने ही बहु को जबर्दस्ती जहर खिला कर जान से मारने का प्रयास किया गया। घटना रात्रि लगभग 11:30 बजे की है। महिला रजीना खातुन ने अपने ससुराल वाले के विरुद्ध जहर खिलाने का लगाई आरोप बोलिं कि छोटी छोटी बातों को लेकर हो रही घरेलू विवाद हुआ है। इसमें कई बार अंजुमन इस्लामिया अरु एवं गणमान्य लोगों के पहल से समझौता भी किया गया था, परंतु महीना दो महीना के बाद सास ससुर एवं ननद के द्वारा पूर्व की भांति लड़ाई झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। काफी समय बीतने के बाद ससुराल वाले पहले जैसा ही दुर्व्यवहार एवं मारपीट करने लगे। महिला का फुफेरा भाई फिरोज अंसारी गाँव ही रहता है, जिसने अपनी ममेरी बहन को जहर देने का आरोप लगाते हुए तीन नामजद के विरुद्ध कानूनी कारवाई हेतु थाना में गुहार लगाई। बताया जाता है कि रजीना खातून के पति हमीद अंसारी अपना पहली पत्नी को लेकर एक वर्ष पूर्व से घर से बाहर रह रहा है। इस बीच मेरी बहन के सास ससुर एवं ननद द्वारा छोटी छोटी बात को लेकर मारपीट एवं लड़ाई झगडा कर जान से मारने की धमकी दिया जाता था। साथ ही कहा कि बहन के ससुर उस्मान अंसारी पिता स्वर्गीय गफूर अंसारी,सास शाहजहां खातून पति उस्मान अंसारी तथा पम्मी उर्फ परिणा खातून पिता उस्मान अंसारी द्वारा षड़यंत्र के तहत रात्रि में जबर्दस्ती मेरी ममेरी बहन रजीना खातून को जहर खिलाया गया, जिससे मेरी बहन का तबियत बिगड़ने लगा और उसी समय शोर गुल होने लगा तो मैं बहन का घर गया और अपने परिवार वाले तथा पड़ोसियों की मदद से बहन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मेरी बहन अभी इलाजरत है। डॉक्टर द्वारा उसकी स्थिति नाजुक बताया जा रहा है।

# किस्को क्षेत्र में आंधी-बारिश का कहर

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**



जिले के किस्को क्षेत्र में दोपहर बाद अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। इधर किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परहेपाट के होंदगा बड़का टांड़ निवासी अजय ठाकुर, दीपक ठाकुर और बालेश्वर ठाकुर के घर का एडवेस्टस को आंधी तूफान ने मीलो दूर उडा. ले गया, जिससे भुक्तभोगी गरीब परिवार वालों के समक्ष सिर छिपाने की चिंता उत्पन्न हो गई है। इन भुक्तभोगी परिवार वालों ने बताया कि दोपहर अचानक आई आंधी और बारिश से हमारे घर तहस नहस हो गए हैं। इन लोगों ने कहा कि हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। ऐसे में घर की मरम्मत कराने को लेकर प्रशासन मदद करे तो आंधी से ध्वस्त घरों को मरम्मत कराकर सपरिवार सुरक्षित जीवन यापन कर सकेंगे। बता दें कि किस्को क्षेत्र में सोमवार को दोपहर में गरीबों के समक्ष दिवालियापन लाकर खड़ा कर दिया है। अचानक आई आंधी और बारिश से न केवल गरीबों के आशियाने ध्वस्त हो गए, बल्कि कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। साथ ही आंधी की वजह से क्षेत्र के कई पेड़ को भी गिर गए। हालांकि आंधी और बारिश से क्षेत्र के लोगों को इस भीषण गर्मी से थोड़ी बहुत राहत पहुंची है। मामले को लेकर अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बुड़ायं सारू ने कहा कि पीड़ित परिवार क्षतिग्रस्त आवास का फोटो आवेदन के साथ संलग्न कर कार्यालय में जमा करें। जांच कर आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

# 'लोहरदगा लोस व विस सीट हर हाल में कांग्रेस जीतेगी'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



लोहरदगा लोकसभा और विधानसभा सीट हर हाल में कांग्रेस पार्टी जीतेगी। इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसको लेकर कांग्रेस संगठन पूरी तरह चुनावी मोड पर आ गया है। उपरोक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने सोमवार को स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा। पूर्व विधायक सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा, कांग्रेस संगठन का प्रखंड और पंचायत कमेटी मजबूत और सशक्त होना जरूरी है। प्रखंड और पंचायत कमेटी में समन्वय होने से मजबूत और ठोस बूथ कमेटी बनेगी। सशक्त बूथ कमेटी के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा सीट कांग्रेस हर हाल में जीतेगी। बंधु तिर्की ने कहा, निष्क्रिय और शिथिल पंचायत अध्यक्षों को बदल दिया जाएगा। जमीनी स्तर पर निष्क्रिय रहने वाले कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का फेरबदल होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष को भी गांव की महत्वपूर्ण समस्याओं की सूची बनाने का निर्देश दिया गया है।

# भारतीय जनता पार्टी विकास करने वाली पार्टी : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा विधानसभा स्तरीय लोहरदगा विधानसभा का लाभार्थी सम्मेलन आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के अध्यक्षता में किया गया।

लाभार्थी सम्मेलन में सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं की संख्या इतनी है कि एकबार में उसकी व्याख्या करना असंभव है। भाजपा विकास करने वाली पार्टी है इसका प्रमाण आम जनमानस ने दिया है। विगत 9 वर्षों से लगातार मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब, किसान, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, सुरक्षा, सामाजिक, आर्थिक, महिला, युवा, वृद्ध सहित सुदूर क्षेत्र में निवास करनेवाले अंतिम व्यक्ति लाभान्वित किया है। आज लाभुक को बालू नहीं मिल पा रहा है और बालू झारखंड से बाहर बिचौलियों के माध्यम से चली जा रही है। बालू माफिया बेखौफ होकर शहरों में रात भर बालू गाड़ियां भर भर कर दौड़ाते नजर आ रहे है और सरकार कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। 2024 लोकसभा विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ले। शिवशंकर उरांव ने कहा कि वर्तमान में आजादी के बाद योजनाओं का निर्माण और निष्पादन सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ धरातल पर किया जा रहा है। आज भारत का हर एक नागरिक प्रत्येक योजनाओं के लाभ की राशि सीधे अपने खाते में भ्रष्टाचार मुक्त प्राप्त कर रहा है बिचौलिए खत्म हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के दम पर है वैश्विक महामारी में भारत की जनता की सुरक्षा की जा सकी। मनोज मिश्रा ने कहा कि हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को पुनः एक बार 2024 के चुनाव को लेकर जनता के बीच संकल्पित होकर जाने की जरूरत है। मौके पर ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो ने भी संबोधित किया। मौके पर सूरज मोहन साहू, सामेला भगत, श्रीचंद प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद ,राकेश प्रसाद, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, टिंकू राजू रजक, अनिल उरांव, मीणा बाखला,सरोज प्रजापति ,पशुपति नाथ पारस,सुरेश बैठा,मनिष शिखर, दिलीप पटनायक, अमरेश भारती, विवेक सोनी, हीरा नाथ शाह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### विद्यार्थियों के विकास में कॉलेज की भूमिका श्रेष्ठ

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में विद्वत गोष्ठी का आयोजन किया गयो विद्वत परिषद के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में कॉलेज श्रेष्ठ भूमिका निभा रहा है। गोष्ठी की शुरुआत टाना भगत इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य शिरीश प्रसाद केसरी ने किया। इससे पूर्व महाविद्यालय के परिसर में विद्वत जनों द्वारा पौधारोपण किया गया। अतिथि परिचय और स्वागत प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी द्वारा किया गया। बैठक में बी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य परमानंद अग्रवाल, पतंजलि योग समिति के जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, सेवानिवृत्त राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बैजनाथ मिश्र, डॉक्टर कुमुद कुमार, सेवा निवृत्त कला शिक्षक देवानंद महतो, बी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य लोहरा उरांव, विद्या मंदिर के पूर्व आचार्य गोरख पांडे, ताना भगत इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य शिरीश प्रसाद केसरी तथा पीटीपीएस कॉलेज पतरातु के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर विद्यानंदन शर्मा, विद्वत परिषद की प्रमुख प्रीति कुमारी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के मैट्रिक परीक्षा 2022- 23 में उत्कृष्ट परीक्षा फल प्राप्त करने वाले भैया बहनों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गुमला विभाग के प्रमुख अखिलेश कुमार ने कहा कि किसी भी विद्यालय के लिए भैया बहनों का सम्मान समारोह सबसे बड़ा उत्सव का दिन है। मंच का संचालन विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अतिथि परिचय कराया। इस मौके पर विद्यालय की आचार्या जया मिश्रा, सचिव अजय प्रसाद, समिति सदस्या शोभा देवी, जिला जनजातीय मंच के प्रमुख लक्ष्मी नारायण भगत, समिति सदस्य पुष्कर महतो, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं दसवीं कक्षा के मेधावी भैया बहनों के अभिभावक बंधु भगिनी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

### भंडरा में सड़क दुर्घटना में युवती हुई घायल

**भंडरा।** भंडरा से लोहरदगा सड़क में भैंसमुंडो चर्च के पास ऑटो से गिरने से युवती सीता कुमारी घायल हो गई .घायल युवती को भाजपा कार्यकर्ता बाल कृष्णा सिंह के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडारा पहुंचाया गया .सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में प्राथमिक उपचार के बाद युवती के बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया. घायल युवती गुमला जिला के भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत मोर गांव की निवासी थी.

### राजनीतिक दलों संग बीडीओ ने की बैठक

**भंडरा।** प्रखंड परिषर स्थित सभागार में सोमवार को निर्वाचन से संबंधित बैठक का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा की गई ।इस बैठक में राजनीतिक पार्टी के प्रखंड अध्यक्षों, बीएलओ, पर्यवेक्षको को निर्वाचन संबंधित जानकारी दी गई ।इस बैठक में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा एवं सीओ दिनेश कुमार गुप्ता ने मतदाता जागरूकता से संबंधित एवं निर्वाचन से संबंधित जानकारी देते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वान किया। इस बैठक का मुख्य बिंदु मतदाताओं को जागरूक करना था। बैठक में राजनीतिक पार्टी के अध्यक्षों के की उपस्थिति नहीं हुई। सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक बैठक में उपस्थित थे।

### वित्त मंत्री डॉ. उरांव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह के नेतृत्व में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से प्रोजेक्ट भवन में मिलकर मांग पत्र सौंपा। डॉ रामेश्वर उरांव ने गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि चौकीदारों की जो मांग है उस पर हम कार्मिक और गृह सचिव से बात करेंगे और जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से भी बात की जाएगी। चौकीदारों का मांग जायज है। इस पर विचार करते हुए मदद किया जाएगा और इनकी मांगों को पूरा करने की प्रयास की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष के अलावे झारखंड प्रदेश के सचिव संजीव कुमार, संयुक्त सचिव व जिलाअध्यक्ष समसुल अंसारी, निजावत अंसारी, जिला सचिव लोहरदगा अनिरुद्ध महली, मुमताज अंसारी, वर्षा उरांव, कृष्णा महतो, शहीद अंसारी, अनुज के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

### तीन आंगनबाड़ी केंद्रों पर सहायिका चयन

**कैरो।** महिला एवं बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में सोमवार को कैरो पंचायत के कैरो आदिवासी मुहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र,कैरो बिराजपुर आँगबाड़ी केंद्र एवं मुस्लिम मुहल्ला उतका आँगबाड़ी केंद्रों में सहायिका चयन को लेकर सरकार के निदेर्शानुसार बैठक की गई।मौके पर महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी कैरो सोनिया मंजू ठाकुर के द्वारा सरकार के निदेर्शानुसार चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सहायिका का कार्य एवं जिम्मेवारी की जानकारी विस्तारपूर्वक दी।तीनो केंद्रों में सरकार के गाइडलाइन के अनुसार ग्रामीणों के सर्वसहमति से सहायिका चयन प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली,पर्यवेक्षिका लक्ष्मी तिवारी,आँगबाड़ी सेविका सुगिया कुजूर, सुचित्रा उरांव,अख्तरुन निशा,रुकमणी उरांव, सुनीता देवी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

**पहल** — स्कूल रुआर-2023 बैक टू स्कूल कैंपेन की बैठक-सह-कार्यशाला आयोजित

# सरकारी विद्यालय भी निजी विद्यालय से कम नहीं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा की ओर से ₹स्कूल रुआर-2023₹ (बैक टू स्कूल कैंपेन) के कार्यशाला-सह-बैठक का आयोजन न्यू रोड खादगढ़ा स्थित मैरेज हॉल में किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि 'रुआर-2023' कार्यक्रम सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत छात्रों को विद्यालय से जोड़ने का सार्थक प्रयास है। हमारे सरकारी विद्यालय भी किसी निजी विद्यालय से कम नहीं है। यह कार्यक्रम बच्चों को विद्यालय में उनके नामांकन और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आम्बुज्य पांडेय, एपीओ अशोक पांडेय, विश्वदीपक झा, सरिता एक्का, सपना सिंह, एसीपी श्याम चौधरी, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी बीआरपी, सीआरपी, जिले के सभी प्रखण्ड के सभी मध्य, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षक, जिला के प्रतिनिधि और प्रतिभागी उपस्थित थे।

डीईओ दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने बताया कि इसके अंतर्गत 5 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को पुनः विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित अध्यापन कार्य का संपादन किया जाना है। इसके संदर्भ में विद्यालय स्तर पर 16 जून से 15 जुलाई 2023 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा ताकि बच्चों की नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित किया जा सके। समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 6 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालययी शिक्षा पूर्ण कराना है। बच्चों के हित में सभी भागीदारियों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। जिसके अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, शिक्षा से जुड़े कर्मी और पदाधिकारी की भागीदारी से यह लक्ष्य की प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सुनियोजित एवं संगठित ढंग से संचालित करने के लिए अभियान का उद्देश्य, लक्ष्य, क्रियान्वयन, रणनीति एवं एक सुस्पष्ट कार्ययोजना बनाई गई है। जो विद्यालय स्तर पर आयोजित होगी। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एके पांडेय ने बताया कि रुआर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 आयु वर्ग के नामांकित सभी बच्चों का विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करना, विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना, पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि करना, सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्या वाहिनी में दर्ज कराना एवं नियमित अनुश्रवण करना, नव नामांकित बच्चों का शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। इस अभियान में प्राथमिक विद्यालय का निकटतम मध्य विद्यालय से मैपिंग करना, मध्य विद्यालय का निकटतम उच्च विद्यालय तथा उच्च विद्यालय से उत्तर प्लस टू विद्यालय से मैपिंग करना एवं कक्षा 5 से 6, कक्षा 8 से 9 एवं कक्षा 10 से 11 में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना भी शामिल है।

# भारतीय वस्त्र की अमेरिका और यूरोप में मांग घटी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात में मई के दौरान सालाना आधार पर 12.2 फीसदी की गिरावट आई। इसका प्रमुख कारण यूरोप और अमेरिका के बाजार की मांग में गिरावट आना था। उद्योग के विशेषज्ञों का आकलन है कि कपास के मूल्यों में नरमी और पश्चिम में महंगाई कम होने से जुलाई से गिरावट के रुझान में बदलाव आएगा। मई में वस्त्र और परिधान का संचयी निर्यात 281.639 करोड़ डॉलर था जबकि यह एक साल पहले 320.643 करोड़ डॉलर था। वस्त्र का निर्यात बीते साल के 179.126 करोड़ डॉलर से 12 फीसदी गिरकर 158.057 करोड़ डॉलर हो गया। इस क्रम में परिधान निर्यात भी मई 2022 के 141.517 करोड़ डॉलर से 13 फीसदी गिरकर इस मई में 123.582 करोड़ डॉलर हो गया। इस क्रम में दिल्ली स्थित टीटी लिमिटेड के संजय कुमार जैन ने बताया, करीब बीते एक साल से नकारात्मक वृद्धि जारी है। यह प्रमुख तौर पर मांग में गिरावट के कारण आई है। अभी यूरोप महंगाई का सामना कर रहा है। अमेरिका में उच्च ब्याज दर के कारण मूल्य श्रृंखला मुहैया कराने वालों की मांग में गिरावट आई है।

## भारत ने एक महीने में 10 हजार करोड़ रुपए के आईफोन का एक्सपोर्ट किया

**नई दिल्ली।** मेक इन इंडिया अभियान की बदौलत आज देश में ज्यादातर स्मार्टफोन कंपनियां अपने डिवाइस बना रही हैं। इन में से एक एप्पल है, जिसने मई के महीने में आईफोन के एक्सपोर्ट का नया रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने एक महीने में 10 हजार करोड़ रुपए के आईफोन एक्सपोर्ट किए हैं। इसके साथ ही अब भारत में स्मार्टफोन का कुल एक्सपोर्ट का आंकड़ा 12 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एप्पल ने पिछले वर्ष की तुलना में इस साल अप्रैल व मई में 20 हजार करोड़ से अधिक के आईफोन भारत से एक्सपोर्ट किए हैं। आईफोन का निर्यात चार गुना बढ़ गया है। भारत से एक्सपोर्ट होने वाले फोन्स में आईफोन की 80 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। इसके बाद कोरियन ब्रांड सैमसंग का नाम आता है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि चीन और अमेरिका के बीच चल रही तनातनी की वजह से एप्पल ने भारत की तरफ रुख किया है।

## सरकार ने तय किया 5,926 रुपये प्रति ग्राम सोने का मूल्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने सरकारी स्वर्ण बॉन्ड (एसजीबी) योजना 2023-24 की सोमवार से शुरू हो गयी है। पहली किस्त के लिए सोने का निर्गम मूल्य 5,926 रुपये प्रति ग्राम तय किया है। वित्त मंत्रालय ने विगत शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पहली किस्त में स्वर्ण बॉन्ड की खरीदारी 19 जून से लेकर 23 जून तक की जा सकेगी। इस दौरान खरीदे जाने वाले स्वर्ण बॉन्ड का निर्गम मूल्य 5,926 रुपये प्रति ग्राम तय किया गया है। इस योजना के तहत सरकार डिजिटल पेमेंट को भी बढ़ावा दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि बॉन्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले और डिजिटल माध्यम से भुगतान करने वाले निवेशकों को खरीद पर 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट देने का निर्णय लिया गया है। बॉन्ड को बैंकों, चिह्नित डाकखानों, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) और शेयर बाजारों- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के माध्यम से बेचा जा सकेगा। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में शुद्धता का कोई रिस्क नहीं होता है। आप इसे गिरवी रखकर आराम से लोन ले सकते हैं।इस स्कीम को सॉवरेन गारंटी मिली होती है।




### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114

Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-07 / 2023–24 दिनांक–16.06.2023

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 21-06.2023 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.06.2023 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26-06.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)

10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकंडा एवं चिनियाँ | GAR/RM-01 | 1100 Nos. | 10,17,709.00 | 20,354.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 2 | मेराल, डंडई, कांडी, बरडीहा, मझिआँव, भंडरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-02 | 1250 Nos | 11,56,487.00 | 23,130.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 3 | नगर उंटारी, रमना एव विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-03 | 1150 Nos. | 10,63,968.00 | 21,279.00 | 2500.00 | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 300388 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई- अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन् निविदा संख्या– 06/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 17.06.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आइडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/ 2023-24/26 | कान्हाचट्टी | राजपुर | राजपुर | छोटु गुप्ता के घर से अजित राम के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। (ल.–0.550 कि.मी.) | 39,23,300.00 | उन्चालीस लाख तेईस हजार तीन सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26.06.2023
3. ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.07.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमय :– 05.07.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.07..2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. ई– निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
7. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 8084225903
8. ई– निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"
9- UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 300393 Rural Work Department (23-24)_D



### Office of the Executive Engineer
Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

E-Procurement Very Short Tender Notice

Tender Reference No. DWSD/LTR/SR-06/23-24 (1st Call) Date – 19.06.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Name of Department | :- | Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand |
| 02 | Date & Time of Tender uploading in Web site | :- | 21.06.2023 at 04.00 P.M |
| 03 | Last date of Receipt of Bid | :- | 27.06.2023 upto 05.00 P.M |
| 04 | Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money | :- | 28.06.2023 at 05.00 P.M 1. Executive Engineer D W & S Div Latehar 2. Suprintending Engineer D W & S Circle Medininagar |
| 05 | Date of Opening Tender | :- | 01.07.2023 at 02.30 P.M |
| 06 | Name & Address of Tender Inviting Authority | :- | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 07 | Contact No of Procurement Office | :- | 9430725642 & 6201242103 |

Detail of work;-

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Relcation of Defunct T/well 125mmx115mmx60 mtr deep S/R Drilled Tube Well complete with installation of India Mark-II Hand Pump with 32mm dia medium Class G.I Riser Pipe by DTH rig Machine with 125 mm blue UPVC Casing Pipe including Platfrm & Drain etc. for F.Y 2023-24 | SR-01 | 25 | 2097205.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 02 | | SR-02 | 25 | 2097205.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 03 | | SR-03 | 23 | 1929429.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 300404 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



### कार्यालय
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला
वेद व्यास आवास योजना हेतु आवेदन आमत्रंण सूचना (संशोधित)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्यादेश संख्या 06रा0(वि0) दिनांक 06.06.2023 के द्वारा गुमला जिले के सभी सक्रिय मत्स्य पालकों/मछुआरों/समिति के सदस्यों हेतु गुमला जिले में अनुसूचित जातियों के लिए 03 एवं जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के तहत् 20 कुल 23 वेद व्यास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त है । आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला से प्राप्त कर सकते है। सभी इच्छुक मत्स्य पालक दिनांक **26.06.2023** तक आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर आवश्यक कागजातों के साथ कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है ।

1. कृषि प्रभाग द्वारा अधिश्ठापित सिंगल विंडो के माध्यम् से प्राप्त आवेदनों अथवा आवश्कतानुसार समाचार पत्रों में विज्ञापन के उपरान्त प्राप्त आवदनों में से लाभुकों का चयन किया जायेगा । पूर्व के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।
2. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/समिति के सदस्य/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकडने/मत्स्य बिकी में सकिय हों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. प्राथमिकता गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालकों को दी जायगी।
4. आवास हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घरवाले मछुआरों को भी कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है । एक परिवार में एक आवास देय है । आवश्यकतानुसार पति–पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जायगी।
5. प्रकियानुसार आवेदक दिव्यागों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 03 प्रतिशत् तथा महिलाओं के लिए न्यनतम 10 प्रतिशत् राशि का प्रावधान जिलावार किया जायेगा ।
6. ऐसे लाभुकों को दोबारा लाभ नही दिया जायगा, जो पूर्व संचालित विभागीय मछुआ आवास योजना अथवा इन्दिरा आवास या समतुल्य केन्द्र/राज्य सरकार की किसी भी आवास योजना से लाभान्वित हो चुके है ।
7. आवेदक को वर्त्तमान में रह रहे अपने कच्चे आवास का जियो टैग फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करना होगा ।
8. आवेदन पत्र के साथ फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि संबंधित कागजात (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) वर्तमान आवास का फोटो संलग्न करना आवश्यक है।
9. आवेदक (पति/पत्नि) को इंदिरा आवास/अन्य योजनान्तर्गत आवास नही मिला है का प्रमाण पत्र (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा निर्गत) संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
10. लाभुक का चयन राज्यादेशानुसार गठित समिति द्वारा की जायगी, जिसका निर्णय अंतिम होगा तथा उस पर किसी प्रकार का कोई भी पत्राचार नही किया जायगा।
11. किसी भी आवेदन को विभाग हित में स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (इंदिरा आवास) के मानक प्राक्कलन के आधार पर आवास निर्माण का कार्य लाभुकों के द्वारा स्वंय कराया जाएगा ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गुमला

PR 300415 (Fish)23-24*D



### झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
कार्यालयः– जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।

आम सूचना।

विभागीय राज्यादेश सं0– 15 दिनांक 05-06-2023 द्वारा स्वीकृत राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में उद्यानिकी फसलों के चहुमुखी विकास के साथ–साथ कृषकों के आय में अधिक से अधिक वृद्वि लाने के उद्देश्य से "राज्य उद्यान विकास योजना" अन्तर्गत उपयोजना "उद्यान विकास की योजना" का क्रियान्वयन जिला गढ़वा में किया जाना है।

गढ़वा जिला के कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि उक्त योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का क्रियान्वयन अनुदान/अधिकतम राशि पर लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वंय सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/ सहकारी समिति/सखी मंडल जो योजना अवयव का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन–पत्र अनुशंसा नामित सरकारी कर्मी/जनसवेक (VLW)/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी (BAO)/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM)/सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM)/उद्यान मित्र/कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक से हस्ताक्षर एवं स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर दिनांक 14-07-2023 तक कार्यालय अवधि में अपने–अपने प्रखण्डों के प्रखण्ड कार्यालय में या जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में जमा कर सकते हैं।

उद्यान विकास की योजना का भौतिक लक्ष्य उपयोजनावार (सं0/इकाई/हे0/एकड़ एवं वर्गमीटर में)

| क्रम सं0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य OSP | SCSP | कुल भौतिक लक्ष्य | कुल प्राक्कलित राषि | विभागीय अनुदान/अधिकतम राषि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बागवान मित्र/उद्यान मित्र/कृषक को 5 दिवसीय प्रषिक्षण | 224 सं0 | 65 सं0 | 289 सं0 | – | शत प्रतिषत। |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रषिक्षण | 11 सं0 | 04 सं0 | 15 सं0 | – | शत प्रतिषत। |
| 3 | मिर्चा की खेती | 18 हे0 | 6 हे0 | 24 हे0 | प्रति हे0 30000/– रूपये। | 40 प्रतिषत। |
| 4 | ओल की खेती | 18 हे0 | 6 हे0 | 24 हे0 | प्रति हे0 300000/– रूपये। | सहायता अनुदान प्रति हे0 40000/– रूपये। |
| 5 | अदरख की खेती | 11 हे0 | 4 हे0 | 15 हे0 | प्रति हे0 लागत 195000/– रूपये। | 40 प्रतिषत। |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 9 इकाई | 3 इकाई | 12 इकाई | प्रति इकाई लागत 300000/– रूपये। | 75 प्रतिषत। |
| 7 | खुले वातावरण में फुलों की खेती | 27 एकड़ | 9 एकड़ | 36 एकड़ | प्रति हे0 लागत 40000/– रूपये | 50 प्रतिषत |
| 8 | टिषुकल्चर केला की खेती | 11 हे0 | 2 हे0 | 13 हे0 | प्रति हे0 लागत 191600/– रूपये। | सहायता अनुदान अधिकतम प्रति हे0 60000/– रूपये। |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 22 इकाई | 7 इकाई | 29 इकाई | प्रति इकाई लागत 40000/– रूपये। | शत प्रतिषत। |
| 10 | सब्जी की खेती | 200 हे0 | 70 हे0 | 270 हे0 | – | सहायता अनुदान प्रति हे0 10000/– रूपये। |
| 11 | मषरूम कीट वितरण (Oyester) | 2100 इकाई | 750 इकाई | 2850 इकाई | – | शत प्रतिषत। |
| 12 | मषरूम पर 5 दिवसीय प्रषिक्षण | 70 सं0 | 25 सं0 | 95 सं0 | – | शत प्रतिषत। |
| 13 | पपीता पौध रोपण (प्रति पौधा 5 रू0) | 11208 सं0 | 3736 सं0 | 14944 सं0 | – | प्रति पपीता पौध 5 रूपया सहायता अनुदान। |
| 14 | टिषुकल्चर स्ट्रॉबेरी की उन्नत खेती | 9 हे0 | 3 हे0 | 12 हे0 | प्रति हे0 कुल लागत 525365/– रूपये। | 50 प्रतिषत अनुदान। |
| 15 | गुणवत्तायुक्त फुल, फल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैंपलिंग नर्सरी) | 18 सं0 | 7 सं0 | 25 सं0 | प्रति इकाई कुल लागत 300000/– रूपये। | 75 प्रतिषत अनुदान। |

नोट–
1. वित्तीय वर्ष 2023-24 में सभी योजनाएं Block Chain Technology के माध्यम से की जायेगी। Block Chain में निबंधित कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
2. ST,SC एवं Marginal Farmers का नियमानुसार चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को कम से कम 30 प्रतिशत चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. पिछले तीन वर्षो में जिन लाभुक या उसके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
5. माली प्रशिक्षण हेतु ऐसे लाभुकों का चयन किया जायेगा जिनकी उम्र न्यूनतम 20 से 45 वर्ष के बीच हो मैट्रीक उत्तीर्ण अथवा समकक्ष (प्रमाण–पत्र), कृषि उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में ही आवेदन निशुल्क प्राप्त किया सकता है।
8. आवेदन जिस भी अवयव हेतु हो वो स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए
9. अपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
10. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/ कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 300389 Agriculture(23-24)D



### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक .............. दिनांक ..................

आवश्यक सूचना

कार्यालय ज्ञापांक 1888 दिनांक 11.05.2023 (Tender ID – UDHD/MMC/AMRUT-2/2023-24) द्वारा Detailed Project Report for Rejuvenation of Water Bodies in Palamau Division in Ward no. 18 (Jharna Talab) हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसका PR – 293840 है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.300420 District(23-24):D



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।
(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

रामगढ़ थाना कांड सं0–25/2021 के अभियुक्त पवन रवि पिता बन्धु राम सा0 नावाडीह थाना रामगढ़ जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है। अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि रामगढ़ थाना कांड सं0–25/2021 के अभियुक्त पवन रवि पिता बन्धु राम सा0 नावाडीह थाना रामगढ़ जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदरः– 9431706240
थाना प्रभारी, रामगढ़ः– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 300400 Police(23-24)D



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,पलामू
(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

लेस्लीगंज थाना कांड सं0–39/2018 के प्राथमिकी अभियुक्त 1. एजरूल मिंया पिता स्व0 अली हुसैन मियां सा0 जुरु थाना लेस्लीगंज 2. राम स्वरूप कुमार गुप्ता पे0 विनायक साव सा0 मुरमा थाना पड़वा दोनो जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है। अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि प्राथमिकी अभियुक्त 1. एजरूल मिंया पिता स्व0 अली हुसैन मियां सा0 जुरु थाना लेस्लीगंज 2. राम स्वरूप कुमार गुप्ता पे0 विनायक साव सा0 मुरमा थाना पड़वा दोनो जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज (पांकी):– 9334185502
थाना प्रभारी, लेस्लीगंजः– 9431706253

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 300399 Police(23-24).D



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू
(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

हरिहरगंज थाना कांड सं0–37/2019 के प्राथमिकी अभियुक्त संजय गोदराम पिता सरयू यादव सा0 देवगन थाना छतरपुर जिला के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है। अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि प्राथमिकी अभियुक्त संजय गोदराम पिता सरयू यादव सा0 देवगन थाना छतरपुर जिला के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुरः– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंजः– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 300398 (Police)23-24*D



### समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)
(नगरपालिका निर्वाचन 2023)
Email - dprogarhwa84@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची के पत्रांक – 472 दिनांक – 02.06.2023 के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2023 के तहत गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख), मझिआँव नगर पंचायत एवं श्री बंशीधर नगर पंचायत के विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) मतदान केन्द्रवार मतदात सूची के **प्रारूप प्रकाशन** दिनांक – 19.06.2023 को किया गया है।

प्रारूप मतदाता सूची विनिर्दिष्ट स्थानों यथा संबंधित नगरपालिका कार्यालय, संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय एवं निम्न वर्णित प्राधिकृत पदाधिकारी के कार्यालय में मतदाताओं के निरीक्षण हेतु दिनांक – 01.07.2023 तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) 11:00 पूर्वाहन् बजे से 05:00 बजे शाम तक रखी जाएगी। प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर प्राप्त दावा/आपत्ति विहित प्रपत्र में दिनांक – 06.07.2023 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त की जाएगी।

प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं इसके निष्पादन हेतु नगरपालिका क्षेत्रानुसार निम्न विवरण के अनुसार पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है।

| क्र0 | नगरपालिका का नाम | प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम | मोबाईल नम्बर | दावा/आपत्ति देने हेतु चिन्हित स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग – ख) | श्री कुमार मयंक भूषण, अंचल अधिकारी गढ़वा | 7857986542 | अंचल कार्यालय गढ़वा |
| 2 | मझिऑव नगर पंचायत | श्री रामजी प्रसाद गुप्ता, अंचल अधिकारी, मझिऑव। | 6204604487 | अंचल कार्यालय मझिऑव |
| 3 | श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत | श्री श्रवण राम, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगर उँटारी। | 8434174770 | प्रखण्ड कार्यालय नगर उँटारी |

संबंधित नगरपालिका क्षेत्र के आमजन से अनुरोध है कि दिनांक – 19.05.2023 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर यदि किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो, तो दिनांक – 06.07.2023 तक कार्यालय अवधि में उक्त कार्य हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी को विहित प्रपत्र में हस्तगत करा दिया जाय। उक्त निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार की दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 300451 (Panchayati Raj) 23-24 (D)

**'दुनिया में अधिकांश लोग इसलिए असफल हो जाते हैं क्योंकि विपरीत परिस्थितियां आने पर उनका साहस टूट जाता है और वह भयभीत हो जाते हैं।'**




# आंखें अनमोल धरोहर..

**हम** सब की आंखें अनमोल हैं। इसकी सुरक्षा की जवाबदेही खुद हमारी होनी चाहिए। ये आंखें देखने की अनुमति देती हैं। वह हमारे आस-पास की दुनिया से प्रकाश लेकर मस्तिष्क को दृश्य भेजती हैं। शरीर का सबसे कोमल अंग आंख हैं। आंखों का काम सिर्फ देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुंचाना होता है। शरीर की खूबसूरती में भी ये सहायक होती हैं। हमारी आंखें कुदरत का उपहार हैं। इसे संभाल कर रखना बहुत जरूरी है। ऐसे में कहा जा सकता है कि-- दिल मैं अपनी कम छोड़ कर,आंखों की तरफ रूख छोड़ूगां। तुम आंखों से सब पढ़ लो ना,मैं मुंह से सही बोलूं क्या। अर्थात हमारी आंखे हैं,तो जहान है,नहीं तो कुछ भी नहीं। कहने का अभिप्राय यह कि पिछले दिनों झारखंड के रिम्स में नेत्र रोग के विभागाध्यक्ष डा. राजीव कुमार गुप्ता प्रभारी निदेशक बनाये गये। पदभार संभालते ही उन्होंने रिम्स की चरमराई व्यवस्था को ठीक करने की सलाह सबको दी है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि यहां की स्थिति कितनी खराब है। रिम्स में हर दिन करीब दो हजार मरीज ओपीडी में इलाज करने पहुंचते हैं। जबकि इनडोर में 1500 के आस-पास भर्ती रहते हैं। यहां कई राज्यों से मरीज आते हैं। लेकिन दुर्भाग्य इनकी उचित देखभाल नहीं हो पाती है। कारण पर्याप्त संख्या में डा. उपलब्ध नहीं हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या निजी प्रैक्टिस है। यही कारण है कि कम संख्या के बावजूद जो डा. हैं,वह अपनी प्रैक्टिस में सारा ध्यान देते हैं। स्वभाविक है कि ऐसे डाक्टर ईमानदारी पूर्वक सेवा नहीं दे रहे हैं। यह एक गंभीर समस्या है। इस पर अविलंब सरकार को ध्यान देना चाहिए। ऐसे में निजी प्रैक्टिस पर रोक लगनी चाहिए। दूसरी तरफ अस्पताल की, लचर व्यवस्था में सुधार लाना चाहिए। लाचार मरीज बड़ी आशा लेकर यहां आते हैं। ऐसे में डाक्टरों को उनके हालत पर तरस खानी चाहिए। कारण बहुत ऐसे आंख के मरीज हैं,जिन्हें आंख से कम दिखाई पड़ती है। ऐसे में आंख जैसे नाजुक मसले पर कोताही बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए। पलामू के मेदिनीनगर के एक निवासी की बातों पर अगर यकीन किया जाये तो लोग हैरत में पड़ जायेगें। आंख का इलाज कराने अमुक व्यक्ति रांची गये। निजी अस्पताल में इनके आंख की पुतली का एक्सरे के लिए ड्राप डाला गया। कुछ घंटों तक आंख की रौशनी धुंधली हो गयी। उस समय ऐसा लगा कि दुनिया में मेरा कुछ भी नहीं है। हताशा और निराशा के कुछ घंटे के बाद आंख से स्पष्ट दिखाई देने लगी। उस समय की याद को साझा करते हुए अमुक व्यक्ति ने बतलाया कि आंख की सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति को सावधानी से करनी चाहिए। ऐसे में समझा जा सकता है कि आंख का पानी चिकित्सकों को भी होनी चाहिए। उन्हें पगार सरकार अगर देती है तो उसका वह ईमानदारी पूर्वक उसका पालन करें। निजी प्रैक्टिस उनका हक नहीं बनता है। ऐसे डा. गुप्ता के कामों में सहयोग कर राज्य के इस गौरवशाली रिम्स को बचाने की दिशा में आगे आयें। बहरहाल रिम्स से झारखंड के साथ बिहार, उत्तर प्रदेश छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के मरीज अनवरत इलाज के लिए यहां आते हैं। ऐसी स्थिति में उनका ख्याल रखना हम सब की भी जवाबदेही है। खास कर रांची में आंख के कई ख्याति प्राप्त चिकित्सक मौजूद हैं। राष्ट्रीय फलक पर इन डाक्टरों की धमक है। उसमें डॉ. भारती कश्यप एक बड़ा नाम है। इनकी सेवा भावना से राष्ट्रपति ने भी नवाजा है। इस स्थिति में रिम्स की अच्छी व्यवस्था डाक्टरों के इन नामों से भी जुड़ा हुआ है।

**रिम्स में हर दिन करीब दो हजार मरीज ओपीडी में इलाज करने पहुंचते हैं। जबकि इनडोर में 1500 के आस-पास भर्ती रहते हैं। यहां कई राज्यों से मरीज आते हैं।**

# भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण



**भारत** अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण देश है। देश में अनेक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्राचीन स्थल और विरासत स्मारक मौजूद हैं। भारत सरकार ने देश की कालातीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 'विकास भी विरासत भी' के नारे के तहत यह प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के कार्य को अत्यधिक महत्व दिया है। सभ्यतागत महत्व के उपेक्षित स्थलों का पुर्नविकास करना सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। मई 2023 तक, सरकार द्वारा भारत की प्राचीन सभ्यता की विरासत को संरक्षित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दशार्ते हुए देश भर में तीर्थ स्थलों को कवर करने वाली 1584.42 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 45 परियोजनाओं को प्रसाद (पीआरएएसएडी) यानी (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के तहत अनुमोदित किया गया है। कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और वाराणसी में कई अन्य परियोजनाओं ने शहर की गलियों, घाटों और मंदिर परिसरों को बदल दिया है। इसी तरह, उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना और गुवाहाटी में मां कामाख्या कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव को समृद्ध करने, उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक ऐतिहासिक क्षण में, अगस्त 2020 में अयोध्या में राम मंदिर के लिए भूमिपूजन हुआ और एक भव्य मंदिर का निर्माण जोरों पर है। एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास के तहत 825 किमी लंबी चारधाम सड़क परियोजना है, जो चार पवित्र धामों को निर्बाध बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2017 में केदारनाथ में पुर्ननिर्माण और विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी, जिसमें आदि शंकराचार्य की समाधि भी शामिल थी, जो 2013 की विनाशकारी बाढ़ में तबाह हो गई थी। नवंबर 2021 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ में श्री आदि शंकराचार्य की समाधि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया था। इसके अतिरिक्त, गौरीकुंड को केदारनाथ और गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ने वाली दो रोपवे परियोजनाएं पहुंच को और बढ़ाने और भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार हैं। सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सरकार के समर्पण के एक और उदाहरण में, प्रधानमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें सोमनाथ प्रोमेनेड, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और पुराने (जूना) सोमनाथ के पुनर्निर्मित मंदिर परिसर शामिल हैं। इसी तरह, करतारपुर कॉरिडोर और एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे श्रद्धालुओं के लिए पाकिस्तान में पवित्र गुरुद्वारा करतारपुर साहिब में मत्था टेकना आसान हो गया। हिमालयी और बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना भी सरकार के प्रयासों में विशेष रूप से शामिल है। स्वदेश दर्शन योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से 76 परियोजनाएं शुरू की हैं। बौद्ध सर्किट के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे भक्तों के लिए बेहतर आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित हुआ है। 2021 में, कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया, जिससे महापरिनिर्वाण मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सके। पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में बौद्ध सर्किट के तहत सक्रिय रूप से स्थलों का विकास कर रहा है। इसके अलावा, नरेंद्र मोदी ने मई 2022 में नेपाल के लुंबिनी में तकनीकी रूप से उन्नत भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला रखी थी, जो बौद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। पुरावशेषों की वापसी के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। 24 अप्रैल, 2023 तक, भारतीय मूल के 251 अमूल्य पुरावशेषों को विभिन्न देशों से वापस प्राप्त किया गया है, जिनमें से 238 को 2014 के बाद से वापस लाया गया है। भारत के अमूल्य पुरावशेषों की वापसी देश के सांस्कृतिक खजाने की सुरक्षा और पुनः प्राप्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण है। हृदय (हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटेशन योजना) योजना के तहत 12 विरासत शहरों का विकास एक असाधारण विरासत के संरक्षक के रूप में खुद को स्थापित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत प्रभावशाली 40 विश्व विरासत स्थलों का दावा करता है, जिनमें से 32 सांस्कृतिक हैं, 7 प्राकृतिक हैं, और 1 मिश्रित श्रेणी के अंतर्गत है, जो भारत की विरासत की विविधता और समृद्धि को प्रदर्शित करता है। पिछले नौ वर्षों में ही विश्व विरासत स्थलों की सूची में 10 नये स्थलों को जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त, भारत की अस्थायी सूची 2014 में शामिल 15 साइटों से बढ़कर 2022 में 52 हो गई है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता और बड़ी संख्या में विदेशी यात्रियों को आकर्षित करने की क्षमता का संकेत है। भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को महीने भर चलने वाले काशी तमिल संगमम के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया - जो कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाना, देश के शिक्षण के 2 सबसे महत्वपूर्ण स्थानों फिर से पुष्टि करना और उन्हें खोजना है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार को सशक्त रूप से बढ़ावा देती है, जिसका उद्देश्य देश की संस्कृति का जश्न मनाना है। हाल ही में, देश भर के सभी राज्यों के सभी राजभवनों द्वारा राज्य दिवस मनाने का निर्णय भी एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को उजागर करता है। इन सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं और पहलों के माध्यम से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वे देश की समृद्ध संस्कृति के प्रति गहरी जागरूकता और इसकी विरासत को संरक्षित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सरकार का उद्देश्य भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक खजाने की रक्षा और प्रचार करके, भारतीय इतिहास और संस्कृति की वर्तमान और भावी पीढ़ियों की समझ को समृद्ध करना है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या को आकर्षित करने की क्षमता और विरासत स्थलों को पुर्नजीवित करने के चल रहे प्रयासों के साथ, भारत की प्राचीन सभ्यता और सांस्कृतिक परंपराएं वैश्विक मंच पर चमकती रहेंगी।

**नानू भसीन, अपर महानिदेशक, और ऋतु कटारिया, सहायक निदेशक। दोनों लेखिकाएं पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार की अधिकारी हैं। रिसर्च यूनिट, पीआईबी से इनपुट।**

**कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने भगवान लक्ष्मण की कथा

**तब** सीता मां बोली मेरे तो राम कथा सुनने का नियम हैं राम कथा सुनने के बाद ही में फल ग्रहण करूंगी। तब रामजी बोले मुझे कथा सुनादो , लक्ष्मण जी बोले मुझे सुनादो तब माँ सीता बोली ओरत की बात ओरत सुने आप मेरे पति हो , आप मेरे देवर हो आपसे कैसे कहूँ । तब लक्ष्मणजी ने सोचा इस जंगल में कौन ओरत मिलेगी तब लक्ष्मण जी ने अपनी माया से एक नगरी का निर्माण किया उस नगरी में सब सुख सुविधाओ से युक्त थी उस नगरी में सब चीजे सोने की थी इसलिये नगरी का नाम सोन नगरी रखा। सभी नगर निवासियों को घमंड हो गया उस नगरी में कोई गरीब नहीं था। जब सीता जी कुंवे पर पानी लेने गई और पनिहारिनो से राम राम किया तो कोई नहीं बोली थोड़ी देर में एक छोटी कन्या आई सीता जी उससे राम राम बोली और कहा की बाई राम कथा सुनेगी क्या तब वह बोली मेरे तो घर पर काम हैं सीता जी ने कहा मेरे पति राम और देवर लक्ष्मण भूखे हैं , तब लडकी बोली मेरी माँ मेरा इंतजार कर रही हैं` वह लडकी वहां से जानी लगी तब माँ सीता के क्रोध से सारी नगरी साधारण सी हो गई जब लडकी घर गई तो माँ बोली बाई ये क्या हुआ। तब लडकी बोली मेरे को तो पता नहीं हैं। वहां पर एक साध्वी बैठी थी मुझे राम कथा सुनने के लिए बोली पर में तो कथा नहीं सुनी। यदि उसने कुछ किया हो तो पता नहीं। तब उसकी माँ ने उसको वापस जाकर कथा सुनने को कहा , लडकी ने वापस जाकर कथा सुनने से मना कर दिया तब उसकी बहु बोली आपकी आज्ञा हो तो में कहानी सुन कर आती हूँ। जब बहु कुंवे पर गई तो पानी भरे और खाली करे तब सीताजी ने कहा आपके घर पर कुछ काम नहीं हैं क्या ?तब वह बोली माताजी में तो सारा काम करके आई हूँ तब माँ सीता बोली तू मुझे माँ कहकर बुलाई यदि तुझे समय हो तो मेरी राम कहानी सुन लेगी तब वह बोली माताजी कहानी सुनाओ मैं प्रेम से कहानी सुनूंगी ।

(क्रमशः)

# मेडिकल टूरिज्म व भारत पर बढ़ता भरोसा




डॉ. राजेश प्रसाद शर्मा

**मेडिकल** टूरिज्म के क्षेत्र में भारत आज दुनिया के देशों का पसंदीदा डेस्टिनेशन बनता जा रहा है। भारत की इस क्षेत्र में शीर्ष 6 देशों में गिनती होने लगी है। दरअसल चिकित्सा क्षेत्र में भारत ने विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा को लेकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। हमारे देश के 38 चिकित्सा संस्थानों को जेसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त है तो चैन्नई, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और दिल्ली मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में अपनी इंटरनेशनल पहचान बना चुके हैं। आज बेंगलुरु आईटी राजधानी के साथ ही वेलनेस सेंटर के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। एक मोटे अनुमान के अनुसार चिकित्सा, तंदुरुस्ती और आईवीएफ चिकित्सा के लिए दुनिया के 78 देशों से दो मिलियन लोग उपचार के लिए हर साल आने लगे हैं। 2020 में भारत में चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र से करीब नौ बिलियन अमेरिकी डॉलर की आय हुई है तो इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार 2026 तक मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र से लगभग डेढ़ गुणा 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। देखा जाय तो मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में भारत के आकर्षण का केन्द्र बनने के कई प्रमुख कारण है। एक तो भारत में चिकित्सा सेवाएं जिसमें मेडिकल और पैरामेडिकल दोनों सेवाएं सस्ती होने के साथ ही इंटरनेशनल लेवल की हैं। दूसरी यह कि भाषा को लेकर भी कोई समस्या नहीं हैं क्योंकि भारत के चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल भी लेते हैं तो समझते भी हैं। इसके साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में भारत की परंपरागत छवि का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अब आवश्यकता इस इमेज को बनाये रखते हुए इस क्षेत्र का दोहन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को आकर्षित कर विदेशी आय भी प्राप्त करना है। देखा जाय तो भारतीय डॉक्टरों की इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान है। आज दुनिया के देशों में खासतौर आईपीडी देशों में 75 हजार भारतीय डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से 15 हजार से अधिक डॉक्टर्स तो अमेरिका में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी तरह से भारतीय पैरामेडिकल कार्मिक खासतौर से नर्सिंग क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान रखते हैं। एक समय था जब केरल की नर्सों की दुनिया के अधिकांश देशों में मांग देखी जाती थी। आज भी भारतीय मेडिकल और पैरामेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों के व्यवहार, कार्यशैली, काम के प्रति प्रतिबद्धता और उच्च नैनिक मानदंडों की पालना के कारण सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। जब विदेशों में ही भारत के मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों की अलग पहचान है तो दूसरी ओर देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों ने अपनी सेवाओं के बदौलत पहचान बनाई है। विदेशियों के भारत में मेडिकल टूरिज्म के प्रति आकर्षण के अन्य कारणों के साथ ही भारत की समग्र चिकित्सा पद्धति भी एक कारण है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, यूनानी, तिब्बती और सिद्ध पद्धति की चिकित्सा सुविधा में विशेषज्ञता हासिल होने से लोग भारत को प्राथमिकता देने लगे हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां चिकित्सा सुविधाएं सस्ती हैं तो सेवाएं भी इंटरनेशनल स्तर की होने से लोग आकर्षित होने लगे हैं। एक ही स्थान पर बहुआयामी चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो जाती है। देखा जाए तो आज दुनिया के देशों में मानसिक बीमारियों की अधिकता है और भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धति और योग ध्यान आदि के माध्यम से मानसिक विकारों का आसानी से इलाज हो सकता है। योग के महत्व को तो अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकारा जा चुका है। इसके साथ ही आधुनिकतम चिकित्सा पद्धति में भी भारतीय चिकित्सकों को महारत हासिल होती जा रही है। अभी हाल ही में कोविड के दौरान भारत ने जिस तरह से दवा और टीके उपलब्ध कराकर दुनिया के देशों में अपना लोहा मनवाया है उससे लोगों का और अधिक विश्वास बढ़ा है।


**आज दुनिया के देशों में खासतौर आईपीडी देशों में 75 हजार भारतीय डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से 15 हजार से अधिक डॉक्टर्स तो अमेरिका में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं।**

देश-विदेश

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# सामाजिक एकता बढ़ायेगा समान कानून



सुरेश हिन्दूस्थानी

**वर्तमान** में समान नागरिक कानून की चर्चा बहुत ज्यादा है। होना भी चाहिए, क्योंकि विश्व के अधिकांश देश समान कानून की अवधारणा को स्वीकार करते हैं। आज जो देश विश्व की महाशक्ति मानने का साहस रखते हैं, उन सभी देशों में कानून के नाम पर कोई समझौता नहीं किया जाता। भारत में कानून के नाम पर जो प्रावधान हैं, उनमें कई प्रकार की खामियां देखने को मिलती हैं। जो समाज में असमानता का भाव पैदा करने वाले कहे जा सकते हैं। विसंगति यह है कि मुस्लिमों के लिए जो पर्सनल कानून बनाये गये हैं, वे सामाजिक उत्थान और मुसलमानों को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने का ही एक प्रयास था, लेकिन इसका परिणाम क्या हुआ है, यह हम सभी के सामने है। मुस्लिम समाज का कुछ वर्ग देश की वास्तविकता से परिचित होना नहीं चाहता। इतना ही नहीं वह अभी तक भारत के उन संस्कारों से समरस नहीं हो सका है, जो मुगलों और अंग्रेजों से पहले से चले आ रहे हैं। भारत के मुसलमानों के बारे में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि यह मुसलमान सनातन काल से भारत के ही हैं। वह अपना इतिहास खोजेंगे तो उन्हें इसके प्रमाण भी मिल जायेंगे। आज कई मुस्लिम अपने पूर्वजों द्वारा की गई गलतियों को सुधारने का प्रयास भी करने लगे हैं। वसीम रिजवी और जफर शेख ने इस पहल को गति देने का कार्य किया है। अभी मुस्लिम समाज को सुबह का भूला निरूपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, लेकिन यकीनन वो शाम भी आ रही है, जिसमें सब घर लौटने की कवायद करेंगे। समान नागरिक संहिता को लेकर कुछ संस्थाओं द्वारा यह प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है कि यह कानून भारत के मुस्लिमों के विरोध में है। जबकि इस पर गंभीरता पूर्वक मंथन किया जाए तो समान नागरिकता कानून मुस्लिमों के लिए बड़ा हितकारक ही सिद्ध होगा। हम जानते हैं कि आज देश का बहुत बड़ा मुस्लिम समाज मुख्य धारा से कटा हुआ है। इसके पीछे एक मात्र कारण देश की राजनीति को माना जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद राजनीतिक दलों ने मुस्लिमों के वोट प्राप्त करने के लिए तमाम तरीके से प्रलोभन देने का काम किया, यही प्रलोभन मुस्लिम समाज के विकास में बाधक बनकर सामने दिखाई दिया। अगर सारे समाज के लिए देश में एक समान कानून बन जायेगा तो स्वाभाविक रूप से समाज में भेदभाव भी समाप्त होगा, जो अपरिहार्य भी है। इसलिए अब देश के मुस्लिम समाज को स्वयं ही समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग करना चाहिए, जो न्यायोचित कदम होगा। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। समान नागरिक कानून समान व्यवहार करने वाला ही साबित होगा। ऐसा किया जाना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि निजी कानूनों के चलते समाज में भेदभाव की खाई लगातार गहरी होती जा रहा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक बार तलाक के एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया था कि समान नागरिक संहिता समय की जरूरत है। हम जानते हैं कि गोवा में समान नागरिक संहिता लागू है और इस राज्य के किसी भी वर्ग को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उत्तराखंड में इसे लागू करने की प्रक्रिया चल रही है। गोवा में समान नागरिक संहिता के होने से समाज को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

**भारत के मुसलमानों के बारे में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि यह मुसलमान सनातन काल से भारत के ही हैं। वह अपना इतिहास खोजेंगे तो उन्हें इसके प्रमाण भी मिल जायेंगे।**

एकता

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्पलेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बालों का ख्याल रखेगा हिबिस्कस, बस ऐसे करें इस्तेमाल

सूखे हिबिस्कस के फूलों की मदद से एक ऑयल भी तैयार किया जा सकता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि एक कांच के जार में सूखे हिबिस्कस के फूलों डालें और फिर बादाम या जोजोबा तेल जैसे कैरियर ऑयल को इसमें डालें। बालों की केयर करने के लिए आज के समय में अधिकतर लोग फैन्सी हेयर प्रोडक्ट्स पर निर्भर रहते हैं। जबकि अगर बालों की प्राकृतिक तरीके से देखभाल की जाए तो इससे अतिरिक्त लाभ मिलता है। साथ ही साथ, बालों को किसी तरह का नुकसान होने का खतरा भी नहीं रहता है। फूलों की मदद से बालों की देखभाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। खासतौर से, हिबिस्कस जिसे गुड़हल के फूल भी कहा जाता है, बालों को पोषण प्रदान करके उसे हेल्दी बनाने में मदद करते हैं।

## करें ऑयलिंग

सूखे हिबिस्कस के फूलों की मदद से एक ऑयल भी तैयार किया जा सकता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि एक कांच के जार में सूखे हिबिस्कस के फूलों डालें और फिर बादाम या जोजोबा तेल जैसे कैरियर ऑयल को इसमें डालें। इस जार को कुछ हफ़्ते के लिए गर्म स्थान पर रहने दें। फिर तेल को छान लें और इसे प्री-वॉश ट्रीटमेंट या लीव-इन कंडीशनर के रूप में उपयोग करें। इस तेल की मदद से ना केवल हेयर फॉल को रोकने में मदद मिलेगी, बल्कि स्कैल्प को भी मॉइश्चराइज करने में मदद मिलेगी।



## इस्तेमाल

गर्मी के मौसम में हेयर फॉल से लेकर स्कैल्प में इचिंग आदि कई तरह की समस्याएं होती हैं। ऐसे में हिबिस्कस के फूलों को एलोवेरा के साथ मिक्स करके अप्लाई किया जा सकता है।

## एलोवेरा के साथ करें

एलोवेरा ना केवल स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन ई बालों को पोषण भी प्रदान करता है। हेयर जेल तैयार करने के लिए हिबिस्कस के फूलों व फ्रेश एलोवेरा जेल को ब्लेंड करें। अब इस मिश्रण को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाकर हल्की मसाज करें। इसे धोने से पहले 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

## करें हेयर रिंस

हेयर रिंस करने के लिए भी हिबिस्कस या गुड़हल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए पहले गुड़हल की चाय बनाएं और फिर इसे ठंडा होने दें। अब बालों को शैंपू की मदद से क्लीन करें। इसके बाद तैयार चाय की मदद से बालों को रिंस करें। गुड़हल में मौजूद प्राकृतिक एसिड आपके स्कैल्प और बालों के पीएच को संतुलित करने में मदद करते हैं, जिससे वे अधिक मैनेजेबल बन जाते हैं। साथ ही साथ, इससे रूसी को रोकने में भी मदद मिलती है।

❖ मिताली जैन

# शादी से लेकर त्योहार तक में बेस्ट लगेगी मोरक्कन मेहंदी

हमारे देश में हर शादी, त्योहार आदि के मौके पर हाथों में मेहंदी लगाई जाती है। मेहंदी में अरेबिक, मारवाड़ी और इंडो-अरेबिक डिजाइन्स आदि काफी ज्यादा पॉपुलर है। लेकिन इस बार आप अपने हाथों पर मोरक्कन मेहंदी से सजा सकती हैं। हमारे देश में मेहंदी सिर्फ शादी के सीजन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मेहंदी हर बड़े त्योहारों पर लगाई जाती है। अक्सर त्योहार आदि के अवसर पर महिलाएं अपने हाथों को मेहंदी से सजाती हैं। मेहंदी में अरेबिक, मारवाड़ी और इंडो-अरेबिक डिजाइन्स आदि काफी ज्यादा पॉपुलर है। क्यों न इस बार शादी या किसी त्योहार आदि पर आप भी कुछ नया ट्राई करें। बता दें कि शादी या किसी त्योहार आदि पर आप अपने हाथों को मोरक्कन मेहंदी से सजा सकती हैं।

## फेस्टिवल पर भी लगाई जाती है मेंहदी

हर फेस्टिवल पर मोरक्को में मेहंदी लगाए जाने की प्रथा है। बता दें कि मोरक्को में स्पेशल हिना पार्टी भी रखी जाती हैं। इस पार्टी में महिलाएं व लड़कियां हिस्सा लेती हैं। इसके पीछे का कारण मेहंदी की खूबसूरत डिजाइन्स नहीं होती है। मोरक्को में माना जाता है कि मेंहदी में बराका होता है।

## क्या होता है बराका

मेहंदी में बराका होने का मतलब बुरी आत्माओं और शक्तियों को हिना लगाकर दूर व उनसे बचा जा सकता है। वहां पर ऐसा माना जाता है कि शादी और त्योहारों के शुभ अवसर पर बुरी ताकतें अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करती हैं। ऐसे में बुरी शक्तियों के प्रभाव से बचने के लिए त्योहार आदि के मौके पर हिना लगाई जाती है।




## मेहंदी डिजाइन्स

मोरक्कन डिजाइन में भी भारतीय मेहंदी डिजाइन्स की तरह ही समय के साथ काफी बदलाव आया है। मोरक्कन डिजाइन में भी कई तरह के मॉर्डन मिक्स देखने को मिलता है। लेकिन कुछ चीजें मोरक्कन डिजाइन को हिना डिजाइन से काफी अलग बनाती हैं। मोरक्कन डिजाइन में हाथ पर सबसे पहले आंख का आकार या फूल का आकार बनाया जाता है। फिर इस आकार के चारों ओर डिजाइन बनाई जाती है। वहीं इससे उलट पैटर्न भी फॉलो किया जाता है। मोरक्कन डिजाइन में किसी सेंट्रल पैटर्न के डिजाइन क्रिएट किया जाता है।

फैसी मोरोक्को की सबसे पॉप्युलर मेहंदी डिजाइन होती है। इस डिजाइन में जियोमैट्रिक पैटर्न्स का इस्तेमाल किया जाता है। बता दें कि इस डिजाइन में फैसी के साथ मिलकर फ्लोरल पैटर्न्स को मिलाकर लगाया जाता है। यह डिजाइन लगने के बाद हाथों पर काफी सुंदर लगती है।

❖ अनन्या मिश्रा

# गर्मियों के लिए बेस्ट हैं लिपस्टिक के ये शेड्स



गर्मियों में फेस पर लंबे समय तक मेकअप टिक नहीं पाता है। वहीं लिपस्टिक मेकअप का सबसे जरूरी हिस्सा है। ऐसे में आप गर्मियों में आप इन लिपस्टिक के शेड्स को अपने मेकअप कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। गर्मियों में धूप, धूल और पसीने से हम सभी परेशान हो जाते हैं। यहां वॉर्डरोब में हल्के और कंफर्टेबल कपड़े नजर आने लगे हैं तो मेकअप के भी कई प्रोडक्ट्स में बदलाव होता है। क्योंकि गर्मियों में फेस पर लंबे समय तक मेकअप टिक नहीं पाता है। मेकअप में लिपस्टिक सबसे जरूरी प्रोडक्ट होता है। इसके बिना पूरा लुक अधूरा लगता है। अगर बात करें लिपस्टिक के परफेक्ट शेड की तो गर्मी के मौसम में इसके चयन में काफी ध्यान देने की जरूरत होती है।

हालांकि कई लड़कियां ऐसी होती हैं, जिनको लिपस्टिक के शेड्स के बारे में ज्यादास जानकारी नहीं होती है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लिपस्टिक के कुछ ऐसे शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपको गर्मी के मौसम के लिए परफेक्ट हैं। अपनी पसंद के हिसाब से आप इन लिपस्टिक के शेड्स को अपने मेकअप कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं।

## पीच रंग

पीच रंग हर लड़की को काफी ज्यादा पसंद होता है। वहीं गर्मी के मौसम में इस रंग की लिप्सटिक लगाने से आपको परफेक्ट लुक मिलेगा और पूरा दिन आपका चेहरा खिला-खिला रहेगा। डार्क रंग के आउटफिट के साथ आप पीच रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं।

## न्यूड रंग

बता दें कि आजकल न्यूड कलर काफी ट्रेंड में चल रहा है। वहीं अगर आप मैटेलिक आउटफिट पहन रही हैं तो न्यूड रंग की लिपस्टिक आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगी। न्यूड रंग देखने में क्लासी और एलीगेंट लगता है।

## ब्राउन रंग

हर स्किन की लड़कियां इस रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं। एक समय पर ब्राउन रंग की लिपस्टिक हर कोई लगाना पसंद नहीं करता था। लेकिन आज के समय में हर कोई ब्राउन रंग की लिपस्टिक लगाना पसंद करता है।

## प्लम रंग

अगर आपको भी ऑफिस लुक के लिए कोई लिपस्टिक लगानी है तो प्लम रंग आप पर काफी जचेगा। इस रंग की लिपस्टिक को आप इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ लगा सकता है।

# शॉर्ट ड्रेस में दिखना है क्लासी व कंफर्टेबल तो फॉलो करें ये टिप्स





कई लड़कियां शॉर्ट ड्रेस में असहज महसूस करती हैं। अमूमन आजकल न सिर्फ पार्टी और डेट बल्कि शॉर्ट ड्रेस पहनकर ऑफिस भी जाती हैं। ऐसे में आप इन टिप्स को अपनाकर कॉन्फिडेंट होकर शॉर्ट ड्रेस कैरी कर सकती हैं। हर लड़की फैशन के साथ चलना पसंद करती है। वहीं पार्टी और डेट पर जाने के अलावा लड़कियां आज के समय में ऑफिस भी शॉर्ट ड्रेस पहनकर जाती हैं। हालांकि कुछ लड़कियां शॉर्ट ड्रेस में कंफर्टेबल तो कुछ इस तरह के आउटफिट्स पहन कर असहज महसूस करती हैं। वहीं कई बार लड़कियां किसी के कहने पर शॉर्ट ड्रेस कैरी तो कर लेती हैं। लेकिन इससे वह अनकंफर्टेबल फील करती हैं। कई बार लड़कियों के हावभाव से उनके असहज होने के बारे में पता चलता है।

असहज होने के कारण लड़कियां या तो शॉर्ट ड्रेस पहनना छोड़ देती हैं। या फिर वह शॉर्ट ड्रेस का पूरा लुक ही चेंज कर देती हैं। अगर आप भी इसी परेशानी से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको शॉर्ट ड्रेस पहनने के लिए कुछ अमेजिंग ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इन ट्रिक्स की मदद से आप शॉर्ट ड्रेस पहनने के बाद कंफर्टेबल भी रहेंगी। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान में रखना बेहद जरूरी है। शॉर्ट ड्रेस को पहनकर आप कंफर्टेबल और कॉन्फिडेंट रहेंगी।

**जरूर पहनें स्टॉकिंग्स :** अगर आप भी शॉर्ट ड्रेस कैरी करती हैं तो इसके लिए आप ड्रेस के नीचे स्टॉकिंग्स पहन सकती हैं। इसको पहनने के बाद आपको किसी तरह की समस्या नहीं होगी।

**जरूर पहनें शॉर्ट्स :** अगर आप शॉर्ट ड्रेस पहनने जा रही हैं। तो आप ड्रेस के अंदर शॉर्ट्स पहन सकती हैं। इससे आपको किसी तरह की एक्टिविटी में कोई परेशानी नहीं होगी। आप शॉर्ट ड्रेस में कंफर्टेबल फील करेंगी।

**हील्स का रखें खास ख्याल :** अगर आप शॉर्ट ड्रेस में अनकंफर्टेबल फील करती हैं। तो ऐसे खुटवियर या हील्स न पहनें, जो आपको बार-बार सही करने पड़ें। वहीं कुछ फुटवियर ऐसे भी होते हैं, जिन्हें हाथों से बंद करना पड़ता है। शॉर्ट ड्रेस कैरी करने के दौरान इस तरह की हील्स को भी अवॉइड करें।

**श्रग या ब्लेजर :** शॉर्ट ड्रेस कैरी करने पर अगर आप भी असहज महसूस करती हैं तो आप ऊपर से श्रग या ब्लेजर आदि भी कैरी कर सकती हैं। यह आपको स्टाइलिश लुक देने का काम करेगा।

## सूडोकु नवताल- 6736

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6735 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## दैनिक पंचांग

20 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 04.56 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | कर्क | 07.14 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 09.30 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 11.42 बजे से |
| गुरु | मेष में | तुला | 13.53 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.07 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 18.23 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 20.28 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 22.15 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 23.48 बजे से |
| 3.00 से 4.30 बजे तक | | मेष | 01.18 बजे से |
| | | वृष | 02.58 बजे से |

मंगलवार 2023 वर्ष का 171 वां दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2080 शक संवत् 1945
मास आषाढ़ पक्ष शुक्ल
तिथि द्वितीया 13.08 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुनर्वसु 22.37 बजे को समाप्त।
योग ध्रुव 01.47 बजे रात्र को समाप्त।
करण कौलव 13.08 बजे तदनन्तर तैतिल 02.07 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 01.8 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 23° 26'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871650
जूलियन दिन 2460115.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना जिल्हेज
तारीख 01
विशेष जगन्नाथ रथयात्रा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7798

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | 3 | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ | |
| ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | ■ | 13 | | | | 14 | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 22 | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

### शब्द पहेली -7797 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | फ | री | ह | ■ | क | ल | र | व |
| क | ■ | छ | ल | क | प | ट | ■ | र |
| रा | ख | ■ | ■ | म | ■ | ■ | बं | दा |
| र | त | ■ | प | ल | क | ■ | दा | न |
| ■ | र | स | ना | ■ | मा | ख | न | ■ |
| त | ना | ■ | ह | म | ल | ■ | वा | स |
| ल | क | ■ | ■ | ग | ■ | ■ | ज | ल |
| ध | ■ | म | न | र | ख | ना | ■ | वा |
| र | प | जा | न | ■ | त | क | दी | र |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**मिथुन राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**कर्क राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**सिंह राशि :** मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला राशि :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक राशि :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**धनु राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा।

**मकर राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मीन राशि :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# जनता को सशक्त सरकार चाहिए : गोयल

**एजेंसी। जयपुर**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की जनता को तुष्टिकरण वाली नहीं सशक्त सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि साढे चार साल जनता को विकास से वंचित रखना ही भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि अलवर में चंबल से पानी लाने के लिए केंद्र सरकार ने 5782 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है, लेकिन प्रदेश की भ्रष्ट गहलोत सरकार ने उसे भी अटका दिया। कांग्रेस सरकार अपने घोषणा पत्र में किए गए वादे तक पूरे नहीं कर पाई। बेरोजगारी भत्ता और किसानों की कर्जमाफी जैसे वादे सफेद झूंठ निकले। प्रदेश में आज उद्योग, व्यापार चौपट हैं विकास की गति पूरी तरह रूक चुकी है।



केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सासंद राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद थे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने अधिवक्ता संघ, भूतपूर्व सैनिकों, चार्टड अकाउंटेंट और खिलाडियों से मुलाकात और मुद्रा लोन योजना के लाभार्थियों से भी संवाद किया।

गोयल ने कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की फेहरिस्त इतनी लंबी है कि 272 स्लाइड भी कामों को गिनाने के लिए कम पड गई। देश की 140 करोड़ जनता से प्रधानमंत्री मोदी का सीधा जुडाव है, क्योंकि लोगों के जीवन में वाकई परिवर्तन आया है। मोदी सरकार ने इन नौ सालों में भारत को पांचवी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया है। इसी का परिणाम है कि आज विश्व का हर देश भारत के साथ व्यापार करने को आतुर है। उन्होंने कहा कि नौ साल में शोषित, पीडित, वंचित और समाज के सबसे अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचा है। एयरपोर्ट, रेलवे, एक्सप्रेस वे बनाने में मोदी सरकार ने तेज रफ्तार से काम हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले सप्ताह होने वाले अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि मोदी अमेरिकी संसद कांग्रेस को दूसरी बार संबोधित करेंगे। विश्व के इतिहास में विस्टन चर्चिल और नेल्सन मंडेला के बाद यह सौभाग्य भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही मिला है। सांसद कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड ने गहलोत सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार गहलोत सरकार नहीं गहलूट सरकार है। जिसने हर क्षेत्र में प्रदेश की जनता को लूटा है। सरकार के विधायक और मंत्री अवैध खनन में लिप्त हैं। पेपर लीक हो या अपराध हर क्षेत्र में प्रदेश पिछडा है।

उन्होंने मोदी सरकार ने नौ सालों में भारत की साख को विदेशों में बढाया है। आपातकाल की स्थिति में भी भारत के नागरिकों को संकट से निकालकर लाने में मोदी सरकार की बडी भूमिका रही है। प्रबुद्धजन सम्मेलन में पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मदन दिलावर, जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपडा, जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर और नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारत मधुमेह में नंबर वन

## देश की लगभग एक चौथाई आबादी या तो मधुमेह रोगी या प्री-डायबेटिक स्टेज पर

**आरएनएम। नई दिल्ली**

इस आंकड़े को देखकर आप हंसेंगे या चिंतित होंगे या कहेंगे - होइहें सोई जो राम रंग राखा? मधुमेह रोगियों के मामले में भारत विश्व में नंबर वन हो गया है। देश की लगभग एक चौथाई आबादी डायबिटीज और प्री-डायबिटीज की चपेट में है। 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज के मरीज हैं और 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं। हैरत करने व डराने वाली बात यह है कि प्री-डायबिटीज के मामले में गांव और शहर का हाल एक जैसा ही है। आईसीएमआर और मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन की एक साक्षा शोध से यह खुलासा हुआ है। यह रिपोर्ट 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इकट्ठा किये गए सैंपल और स्क्रीनिंग के आधार पर तैयार की गई है।

### क्या है इंडिया डायबिटीज स्टडी?

इंडिया डायबिटीज स्टडी, 12 साल लंबा एक प्रोजेक्ट है। इस स्टडी के अलग-अलग चरण में कुल 113,000 लोगों को शामिल किया गया। जिसमें करीब 70 फीसदी (79,506) लोग ग्रामीण इलाकों के हैं। डायबिटीज विशेषज्ञ व शोध के लेखकों में से एक डॉ. वी. मोहन कहते हैं कि आप भारत की जनगणना के आंकड़ों को देखें तो हमारी स्टडी के सैंपल लगभग उसी डेमोग्राफिक पैटर्न पर आधारित हैं।डॉ. वी मोहन का कहना है कि आज तक किसी भी देश ने इतने बड़े पैमाने पर ऐसी स्टडी नहीं की है, जिसमें सभी राज्यों का



प्रतिनिधित्व हो। अभी तक चीन ने सबसे बड़ी स्टडी की थी, जिसमें 40000 लोगों को शामिल किया था। लेकिन 4-5 जगह से ही डाटा लिया गया था। हमने डोर टू डोर स्क्रीनिंग की और सभी राज्यों में गए। साल 2008 से 2020 के बीच डेटा इकट्ठा किया गया।

### स्टडी में क्या आया?

1- स्टडी के मुताबिक देश की लगभग एक चौथाई आबादी या तो मधुमेह का शिकार है या प्री-डायबेटिक स्टेज पर है। देश की 11.4 फीसदी आबादी (10.1 करोड़ लोग) डायबिटीज की चपेट में है, जबकि 15.3% आबादी (13.6 करोड़ लोग) प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अभी जो लोग प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं, अगले 5 वर्षों में उनमें से तकरीबन आधे डायबिटीज के मरीज बन सकते हैं। यह बहुत चिंता का विषय है।

2- देश में हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। तकरीबन 35.5 फीसदी आबादी यानी 31.5 करोड़ लोग हाई ब्लड प्रेशर की चपेट में हैं।

3- स्टडी के मुताबिक देश की 28.6 फीसदी आबादी मोटापे की चपेट में है। वहीं, बॉडी मास इंडेक्स पैरामीटर की बात करें तो 39.5 प्रतिशत (35.1 करोड़) लोग पेट के मोटापे का शिकार हैं।

4- इसी तरह देश की 24 फीसदी आबादी हायपरकोलेस्टेरोलेमिया की चपेट में है। 21.3 करोड़ लोग बैड कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) से जूझ रहे हैं। शहरी इलाकों में डायबिटीज के ज्यादा मरीज स्टडी में एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। ग्रामीण इलाकों के मुकाबले शहरी इलाकों में करीब दोगुने लोग मधुमेह की चपेट में हैं। रिसर्च के डाटा पर नजर डालें तो शहरी इलाकों की 16.4 फीसदी आबादी डायबिटीज की चपेट में है, जबकि ग्रामीण इलाकों की 8.9% आबादी डायबिटीज से जूझ रही है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि प्री-डायबिटीज के मामले में गांव और शहर की स्थिति लगभग एक जैसी ही है। शहरी इलाकों में जहां 15.4 फीसदी लोग प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं तो ग्रामीण इलाकों में 15.2 प्रतिशत लोग प्री-डायबिटीज से जूझ रहे हैं।

रिसर्च के मुताबिक दक्षिण भारत के राज्यों में डायबिटीज के सर्वाधिक मरीज हैं। उत्तर भारत की बात करें तो दिल्ली और पंजाब दो ऐसे राज्य हैं, जहां सर्वाधिक डायबिटीज पीड़ित हैं। दूसरी तरफ, सर्वाधिक आबादी वाला राज्य होने के बावजूद उप्र में महज 4.8 फीसदी लोग शुगर की चपेट में हैं।

### 40.7 प्रतिशत शहरी आबादी हाई बीपी की मरीज

हाई ब्लड प्रेशर के मामले में भी शहरी आबादी ज्यादा प्रभावित है। शहरी इलाकों के 40.7% फीसदी लोग हाई ब्लड प्रेशर के शिकार हैं, तो ग्रामीण इलाकों में 33% लोग इसकी चपेट में हैं। पंजाब ऐसा राज्य है जहां की आधी से ज्यादा आबादी हाइपरटेंशन की चपेट में है। 51.8 लोग हाई बीपी के शिकार हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### रथयात्रा से पूर्व भक्तों को नवयौवन वेश में महाप्रभु ने दिया दर्शन

**भुवनेश्वर।** पुरी में श्रीगुंडिचा रथ यात्रा से एक दिन पूर्व सोमवार को महाप्रभु श्रीजगन्नाथ ने भक्तों को नवयौवन वेश में दर्शन दिया। आज सुबह छह बज कर दस मिनट पर मंगल आरती हुई । इसके बाद मइलम, अवकाश, दश अवतार (बाहुडा नीति) संपन्न हुई। सुबह 8 बजे से महाप्रभु ने भक्तों को नवयौवन वेश में दर्शन दिया। लाखों श्रद्धालुओं ने आज महाप्रभु का नवयौवन वेश में दर्शन किया। श्रद्धालु सिंहद्वार होकर मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं तथा महाप्रभु के दर्शन के बाद उत्तर द्वार होकर प्रस्थान कर रहे हैं।

### बेंगलुरु-धारवाड़ वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन शुरू

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की दूसरी वंदे भारत ट्रेन बेंगलुरु और जुड़वां शहरों हुबली-धारवाड़ के बीच सोमवार को परीक्षण के तौर पर शुरू हुई। राज्य की राजधानी बेंगलुरु को उत्तर कर्नाटक के सबसे महत्वपूर्ण शहर से जोड़ने वाली ट्रेन ने अपनी यात्रा बेंगलुरु के क्रांतिवीर संगोली रायन्ना ट्रेन स्टेशन से सुबह 5.45 बजे शुरू की। बेंगलुरू और धारवाड़ के बीच की दूरी 6.55 घंटे में तय की गई। बेंगलुरु से सुबह 5.45 बजे रवाना हुई ट्रेन के दोपहर 12.40 बजे तक धारवाड़ पहुंचने की उम्मीद है। धारवाड़ से दोपहर 1.15 बजे रवाना होगी और रात 8.10 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी।

नन्हे बच्चे ने उपमुख्यमंत्री से लगाई गुहार

# साहब, पापा दारू पीते हैं, बचा लीजिए...

**आरएनएम। लखनऊ**

ऐसी हालत ज्यादातर राज्य व जिलों में हैं जो उप्र के मऊ जिले में एक बच्चे के कारण लाइम लाइट में आई और इस पर चर्चा हो रही है। मामला है एक गरीब बच्चे का उपमुख्यमंत्री से हाथ जोड़ कर गिड़गिड़ाते हुए कहना - ए साहब, हमारी मां, भाई, बहन व मुझको बचा लीजिए। किराए पर रहते हैं। इधर -उधर बिस्कुट बेचकर हम लोग गुजर बसर करते हैं। .. पिता दारू पीते हैं, दारू पीने के लिए जो छोटा सा खेत है वह बेच रहे हैं। बीक गया तो हम लोग कैसे जीएंगे। मऊ के कोपागंज में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एक जनसभा को संबोधित करने के बाद जाने लगे थे, तभी उनकी कार के पास फैजुल्लापुर गांव निवासी 13 वर्षीय किशोर नीरज पहुंचा। उसने हाथ जोड़कर उनसे कहा- ए साहब, पापा बहुत शराब पीते हैं। कृपया हमारे परिवार को बचा लीजिए। हमारे पास कुछ भी नहीं बचेगा। नीरज ने ये गुहार लगाई तो सभी ठिठक गए। सोशल मीडिया पर इस बालक फरियादी का वीडियो वायरल है। नीरज बहुत परेशान था। उसने डिप्टी सीएम से कहा- साहब, पापा बहुत शराब पीते हैं। कृपया हमारे परिवार को बचा लीजिए। बताया कि पिता शराब पीने के लिए पैतृक जमीन बेच रहे हैं। परिवार में दो भाई और एक बहन है। मां मनरेगा का काम करती है। यदि जमीन बिक जाएगी, तो हम लोगों का जीवन कैसे चलेगा। हम लोग किराए के मकान में मऊ रहते हैं। पापा ने बहन की शादी जबरदस्ती करा दिया है, मेरी बहन नाबालिग है। हम लोग बिस्कुट बेचकर घर का काम और खर्च चलाते हैं। उसने बताया कि एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बच्चे की बातों को ध्यान से सुना। उन्होंने उस बालक नीरज को अधिकारियों से बात कर मदद का आश्वासन दिया।

## मैनपुरी में एक ही परिवार के तीन को गोली मारकर हत्या

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी में सोमवार को आपसी रंजिश के चलते एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना करहल के नगला अतिराम में सोमवार को एक बड़ी घटना को अंजाम दिया गया। एक ही परिवार में पिता और पुत्र के साथ बहू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सूचना पर पुलिस के अलाधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए है।

# पीएम की अमेरिका यात्रा अहम : विदेश सचिव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 21 से 23 जून तक अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के लिए मील का पत्थर होगी। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने राजकीय यात्रा के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, यह दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए एक मील का पत्थर है। क्वात्रा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान जिन प्रमुख मुद्दों पर बातचीत होगी, उनमें से एक द्विपक्षीय रक्षा सहयोग होगा। विदेश सचिव ने कहा कि दूसरा प्रमुख मुद्दा भारत-अमेरिका के बीच मजबूत व्यापार व निवेश साझेदारी है और तीसरा मुद्दा प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, अंतरिक्ष, विनिर्माण और निवेश जैसे कई अन्य डोमेन के साथ इंटरफेस करता है। विदेश सचिव ने आगे कहा कि वाशिंगटन डीसी में अपने आगमन के पहले दिन प्रधानमंत्री की पहली महत्वपूर्ण व्यस्तता एक ऐसी घटना होगी, जो भविष्य के लिए काफी अहम है। यह महत्वपूर्ण और उन उद्देश्यों को सामने लाने की कोशिश करेगी, जिन्हें दोनों देश बढ़ावा देना और हासिल करना चाहते हैं। विदेश सचिव ने आगे कहा, 22 जून को व्हाइट हाउस में औपचारिक स्वागत, द्विपक्षीय बैठकें, अमेरिकी कांग्रेस में प्रधानमंत्री का संबोधन और औपचारिक रात्रिभोज आदि का कार्यक्रम होगा।

## तमिलनाडु में दो बसों की टक्कर में 7 की मौत, 40 घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के मेलपट्टमपक्कम में सोमवार सुबह दो बसों की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और राजस्व अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। कुड्डालोर पुलिस के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि टक्कर के पीछे का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं है। दुर्घटना में शामिल लोगों से बात करने के बाद ही पता चलेगा कि कैसे टक्कर हुई।

उपलब्धि — वियतनामी रक्षा मंत्री व राजनाथ सिंह करेंगे बैठक

# ब्रह्मोस मिसाइलों पर डील की उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे वियतनाम के रक्षा मंत्री फान वान गियांग के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय बैठक की। इससे पहले जनरल फान वान गियांग ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। उन्होंने तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस दौरे पर वियतनाम के रक्षा मंत्री के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों का सौदा फाइनल होने और डील पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक से पहले अपने समकक्ष जनरल फान वान गियांग की अगवानी की। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि



अर्पित करने के बाद जनरल गियांग ने तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद जनरल फान वान गियांग के साथ उपयोगी बैठक के दौरान भारत-वियतनाम रक्षा संबंधों की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की गई। द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा मंत्री के साथ भारतीय सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी शामिल हुए। दरअसल, चीन के साथ चल रही खटपट के बीच वियतनाम भारत से ब्रह्मोस मिसाइल लेकर दक्षिण चीन सागर में तैनात करना चाहता है। इससे दक्षिण चीन सागर और उसके आसपास के इलाके में चीन का खौफ कम होगा और साथ ही वियतनाम के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे। इस बीच चीन ने भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार आदि को कई तरह के संवेदनशील हथियार देकर भारत की सुरक्षा पर आंच डाली है, लेकिन अब भारत ने भी चीन के दुश्मन देशों को ब्रह्मोस देकर 'जैसे को तैसा' वाली नीति अपना ली है। सूत्रों ने बताया कि वियतनाम से ब्रह्मोस मिसाइलों की तीन से पांच इकाइयों के बीच ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। प्रत्येक बैटरी के साथ कई मिसाइलें शामिल हैं, जिसकी कीमत लगभग 125 मिलियन डॉलर होने का अनुमान है, इसलिए संभावित सौदा 375 मिलियन या 625 मिलियन डॉलर के बीच हो सकता है।

## FILMY हलचल

### वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म 'बवाल' जुलाई में होगी रिलीज




**एक्टर** वरुण धवन और जान्हवी कपूर की नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म 'बवाल' जुलाई में डिजिटली रिलीज होगी। निर्देशक नितेश तिवारी ने कहा कि फिल्म की डिजिटल रिलीज से 'बवाल' को देश से बाहर के दर्शकों तक ले जाने में मदद मिलेगी। तिवारी ने कहाः तीन इंडियन लोकेशन्स और पांच यूरोपीय देशों में शूट की गई 'बवाल' की कहानी बेहद आकर्षक है। वरुण और जाह्नवी के बीच अद्भुत केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। मेरा मानना है कि प्राइम वीडियो पर वर्ल्डवाइड प्रीमियर हमें 'बवाल' को भारत और देश के बाहर दर्शकों तक ले जाने में मदद करेगा। हमने इस फिल्म को अपने दर्शकों तक पहुंचाने के लिए बहुत जुनून और प्रतिबद्धता के साथ काम किया है और अब हम उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।



### नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म पर ओम राउत का बयान

**ओम राउत** द्वारा निर्देशित फिल्म 'आदिपुरुष' आखिरकार स्क्रीन पर आ गई है। प्रभास, कृति सेनॉन और सैफ अली खान की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। एक तरफ इस फिल्म को जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है और दूसरी तरफ इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 140 करोड़ की रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। ओम राउत के निर्देशन को लोगों ने खूब सराहा है। 'आदिपुरुष' के साथ रामायण पर आधारित एक और फिल्म की जबरदस्त चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'दंगल' और 'छिछोरे' जैसी फिल्मों के डायरेक्टर नितेश तिवारी ने भी 'रामायण' पर आधारित एक फिल्म का ऐलान किया है। नितेश तिवारी की आने वाली फिल्म में रणबीर कपूर श्रीराम के रूप में दिखाई देंगे, जबकि अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म में सीता की भूमिका निभाने की अफवाह है। आदिपुरुष के निर्देशक ओम राउत ने नितेश तिवारी की रामायण पर आधारित फिल्म की सफलता की कामना की है।

### अपने मुश्किल फैसलों के बारे में खुलकर बोली काजोल



**बॉलीवुड** की मशहूर अभिनेत्री काजोल जल्द ही अपनी आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज 'द ट्रायल - प्यार, कानून, धोखा' में एक वकील, नयोनिका सेनगुप्ता की भूमिका में नजर आएंगी। काजोल ने अपने अब तक के करियर से जुड़े मुश्किल पलों के बारे में खुलकर बात की। अपने जीवन के सबसे कठिन समय के बारे में बताते हुए, काजोल ने कहा कि वास्तव में, मेरे जीवन में बहुत सारे ऐसे पल आए जहां मुझे कठिन निर्णय लेने पर मजबूर होना पड़ा। मैंने अपने करियर के पीक समय में शादी का निर्णय लिया।

### नीलकमल-नम्रता का गाना 'दुपट्टा में' ने मचाया धमाल



**सुपरहिट** गाना 'चढ़ल जवानी रसगुल्ला' की शानदार सफलता के बाद नीलकमल और नम्रता मल्ला स्टारर नया गाना 'दुपट्टा में' ने धमाल मचा दिया है। इस गाने को महज के 1 दिन में 3 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देख लिया और यह तेजी से वायरल हो रहा है। गाने में नीलकमल सिंह, नम्रता मल्ला और शिल्पीराज की तिकड़ी ने एक बार फिर कमाल कर दिया है। जहां नीलकमल सिंह और शिल्पीराज ने मिलकर शानदार प्लेबैक सिंगिंग की है, वहीं गाने के म्यूजिक वीडियो में नीलकमल सिंह ने पावर पैक परफॉर्मर नम्रता मल्ला के साथ मिलकर धमाल मचाया है, जिसे भोजपुरी म्यूजिक लवर्स और उनके फैंस ने हाथों हाथ लिया है। यह गाना तेजी से नए रिकॉर्ड की तरफ बढ़ता जा रहा है। म्यूजिक लेबल के टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल टी-सीरीज हमार भोजपुरी पर गाना 'दुपट्टा में' इस वीकेंड रविवार को रिलीज हुआ था, जो एक कमर्शियल और एंटरटेनिंग म्यूजिक बेस्ड गाना है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'ओजस' सम्मान समारोह आयोजित

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छत्रों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में छात्रों को सम्मानित करने के लिए 'ओजस अवार्ड' समारोह आयोजित किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए ट्राफियां, ब्लेजर्स, बैज और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने हैट-ट्रिक की अर्थात लगातार तीन साल तक शानदार प्रदर्शन किया उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वे विद्यार्थी जिन्होंने क्वाड्रा अर्थात लगातार चार साल तक, 'पेंटा' अर्थात लगातार पांच साल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उन्हें विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया तथा 100: उपस्थिति के लिए रेग्युलरिटी अवार्ड दिया गया। दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा-2023 के स्कूल टॉपर तथा सिटी टॉपर को उनकी कड़ी मेहनत और लगन के लिए सम्मानित किया गया। जेईई एडवांस 2023 और नीट 2023 में अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी इस आयोजन में सम्मानित किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने विजेताओं की प्रशंसा की और उनके उन्नत भविष्य की कामना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उन्हें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने और भविष्य में भी और अधिक पुरस्कार जीतने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बाकि विद्यार्थियों को निरंतरता, और दृढ़ता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया और लगातार प्रेरणा देने के लिए विजेताओं के माता-पिता का आभार व्यक्त किया।

## झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर जमकर निशाना साधा

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रघुवर दास का विकास तीर्थ भ्रमण हो रहा है। ये विकास तीर्थ भ्रमण शब्दों का एक ऐसा जाल है, जिसमें विनाश की पटकथा बहुत आसानी से लिखा जा रहा है। कई संस्थानों को कब्जे में करकर जो लोगों के मुद्दे है, उससे लोगों को भटकाया जा रहा है। भट्टाचार्य सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वर्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को राज्य के लोगों ने सिर्फ नाकारा नहीं है, उनकी विधायकी ही छीन ली है। आज भी वह स्वप्न लोक में जीते है और खुद को आज भी मुख्यमंत्री-मुख्यमंत्री भाव दिखाते है। अपने शासन काल में जिन विफलताओं के साथ लोगों ने आगे बढ़ने का काम किया। वह जो सफल क्रियान्वयन है।

## राज्यपाल पहुंचे सरायकेला-खरसावां जिले के संपोषित बालिका+2 विद्यालय, कहा

# अपना कार्य करते रहें फल की चिंता न करें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिला के कुमार विजय प्रताप सिंहदेव राज्य संपोषित बालिका+2 उच्च विद्यालय पहुंचकर वहां के शिक्षकों एवं छात्राओं से संवाद किया। वहां उन्होंने विद्यालय के लिए भूमि दान देने के लिए कुमार विजय प्रताप सिंहदेव के परिवार के प्रति कृतज्ञता अर्पित की। राज्यपाल महोदय ने विद्यालय के आईसीटी लैब, लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की सराहना की। वहां की एक छात्रा ने संवाद के क्रम में राज्यपाल महोदय से सांसद एवं राज्यपाल के रूप में अपने अनुभव को साझा करने के लिए अनुरोध किया। राज्यपाल ने बताया कि सांसद के रूप में किस प्रकार उन्होंने अपने क्षेत्र में जनता के लिए सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, रोजगार इत्यादि सुलभ कराने कि दिशा में कार्य किया और कोयंबटूर से 6 अतिरिक्त ट्रेन का परिचालन कराने की दिशा में अपनी भूमिका निभाई। राज्यपाल के रूप में वे अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारत्मक बदलाव देखना चाहते हैं। इसलिए वे सुदूरवर्ती गांवों में जाकर ग्रामीणों से संवाद करते हैं व उनकी समस्याओं से अवगत होते हैं। संवाद के क्रम में ही एक अन्य छात्रा के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि अपना कार्य बिना फल की चिंता करते हुए करें। प्रत्येक कार्य के लिए समय का निर्धारण करें। राज्यपाल महोदय ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि उनके प्रेरणास्त्रोत माननीय नरेंद्र मोदी हैं। वे देश के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं, जिसके कारण भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है।

## केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा विश्व सिकल सेल कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा

# एनीमिय से सरकार निपटने को तैयार





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्रीय मंत्री ने सिकल सेल रोग के उन्मूलन के मिशन में आम जनता की भागीदारी का आह्वान किया। शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञ, हितधारक और गैर सरकारी संगठन ने कार्यशाला में भाग लिया और अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किये। सोमवार को विश्व सिकल सेल दिवस मनाते हुए, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान में सिकल सेल एनीमिया रोग पर एक संवेदीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता की। सिकल सेल रोग (एससीडी), एक आनुवंशिक स्थिति, भारत में जनजातीय आबादी के बीच व्यापक है, जहां यह अनुमान लगाया गया है कि एसटी के बीच 86 जन्मों में से लगभग 1 में एससीडी होता है। रोग लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन (शरीर में ऑक्सीजन ले जाने के लिए जिम्मेदार) को प्रभावित करता है, जिसके परिणामस्वरूप रुग्णता और मृत्यु दर अलग-अलग तरीकों से हो सकती है। इसलिए, एससीडी का शीघ्र पता लगाने, प्रबंधन और उपचार प्रभावित व्यक्तियों को एक लंबा और पूरा जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्र की सामान्य स्वास्थ्य स्थितियों के लिए रोग का उन्मूलन अत्यंत महत्वपूर्ण है। शुरूआती पहचान और नए उपचार सहित सिकल सेल स्थिति के प्रबंधन में हाल के विकास पर चर्चा करने के लिए, कार्यशाला ने पूरे भारत से इस स्थिति पर विशेषज्ञों के एक समूह को एक साथ लाया गया। इस दिन के महत्व को ध्यान में रखते हुए, मंत्री ने अपील करते हुए कहा की, प्रधान मंत्री के दूरदर्शी मार्गदर्शन के तहत, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा सिकल सेल उन्मूलन मिशन मोड में लिया गया है; हालांकि हम सभी को व्यक्तिगत स्तर पर काम करके लोगों को बीमारी के बारे में शिक्षित करने के लिए विशेष रूप से जमीनी स्तर पर इस मुद्दे को हल करने के लिए एक सहयोगी प्रयास करने की आवश्यकता है। मैं सभी चिकित्सा विशेषज्ञों, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, स्वास्थ्य संगठनों, स्वास्थ्य विभागों से अपील करता हूं कि वे आदिवासियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रोत्साहन दें और यह सुनिश्चित करें कि इस बीमारी से प्रभावित लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाए ताकि जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव हो । इसके अलावा, उन्होंने राज्य सरकारों से उचित बुनियादी ढांचा और सुविधाएं सुनिश्चित करके इस लक्ष्य में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि व्यक्ति विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे इस बीमारी से मुक्त हों और यह आने वाली पीढ़ी को प्रभावित न करे।

## आदिवासी समाज ने कॉमन सिविल कोड का किया विरोध

**रांची।** आदिवासी समाज के लोगों ने कॉमन सिविल कोड का विरोध किया है। इसको लेकर सोमवार को पुराना विधानसभा हॉल में आदिवासी समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें आदिवासी समाज के पूर्वमंत्री, पूर्व कानून मंत्री, विधायक, पूर्व आईएएस, राज्य प्रशासनिक सेवा के कर्मी, बैंक के पूर्व अधिकारी, शिक्षाविद् सहित अन्य आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा आने वाले दिनों में लागू किए जाने वाली कॉमन सिविल कोड का विरोध किया गया। बताया गया कि 14 जून 2023 को भारतीय लॉ कमीशन ने देश में समान नागरिक संहिता के संबंध में एक पब्लिक नोटिस जारी किया है।

# कांग्रेस अल्पंख्यकों के साथ मजबूत संबंध रखना चाहती है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में अल्पंख्यक समुदाय एक जुट हो रही है। सोमवार को मंजूर अंसारी का देवघर परिसदन पहुंचने पर देवघर जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश और 15 सूत्री सदस्य देवघर जिला सह युवा कांग्रेस नेता आफताब आलम, जियाउल हसन, बेलाल अंसारी, शकील अंसारी सहित सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस नेता आफताब आलम ने कहा कि झारखंड कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जनाब मंजूर अंसारी साहब नेतृत्व पार्टी को मजबूत होना तय है, मंजूर अंसारी साहब के नेतृत्व में पार्टी विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के साथ और भी मजबूत संबंध स्थापित कर रही है, और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहे हैं अल्पसंख्यकों के समर्थन को बढ़ाने के लिए, जनाब मंजूर साहब द्वारा किए जा रहे ये कार्य अति सराहनीय है। अल्पसंख्यक समुदायों की समस्याओं को समझना और उनके लिए उपयुक्त नीतियों और कार्यक्रमों की योजना बनाना।

# झारखंड के 30 सेंटर में मुंडारी भाषा व ढोल-नगाड़ा सीख रहे युवा



नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड में पिठौरिया स्थित डहुटोली समेत 30 सेंटर में मुंडा बुद्धिजीवियों द्वारा युवकों को मुंडारी भाषा के साथ ही पारंपरिक ढोल-नगाड़ा बजाना सिखाया जा रहा है। सप्ताह में एक दिन पारंपरिक नाचगान, वाद्ययंत्र बजाने की भी ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें विभिन्न स्कूल- कॉलेज के सैकड़ों शिक्षक और छात्र- छात्राएं शामिल हो रहे हैं। मुंडारी भाषा के शिक्षक रतन नाग ने बताया कि पिछले दो साल से खूंटी,रांची, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में जनजातीय भाषा में पढ़ना- लिखना सिखाया जा रहा है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में टाटा फाउंडेशन के रुम्बुल द्वारा यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बताया कि मुंडारी एक प्राचीन भाषा है। राज्य में सबसे ज्यादा यह भाषा बोली जाती है। लेकिन आज की युवा पीढ़ी अपनी मूलभाषा को भूल रही है। पारंपरिक चीज को छोड़कर नयी चीजों को अपना रहे हैं। लेकिन पढ़ लिखकर अपनी भाषा, अपनी संस्कृति और अपनी पहचान को नहीं भूलना चाहिए। इस कार्य में वीर सिंह मुंडा। भोले नाथ मुंडा, जुरा होरो, राय सिंह मुंडा, तेजराम मुंडा, भुखल मुंडा, प्रकाश मुंडा, रविद्र मुंडा भी शामिल हैं।

# नेशनल शूटर तारा शाहदेव के मामले में एयरटेल के अधिकारी ने दी गवाही



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले के मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से बनाए गए गवाह एयरटेल के अधिकारी ने सोमवार को गवाही दी। कोहली की ओर से एक टेलीफोन नंबर दिया गया था, जिसके बारे में सूचना मांगी गई थी। एयरटेल अधिकारी ने गवाही में बताया कि तारा शाहदेव प्रताड़ना के जिस घटना का जिक्र किया जा रहा है, उस दौरान यह टेलीफोन नंबर रंजीत सिंह कोहली के नाम पर था। एयरटेल के अधिकारी की ओर से इससे संबंधित दस्तावेज भी कोर्ट में प्रस्तुत किए गए। मामले में अगली गवाही 23 जून को होगी। इससे पूर्व रंजीत कोहली की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गवाह बनाया गया था। पिछली सुनवाई में मुख्यमंत्री के अधिकृत व्यक्ति मुस्ताक आलम ने गवाही दी थी। मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाई कोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे है। रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद ही मारपीट एवं उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थी। सीबीआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर 2015 में केस टेक ओवर किया था। लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने प्रताड़ित किया जाने लगा।

## भाकपा ने सभी विपक्षी पार्टियों से एकजुट होने की अपील की

**रांची।** भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा कि देश में संप्रदायिक दंगे को भड़का कर देश में विभाजन कर राजनीति रोटी सेकने वाले केन्द्र को देश की जनता उखाड़ फेंकेगी । क्योंकि देश में महंगाई, बेकारी,लाचारी और तबाही से जीने के लिए सरकार ने मजबूर कर दिया है। राजा सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के तमाम विपक्षी पार्टियों को ईडी और सीबीआई के एजेंसियों से डराया जा रहा है । देश में महिला पहलवानों के साथ जो हरकत हुआ पूरे दुनिया देखा। संसद के उद्घाटन में जिस तरह से राष्ट्रपति को दरकिनार कर संसद का उद्घाटन किया गया। पूरे दुनिया ने देखा देश में तानाशाह की तरह मोदी की सरकार काम कर रही है।

## छवि रंजन की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच में सोमवार को बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य जमीनों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता छवि रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है, इसलिए ईडी द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया जाना गलत है। उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाए। मामले को लेकर बरियातू थाना में कांड संख्या 14/ 2022 दर्ज किया गया है। ईडी ने भी इस मामले में ईसीआईआर 1/ 2023 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

## आस्था | भगवान जगन्नाथ प्रभु का नेत्र उत्सव मनाया गया

# 251 किलो बुंदिया का आज लगेगा भोग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी सहायक समिति के द्वारा रथयात्रा के अवसर पर जगन्नाथपुर रथ मेला में सेवा प्रदान किया गया। सोमवार को सुप्रसिद्ध जगन्नाथपुरी मंदिर में पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान जगन्नाथ का नेत्रदान उत्सव मनाया गया। नेत्र दान उत्सव में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु का भव्य पुष्प का श्रृंगार किया गया। तथा समिति द्वारा मेवा खीर का महाप्रसाद भोग लगाया गया। महाप्रसाद का वितरण भक्तों को बीच किया गया। 16 दिनों के अज्ञातवास में रहने के बाद आज भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ भक्तों को दर्शन दी। शाम को प्रभु का नेत्रदान के कार्यक्रम के बाद प्रभु को स्नान मंडप में लाया गया तथा स्तुति और 108 मंगल आरती की गई एवं महा भोग लगाया गया। स्नान मंडप में प्रभु दर्शन देने के बाद भगवान यही रात्रि विश्राम करेंगे और कल रथ यात्रा के दिन मौसी बाड़ी जाएंगे। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया जगन्नाथपुर रथ मेला के संयोजक संजय सर्राफ एवं मनीष लोधा ने कहा है कि समिति द्वारा 20 जून को रथ यात्रा के दिन संपूर्ण मंदिर परिसर में फूलों का अलौकिक श्रृंगार, रथ का भव्य श्रृंगार, साउंड एंव लाइट की व्यवस्था की जाएगी तथा विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ का आयोजन एवं 251 किलो बुंदिया का भोग लगाया जाएगा एंव प्रसाद का वितरण किया जाएगा।साथ ही आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए शिविर में चना एवं पानी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों से समस्त कार्यक्रमों मे भाग लेने तथा सेवा शिविर में आकर अपना योगदान देने का अनुरोध किया है। आज के कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया, रथ यात्रा मेला संयोजक संजय सर्राफ,मनीष लोधा, मनोज रूईया के अलावा अन्य सदस्यों ने अपना भरपूर योगदान दिया।

## पृष्ठ एक के शेष

**भीषण गर्मी से बढ़ रही उल्टी...**
ओपीडी में दवा लेकर घर चले जा रहे हैं। वहीं जिले के निजी अस्पतालों में भी डायरिया के मरीज पहुंच रहे हैं।अस्पताल के चिकित्सक गंभीर मरीजों को भी भर्ती कर रहे हैं। यदि इसी तरह से मौसम का प्रकोप रहा तो डायरिया के मरीजों में दो गुना का इजाफा होगा।गर्मी में स्पेशल केयर की जरूरत लगभग सभी लोगो को होती है, मगर गर्मी से बचने के लिए बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है। हालांकि, गर्मी से बचाने के लिए बच्चों की देखभाल तो लगभग सभी करते हैं, लेकिन कई बार हम अनजाने में बुजुर्गों की सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। रोजमर्रा की कुछ छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर बुजुर्गों को गर्मी के कहर से दूर रखा जा सकता है।गर्मी के मौसम में बुजुर्ग बड़ी आसानी से तेज धूप और लू का शिकार हो रहे हैं, जिसके कारण उनको दस्त, उल्टी, गैस और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो रही हैं। ऐसे में बुजुर्गों की डाइट से लेकर दिनचर्या तक में कुछ आम बदलाव करके उन्हें गर्मी और लू से बचाया जा सकता हैं।

**24आईपीएस व एक आईएफएस अधिकारियों की...**
किया गया है। तीसरे बैच से दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार-1, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेश नैथानी, अजय कुमार-1, आरिफ एकराम, विमल कुमार, अविनाश कुमार के नाम पर चर्चा हुई। तृतीय बैच के अधिकारियों को 2018, 2019 व 2020 की रिक्तियों में समायोजित किया जाएगा। वरीयता के आधार पर अधिकारियों की प्रोन्नति पर बैठक हुई। लेकिन द्वितीय बैच के तीन आधिकारियों राधा प्रेम किशोर, शिवेंद्र व मुकेश महतो के नाम पर विचार नहीं किया गया। सीबीआई जांच के दायरे में होने के कारण इन अधिकारियों की प्रोन्नति पर विचार नहीं किया गया। वहीं धनबाद में फायरिंग केस में आरोपी व चार्जशीटेट होने के कारण वरीयता क्रम में ऊपर होने के बावजूद मजरूल होदा के नाम पर विचार नहीं किया गया।

**कूप योजना में धरातल में...**
ताकि जल संरक्षण को बल मिल सके एवं वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति लोगों में जागरूकता का संचार हो सके।

**सभी जिलों में होगा कुआं का निर्माण :** प्रथम चरण में अबतक 16936 कुआं की स्वीकृति मिल चुकी है, 3822 कुआं का निर्माण कार्य जारी है। सबसे अधिक गिरिडीह में 8386, रांची में 7314, पलामू के 6460, हजारीबाग में 5973, पश्चिमी सिंहभूम में 5212, दुमका में 5022, बोकारो के 4876, देवघर में 4729, गोड्डा में 4608, पूर्वी सिंहभूम में 4291, साहेबगंज में 3949, गुमला में 3876, धनबाद में 3901, चतरा में 3706, पाकुड़ में 3120, जामताड़ा में 2877, लातेहार में 2804, कोडरमा में 2560, रामगढ़ में 2438, सिमडेगा में 2292 और लोहरदगा में 1606 कुआं निर्माण लक्ष्य 15 नवंबर 2024 तक रखा गया है।

**घाघरा में वज्रपात से तीन की मौत...**
की तीसरी घटना बेलागडा नवाटोली नहर डिपा के समीप में हुई, जिसमें किसान चंद्रिका उरांव की दो भैंस की मौत हो गयी। मालूम हो कि मृतक दीपक साहू अपने नानी के घर कुहीपाठ जामटोली में पढ़ाई के लिए आया था जो राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुही पाठ में प्रथम वर्ग का छात्र था, जबकि सविता कुमारी वर्ग 7 एवं सीमा कुमारी वर्ग 6 की छात्रा थी।

# इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब : फुटबॉल टीम को मिलेगा एक करोड़




**एजेंसी। भुवनेश्वर**
ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब जीतने के लिए भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को एक करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। भारत ने कप्तान सुनील छेत्री के 87वें अंतरराष्ट्रीय गोल के अलावा लालियानजुआला छांगटे के गोल की मदद से रविवार रात कलिंग स्टेडियम में फाइनल में लेबनान को 2-0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता। पटनायक ने समापन समारोह के दौरान कहा, प्रतिष्ठित इंटरकॉन्टिनेंटल कप की मेजबानी करना हमारे राज्य के लिए बेहद गौरव की बात है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जीत के लिए भारत को बधाई। हमारा इरादा ओडिशा में और अधिक फुटबॉल प्रतियोगिताओं की मेजबानी का है जिससे कि ओडिशा और भारत में खेल की प्रगति में मदद कर सकें। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद दिया।

चौबे ने कहा, हम इंटरकॉन्टिनेंटल कप के लिए इससे बेहतर स्थल और अंत की उम्मीद नहीं कर सकते थे। मैं टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों को सभी तरह का समर्थन और आतिथ्य प्रदान करने तथा एक शानदार टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद देता हूं।

# ऑस्ट्रेलिया ने फीफा महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की



**एजेंसी। कैनबेरा**
ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने सोमवार को फीफा महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की। गुस्तावसन ने 29-खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की जिसमें से 23 को टीम में रखा जाएगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस साबित करने का पूरा मौका दिया जाएगा। स्टार खिलाड़ी सैम केर, स्टीफ कैटली, ऐली कारपेंटर और केटलिन फोर्ड टीम में हैं। गुस्तावसन ने कहा, 2021 में हमारे पहले प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन हमने कहा था कि फीफा महिला विश्व कप के लिए 23 खिलाड़ी होंगी। मैं हर कदम पर उनकी प्रतिबद्धता से प्रभावित हुआ हूं, और अब हमारे पास अपनी योजना को ठीक करने और मजबूत करने का एक मौका है। ऑस्ट्रेलियन टीम (मटिलदास) 20 जुलाई को सिडनी में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी, 27 जुलाई को ब्रिसबेन में नाइजीरिया और 31 जुलाई को मेलबर्न में कनाडा से सामना होगा। आठ समूहों में से प्रत्येक से केवल शीर्ष दो टीमें ही राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी। यह पहली बार है कि महिला फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट 32 टीमों का होगा। पिछले साल एशियाई कप जीतने वाले चीन को टूर्नामेंट के लिए ग्रुप डी में इंग्लैंड, डेनमार्क और हैती के साथ रखा गया है। घरेलू सरजमीं पर ऐतिहासिक टूर्नामेंट से पहले ऑस्ट्रेलिया 14 जुलाई को अभ्यास मैच में पांचवें स्थान पर काबिज फ्रांस से भिड़ेगा।

# एंडी मरे ने आर्थर काजाक्स को 6-4, 6-4 से हराया




**एजेंसी। नॉटिघम (यूके)**
पूर्व विश्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने यहां नॉटिंघम ओपन में फ्रांस के आर्थर काजाक्स को 6-4, 6-4 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। मरे ने रविवार को चैलेंजर 125 इवेंट में एक घंटे, 46 मिनट में जीत हासिल की। मरे के लिए यह लगातार दूसरा चैलेंजर खिताब था। उन्होंने एक हफ्ते पहले सर्बिटन ट्रॉफी भी जीती थी। अपनी जीत के साथ मरे, मैक्स परसेल और माटेयो अर्नाल्डी के साथ 2023 में इस स्तर पर तीन खिताब वाले एकमात्र खिलाड़ी बन गए। मरे ने मैच में एक भी सेट नहीं खोया। 36 वर्षीय ने 2013 और 2016 में विंबलडन सहित आठ टूर-स्तरीय खिताब जीते थे।

वह अब अपनी 10 मैचों की जीत की लय को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे जब वह अगले हफ्ते सिंच चैंपियनशिप में एटीपी टूर एक्शन में वापसी करेंगे।

मरे क्वीन्स क्लब में रिकॉर्ड पांच बार के चैंपियन हैं, और वह अपने नॉटिंघम जीत के चलते एटीपी लाइव रैंकिंग में छह स्थान ऊपर उठकर 38वें स्थान पर पहुंचकर लंदन जाएंगे।

# 13वीं झारखंड स्टेट सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप 23 से



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमशेदपुर के जेआरडी खेल परिसर में 23 जून को 13वीं झारखंड स्टेट सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजित किया जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए रांची की 25 सदस्यीय टीम का गठन कर लिया गया है। रांची जिला तैराकी संघ के उपेंद्र तिवारी के अनुसार टीम में 14 लड़के और 9 लड़कियों को शामिल किया गया है। शिविर में रांची के 125 तैराकों ने विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया। इसके बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तैराकों का चयन तय हुआ।

**खिलाड़ियों-टीम सदस्यों का चयन**

आरती कच्छप -100 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, - आरती कुमारी- 50 मी. फ्री स्टाइल, गायत्री कुमारी- 200 मी. फ्री स्टाइल,. 50मी. 100 मी, 200 मी. बैकस्ट्रोक, प्रिया उरांव -महिला 50 और 100 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, 400 मी. फ्री स्टाइल, कुमारी रिष्टी राज- 200 मी., 400 मी. फ्री स्टाइल, प्रथमी सिंह सरदार- 50 मी फ्री स्टाइल, श्वेता लकड़ा - 50 मी. और 100 मी. बैकस्ट्रोक, अंशु कुजूर- 100 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, मोनिका कुमारी- 100 मी. बटरफ्लाई, अभिषेक कुमार महतो -50 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. और 100 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक, 450 मी. फ्री रिले, 450 मी. मिडले रिले, अनुप मुंडा- 50 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. बैक स्ट्रोक, 450 मी. फ्री रिले, 4 ७ 50 मी. मिडले रिले, अपूर्व कुमार तिवारी- पुरुष 400 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. और 100 मी. बटर फ्लाई, आयुश पल्लव तिवारी-100 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. और 100 मी. बैक स्ट्रोक, 450 मी. मिडले रिले, दीपक कुमार महतो-200 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, हेमंत कुमार महतो- 50 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, 450 मी. फ्री रिले (सुरक्षित)

# एशेज 2023 : पोंटिंग को लगता है कि दूसरी पारी में वार्नर अच्छा खेलेंगे



**एजेंसी। बरमिंघम**
ऑस्ट्रेलिया टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए डेविड वार्नर पर बढ़ते दबाव के बीच, पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे एशेज 2023 के पहले टेस्ट की दूसरी पारी में इस स्टार सलामी बल्लेबाज को बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना जताई है। वार्नर को पहले टेस्ट की पहली पारी में स्टुअर्ट ब्रॉड ने महज नौ रन पर आउट कर दिया था। इस तरह वार्नर 15 बार स्टुअर्ट ब्रॉड का शिकार बने हैं। अब इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज पर दूसरी पारी में रन बनाने का दबाव बढ़ेगा। लेकिन पोंटिंग का कहना है कि एजबेस्टन की पहली पारी और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ पारी को देखने से लगता है कि वार्नर फॉर्म में आने वाले हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने आईसीसी रिव्यू के नवीनतम एपिसोड में कहा, मुझे लगा कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल की पहली पारी में वास्तव में अच्छा दिख रहे थे; उन्होंने वहां जो 40 रन बनाए, वह वास्तव में अच्छा था। और भले ही उन्होंने यहां पहली पारी में नौ रन बनाए, लेकिन जिस तरह से पारी की शुरूआत की, मैंने दो साल के टेस्ट क्रिकेट में सबसे अच्छी शुरूआत देखी है। मुझे लगता है कि वह पहली पारी में उतना स्वतंत्र रूप से स्कोर नहीं कर पा रहे थे जितना वह चाहते थे। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि दूसरी पारी उनके लिए महत्वपूर्ण है - न केवल उनके करियर के लिए, बल्कि जहां तक इस खेल और इस श्रृंखला की बात है तो यह एक बड़ी पारी होने वाली है। अगर वह उसी तरह शुरूआत करते हैं जैसे उन्होंने पहली पारी में की थी तो मुझे लगता है कि वह कुछ रन बनाएंगे। अपनी पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को 386 रन पर आउट करने के बाद, इंग्लैंड तीसरे दिन तक 28/2 पर था।

# भवानी ने जीता तलवारबाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**एजेंसी। नई दिल्ली**
ओलंपियन सीए भवानी देवी ने सोमवार को चीन के वुक्सी में एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप की महिला सेबर स्पर्धा के सेमीफाइनल में हार के बावजूद कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। यह इस प्रतियोगिता में भारत का पहला पदक है। सेमीफाइनल में भवानी को उज्बेकिस्तान की जेनाब डेयिबेकोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 14-15 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया। भवानी ने क्वार्टर फाइनल में गत विश्व चैंपियन जापान की मिसाकी एमुरा को 15-10 से हराकर उलटफेर किया था। मिसाकी के खिलाफ यह भवानी की पहली जीत थी। इससे पहले उन्होंने जापान की खिलाड़ी के खिलाफ अपने सभी मुकाबले गंवाए थे। भवानी को राउंड ऑफ 64 में बाई मिली थी जिसके बाद अगले दौर में उन्होंने कजाखस्तान की डोस्पे करीना को



हराया। भारतीय खिलाड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में भी उलटफेर करते हुए तीसरी वरीय ओजाकी सेरी को 15-11 से हराया। भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता ने भवानी को उनकी एतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है। मेहता ने कहा, यह भारतीय तलवारबाजी के लिए बेहद गौरवपूर्ण दिन है। भवानी ने वह किया है जिसे इससे पहले कोई और हासिल नहीं कर पाया। वह प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज हैं।

# मकाऊ रवाना हुई भारत की 'लीग ऑफ लेजेंड्स' टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**
इस साल 19वें एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली भारतीय 'लीग ऑफ लीजेंड्स' टीम श्रीलंका, कजाकिस्तान और किर्गिस्तान के साथ मुकाबला करने के लिए मकाऊ के लिए रवाना हो गई है। ईस्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कप्तान अक्षज शेनॉय समर्थ अरविंद त्रिवेदी, मिहिर रंजन, आदित्य सेल्वराज, आकाश शांडिल्य और सानिध्य मलिक की भारतीय टीम 21 जून को श्रीलंका और 22 जून को कजाकिस्तान से भिड़ेंगी। ई-स्पोर्ट्स इस साल एशियाई खेलों में एक आधिकारिक पदक कार्यक्रम के रूप में अपनी पूर्ण शुरूआत करने जा रहा है, जहां भारत चार खिताबों - लीग ऑफ लीजेंड्स, फीफा ऑनलाइन 4, स्ट्रीट फाइटर वी : चैंपियन एडिशन और डोटा 2 में भाग लेगा। पांच



सदस्यीय भारतीय टीम ने नेशनल एस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (एनईएससी) के माध्यम से एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया है, जो कि ई-स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) द्वारा आयोजित किया गया था। देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए टीम कितनी अच्छी तरह से तैयार है और ईएसएफआई ने उनकी यात्रा में कैसे सहयोग किया, इस पर अपने विचार साझा करते हुए, इंडियन लीग ऑफ लीजेंड्स टीम के कप्तान अक्षज शेनॉय ने कहा, 2 दिनों में शुरू होने वाले मध्य और दक्षिण एशिया क्षेत्र के आयोजन के साथ, हमारी टीम टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए बहुत आश्वस्त महसूस करती है। हमारे कुछ खिलाड़ी परीक्षा और समय सीमा नजदीक आने के कारण अपनी भागीदारी की पुष्टि करने में असमर्थ थे, और यह ईएसएफआई था जिसने हमें मदद की जिसका मतलब था कि टीम के सभी मुख्य सदस्य भाग ले सकते थे।

**टूर्नामेंट** | **सीनियर महिला फुटबॉल नेशनल 2023**

# मणिपुर ने बंगाल को 3-2 से हराया

**एजेंसी। अमृतसर**
मौजूदा चैंपियन मणिपुर, रेलवे और हरियाणा ने रविवार को यहां विभिन्न मैदानों पर सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप 2022-23 के फाइनल राउंड में अपने-अपने प्रारंभिक लीग मैच जीत लिए। मणिपुर, जिसने एनएफसी को जीतने के लिए फाइनल में ओडिशा को हराया था, जब यह आखिरी बार 2018-19 में आयोजित किया गया था, तो यहां जीएनडीयू मेन ग्राउंड में ग्रुप बी गेम में मजबूत दावेदार बंगाल को 3-2 से हराया। मणिपुर के लिए कप्तान न्गंगोम बाला देवी ने 17वें मिनट में ओपनिंग की और सटरे लिंडा कॉम ने 40वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। इससे पहले कि दोनों पक्ष ब्रेक की ओर बढ़े, मौसमी मुर्मू ने बंगाल के लिए एक वापसी की क्योंकि हाफटाइम तक स्कोरलाइन 2-1 थी।

लिंडा कॉम ने घंटे के निशान से पहले मणिपुर के स्कोर में एक और गोल किया, क्योंकि मणिपुर अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ पूरे तीन अंक लेने के लिए तैयार दिख रहा था। हालांकि, उन्हें देर से डर का सामना करना पड़ा, क्योंकि बंगाल की कप्तान संगीता बसफोर ने इसे 3-2 कर दिया। लेकिन मौजूदा




चैंपियन ने टूनार्मेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल करने के लिए अंतिम सीटी तक इसे रोके रखा। सटरे लिंडा कॉम को हमले में उनके जीवंत प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

## रेलवे ने हिमाचल को रौंदा

भारतीय रेलवे ने हिमाचल प्रदेश पर 7-1 की भारी जीत दर्ज करके अपने पहले मैच की हार से वापसी की। हाफटाइम तक स्कोरलाइन 1-1 पढ़ने के बाद रेलवे ने दूसरे सत्र में छह बार बाजी मारी और इसे पूरी तरह से एकतरफा बना दिया।

यह सब भारतीय रेलवे के लिए ममता के 38वें मिनट के ओपनर के साथ शुरू हुआ। हमलावर ने एकल प्रयास किया और गोलकीपर मनीषा को ढेर करने से पहले और शानदार गोल के लिए नेट के पिछले हिस्से को हिट करने से पहले हिमाचल बैकलाइन से ड्रिबल किया। हालांकि हिमाचल ने दो मिनट बाद ही मनीषा के माध्यम से बराबरी कर ली। दोनों पक्षों ने स्कोर पर ब्रेक स्तर की ओर अग्रसर किया, लेकिन लक्ष्य पर प्रयासों के मामले में भारतीय रेलवे ने गेंद पर कब्जा जमाया। ब्रेक के बाद कप्तान युमनाम कमला देवी ने 47वें मिनट में बॉक्स के किनारे से शानदार स्ट्राइक से गोल किया। उसके बाद भारतीय रेलवे ने कोई रोक नहीं लगाई। ममता ने 50वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा जबकि कमला देवी ने भी 62वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-1 कर दिया। इसके अतिरिक्त, अंजू तमांग, जो पूरे खेल में हमले में लाइववायर थीं, ने भी 67वें मिनट में स्कोरशीट पर कब्जा कर लिया। 72वें और 73वें मिनट में दीपर्निता डे और जाबामणि टुडू के दो गोल का मतलब भारतीय रेलवे ने 7-1 से बड़ी जीत दर्ज की। टीम ने हिमाचल प्रदेश के दो के विपरीत पूरे खेल में लक्ष्य पर 20 शॉट दर्ज किए। युमनाम कमला देवी को उनकी टीम की शानदार जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हरियाणा ने फिर तीन अंक हासिल किए हरियाणा ने लगातार दूसरी जीत के साथ अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उत्तर भारतीय राज्य ने रेणु रानी के ब्रेस की बदौलत महाराष्ट्र को 4-0 से हरा दिया। प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं रानी ने हर हाफ में एक बार नेट करके हरियाणा को 2-0 की बढ़त दिला दी।